


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




11 मुंबई हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखायेंगे तेंदुलकर, भाग लेंगे ...

2 साल में 2 लाख युवाओं को नौकरी देगी सरकार, सीएम योगी का बड़ा ... 12


वर्ष : 12 | अंक : 133 | पटना, शनिवार, 24 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 91,700 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

# यूक्रेन संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भूमिका निभाने को तैयार है भारत : मोदी

प्रात : किरण

कीव/नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युद्ध में फंसे यूक्रेन को भारत की ओर से हर संभव मानवीय सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा देते हुए राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन रूस के बीच युद्ध का समाधान बातचीत के जरिए निकाला जाना चाहिए।

श्री मोदी ने कहा कि भारत यूक्रेन युद्ध का बातचीत से समाधान करने के पक्ष में है और इसमें मित्र की भांति सक्रिय भूमिका निभाने के लिए हमेशा तत्पर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा राष्ट्रों की भौगोलिक अखंडता और संप्रभुता का सम्मान किये जाने के सिद्धांत में दृढ विश्वास रखता है। यूक्रेन की एक दिवसीय यात्रा पर आए श्री मोदी ने राष्ट्रपति जेलेंस्की से बातचीत में कहा कि उन्होंने मास्को की अपनी यात्रा में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी कहा था कि यह युद्ध का नहीं शांति का समय है।

मोदी ने कहा कि भारत शुरू से युद्ध से दूर रहा है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि भारत तटस्थ रहा है, भारत का पक्ष शांति का पक्ष है, भारत शांति के साथ खड़ा है। उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति से कहा एक मित्र



के नाते भारत और स्वयं वह शांति के प्रयास में हर संभव भूमिका निभाने के लिए सदैव तैयार हैं। प्रधानमंत्री ने अपनी कीव यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि पहली बार भारत का कोई प्रधानमंत्री यूक्रेन की धरती पर आया है। उन्होंने यूक्रेन में अपने स्वागत के लिए राष्ट्रपति जलेंस्की का आभार व्यक्त किया। श्री मोदी ने यूक्रेन रूस युद्ध शुरू होने के प्रारंभिक दिनों में यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्र-छात्राओं को निकालने में श्री जेलेंस्की की ओर दिखाए गए सहयोग के भाव के लिए उनका आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच शुक्रवार को कीव में व्यक्तिगत और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। दोनों देशों के बीच बातचीत का ज्यादातर हिस्सा द्विपक्षीय संबंधों पर केन्द्रित रहा।

**कृषि, चिकित्सा, संस्कृति और मानवीय सहायता से जुड़े चार समझौते हुए :** दोनों देशों के बीच कृषि, चिकित्सा, संस्कृति और मानवीय सहायता से जुड़े चार समझौते भी हुए। दोनों नेताओं की द्विपक्षीय वार्ता के बाद विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पत्रकार वार्ता की। उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं के बीच व्यापार, आर्थिक विषय, रक्षा, फार्मास्यूटिकल्स, कृषि और शिक्षा के बारे में चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि भारत यूक्रेन को मानवीय सहायता प्रदान कर रहा है। अब तक 17 खेप, जिसमें से ज्यादातर चिकित्सा सामग्री है, यूक्रेन भेजी गई हैं। भारत ने आज यूक्रेन को चिकित्सा सहायता से जुड़ा भीष्म क्यूब सौंपा।

# नेपाल में भारतीय पर्यटक बस के नदी में गिरने से 27 लोगों की मौत!

## बस में चालक और सह-चालक समेत 43 लोग थे सवार

प्रात : किरण

काठमांडू/एजेंसी। मध्य नेपाल में एक भारतीय पर्यटक बस के शुक्रवार को राजमार्ग से पलट कर 150 मीटर नीचे तेज बहाव वाली मार्सयांगडी नदी में गिर गई जिससे कम के कम 27 लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह बस उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से थी और पोखरा से काठमांडू की ओर जा रही थी, तभी यह तनहुन जिले के आइना पहारा में राजमार्ग से पलट गई। उन्होंने बताया कि बस में चालक और सह-चालक समेत 43 लोग सवार थे। खबर के मुताबिक, बस में सवार यात्री 104 भारतीय तीर्थयात्रियों के एक समूह का हिस्सा थे, जो दो दिन पहले हिमालयी देश की 10 दिवसीय यात्रा के लिए तीन बसों में सवार होकर महाराष्ट्र से नेपाल



पहुंचे थे। तीर्थयात्री जलगांव जिले के भुसल गांव से आए थे। पोखरा में दो दिन घूमने के बाद तीनों बस शुक्रवार सुबह राजधानी काठमांडू के लिए रवाना हुई। कुरिन्तार के सशस्त्र पुलिस बल के प्रमुख माधव प्रसाद पौडेल ने कहा कि तीनों बस में यात्रा करने वाले ज्यादातर यात्री परिवार के सदस्य और रिश्तेदार थे। भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पोखरा से काठमांडू जा रही एक भारतीय पर्यटक बस में लगभग 43 भारतीय सवार थे। यह बस आज मार्सयांगडी नदी में गिर गई। दूतावास राहत एवं बचाव कार्य में लगे स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है। एपीएफ के पुलिस उपाधीक्षक शैलेन्द्र थापा के अनुसार दुर्घटना स्थल से 27 शव बरामद कर लिए गए हैं जबकि 16 घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है। बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। माई रिपब्लिका की खबर के अनुसार, नेपाल की सेना का एमआई 17 हेलीकॉप्टर बचाव अभियान के लिए एक मेडिकल टीम के साथ तनहुन जिले के अन्बू खैरेनी में दुर्घटना स्थल के लिए रवाना हो गया है। इस बीच, उत्तर प्रदेश सरकार ने नेपाल में भारतीय यात्रियों को ले जा रही एक बस के नदी में गिर जाने के बाद घटना का संज्ञान लेते हुए राहत पहुंचाने के लिए एक उप जिलाधिकारी को नेपाल भेजा है और एक अपर जिलाधिकारी को समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी है। उत्तर प्रदेश के राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने यहां जारी एक बयान में कहा, मीडिया रिपोर्टों और विदेश मंत्रालय, नेपाल डिवीजन से पुष्ट खबर के अनुसार, आज पूर्वाह्न लगभग साढ़े 11 बजे दिन में पंजीकरण संख्या-यूपी 53 एफडी 7623 नंबर की एक बस, जिसमें महाराष्ट्र के लगभग 41 यात्री सवार थे, नेपाल के तनहुन जिले के आंबुखैरेनी क्षेत्र में मार्सयांगडी नदी में लगभग 150 मीटर नीचे गिर गई।

# बिहार का टैलेंट अद्भुत, भारत को दुनिया का सिरमौर बना देगा : शिवराज

## केन्द्रीय कृषि मंत्री ने पटना के कृषि भवन में किसानों के साथ किया संवाद

प्रात : किरण



पटना। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री सह केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बिहार की प्रतिभा दुनिया में अद्भूत है। बिहार भारत का सिरमौर है और भारत को दुनिया का सिरमौर बनायेगा। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने शुक्रवार को पटना के कृषि भवन में किसानों के साथ संवाद के दौरान उक्त बातें कही। मंत्री ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ है एवं किसान इसकी आत्मा है। किसानों की सेवा करना भगवान की पूजा करने के समान है। समृद्ध किसान के बिना विकसित खेती नहीं हो सकती है। बिहार का मखाना, कतरनी चावल, मगही पान, मक्का, चाय और चाह बहुत ही अद्भूत है। उन्होंने कहा कि बिहार के 90 प्रतिशत किसानों के पास छोटी-छोटी जोत है और इसी जोत पर यहाँ के किसान चमत्कार कर रहे हैं। कृषि क्षेत्र की अपार संभावनाओं को मूतर्रूप देने के उद्देश्य से बिहार में वर्ष 2008 से कृषि रोड मैप का सूत्रण एवं कार्यान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि रोड मैप के क्रियान्वयन से राज्य में खाद्यान्न फसलों तथा बागवानी फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता में आशातीत वृद्धि हुई है। मंत्री ने कहा कि बिहार का मखाना निर्यात करने योग्य है, इसलिए इसे निर्यात किया जा रहा है। इससे संबंधित कार्यालय का बिहार में स्थापना करने हेतु वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार से सम्पर्क कर स्थापना कराया जाएगा।

**केन्द्रीय मंत्री ने कृषि के क्षेत्र में छह सूत्र को किया साझा :** केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा कृषि के क्षेत्र में 06 सूत्र दिए गए दिए हैं, जो इस प्रकार है। अच्छे बीज का उत्पादन कर उत्पादकता को बढ़ावा दिया जाये इसमें भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान भी किसानों को मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही, में किसानों के खेतो में जाकर कम पानी में उपजाये जाने वाले धान के बीज, बाजरा के कम अवधि का बीज तथा जलवायु अनुकूल विभिन्न फसलों के बीजों को किसानों को समर्पित किया गया है। उत्पादन की लागत घटाना तथा किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से सस्ता लोन किसानों को उपलब्ध कराकर मुनाफा को बढ़ाना। किसानों को उत्पादन का उचित मूल्य प्राप्त हो। वर्तमान में 23 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। फसल विविधीकरणः बिहार में फसल विविधीकरण में अच्छा कार्य हो रहा है। बिहार में मक्का तथा मोटे पोषक अनाज का उत्पादन बढ़ा है। मक्का के उत्पादन बढ़ने से आज राज्य की इथेनॉल नीति को प्रोत्साहन मिला है। राज्य के कई जिलों में इथेनॉल इकाईयों की स्थापना से बॉयोफ्यूल को बढ़ावा मिल रहा है।

**खाद्य प्रसंस्करण की स्थापनाः** राज्य में कृषि आधारित प्रसंस्करण इकाईयों और भण्डारण की अपार सम्भावनाएँ है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देनाः रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशियों के उपयोग से हमारी मिट्टी की उर्वरा शक्ति में ह्रास हो रहा है। दिन-प्रतिदिन खेतों में केंचुआ एवं मित्र कीट की संख्या घटती जा रही है। इसलिए हमें आनेवाली पीढ़ी के लिए अच्छी उर्वरा मिट्टी उपलब्ध कराने के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना है।

**बिहार में गरीबों के लिए 13 लाख मकानों का निर्माण होगा :** उन्होंने कहा कि देश मे जागरण का नया अभियान चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी लगातार देश के लिए काम कर रहे हैं। विरोधी दल इन पिछड़े वर्गो की बात नहीं करते हैं। पिछड़े वर्गो का सम्मान क्यों नहीं दिया? इनको सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ने सम्मान दिया। मोदी जी की सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। नीट जैसी परीक्षा में 27 प्रतिशत का आरक्षण अतिपिछड़ों को मोदी सरकार ने दिया है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बिहार में गरीबों के लिए 13 लाख मकानों का निर्माण होगा। अगले चार साल में काम पूरा होगा। केन्द्रीय मंत्री ने उक्त बातें अमर शहीद रामफल मंडल के शहादत दिवस पर पटना में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

# भारत-अमेरिका मिलकर वैश्विक शांति कर सकते हैं सुनिश्चित : राजनाथ

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका संयुक्त रूप से दुर्जेय शक्ति हैं और ये दोनों मिलकर वैश्विक शांति और समृद्धि सुनिश्चित कर सकते हैं। अमेरिका की यात्रा पर गये श्री सिंह ने भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि मोदी सरकार मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध भारत बनाना चाहती है। रक्षा मंत्री ने भारत और अमेरिका को



स्वाभाविक सहयोगी बताते हुए कहा कि इनके बीच मजबूत भागीदारी नियति है और इस दिशा में सहयोग लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय में वैश्विक मंच पर भारत का कद बढ़ा है। उन्होंने कहा, इससे पहले अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की बातों पर ध्यान नहीं दिया जाता था। लेकिन आज पूरी दुनिया ध्यान से सुन रही है। श्री सिंह ने कहा कि 2014 से पहले, भारत कमजोर पांच देशों में से एक था, जैसा कि निवेश फर्म मॉर्गन स्टेनली ने कहा है लेकिन आज यह दुनिया की शानदार पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने कंपनी की हालिया रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोविड-19 महामारी के प्रति सरकार की नीतियों ने यह सुनिश्चित किया कि भारतीय अर्थव्यवस्था अन्य देशों की तुलना में ज्यादा प्रभावित नहीं हुई। रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की चर्चा की, जिसमें 5,000 से अधिक वस्तुओं वाली सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों की अधिसूचना शामिल है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं कि घरेलू कंपनियों द्वारा देश में अत्याधुनिक रक्षा वस्तुओं का निर्माण किया जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### गोविंद मोहन ने केंद्रीय गृह सचिव का संभाला पदभार

नई दिल्ली। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी गोविंद मोहन ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह सचिव का पदभार संभाला। अजय कुमार भल्ला के सेवानिवृत्त होने के बाद मोहन ने यह पद संभाला है। सिक्किम कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी मोहन इससे पहले केंद्रीय संस्कृति सचिव के पद पर कार्यरत थे। पिछले सप्ताह उन्हें केंद्रीय गृह सचिव नियुक्त किया गया था। मोहन ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से बी. टेक और आईआईएम (अहमदाबाद) से पीजी डिप्लोमा किया है। उनके पास सिक्किम और केंद्र सरकार दोनों में विभिन्न पदों पर काम करने का अनुभव है। मोहन इससे पहले भी गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में कई प्रमुख प्रभागों में काम कर चुके हैं।

### पाकिस्तान की सीमा में चला गया मिनी यूएवी, भारत ने वापस मांगा

नई दिल्ली। भारतीय सेना का एक मिनी यूएवी तकनीकी खराबी के कारण शुक्रवार सुबह पाकिस्तान की सीमा में चला गया। पाकिस्तानी सैनिकों ने इसे बरामद कर लिया है। उक्त यूएवी को वापस करने के लिए भारतीय सेना ने पाकिस्तान को हॉटलाइन संदेश भेजा है लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। भारतीय सीमा के भीतर प्रशिक्षण मिशन पर एक मिनी यूएवी आज सुबह 9.25 बजे तकनीकी खराबी के कारण नियंत्रण खो बैठा और भिम्बर गली सेक्टर के सामने पाकिस्तान के निकियाल सेक्टर में चला गया। अचानक सीमा पार करके आए मिनी यूएवी को पाकिस्तानी सैनिकों ने बरामद कर लिया है। इसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को हॉटलाइन संदेश भेजकर उक्त यूएवी वापस मांगा है।

# अंतरिक्ष मिशनों को कचरा-मुक्त बनाने की दिशा में बढ़ रहा है भारत : मुर्मु

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतरिक्ष में कचरे को अंतरिक्ष मिशनों के लिए समस्या करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि भारत वर्ष 2030 तक अपने सभी अंतरिक्ष मिशनों को कचरा-मुक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह में हिस्सा लिया। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पिछले वर्ष 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर के सफलतापूर्वक उतरने की याद में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने रोबोटिक्स चैलेंज और भारतीय अंतरिक्ष हैकाथॉन के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने कहा कि हमें भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। अंतरिक्ष में कचरा अंतरिक्ष मिशनों के लिए समस्याएँ पैदा कर सकता है। उन्होंने सुरक्षित और सतत संचालन प्रबंधन के लिए इसरो प्रणाली की सराहना की, जिसका संचालन अंतरिक्ष अनुसंधान गतिविधियों की निरंतर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 2030 तक अपने सभी अंतरिक्ष मिशनों को कचरा-मुक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि इसरो ने अंतरिक्ष क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने के साथ ही देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी अपना अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने उन समर्पित वैज्ञानिकों की सराहना की जिन्होंने न्यूनतम संसाधनों का उपयोग करके भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अंतरिक्ष कार्यक्रमों में शामिल किया। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि हमारा देश अंतरिक्ष विज्ञान में निरंतर प्रगति करेगा और हम उत्कृष्टता के नए कीर्तिमान स्थापित करते रहेंगे। उन्होंने कहा, भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र की प्रगति असाधारण है। चाहे सीमित संसाधनों के साथ सफलतापूर्वक पूरा किया गया मंगल मिशन हो या एक साथ सौ से अधिक उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण, हमने इस क्षेत्र में कई प्रभावशाली उपलब्धियां हासिल की हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि अंतरिक्ष अन्वेषण ने मानव क्षमताओं को बढ़ाया है और उसकी कल्पना को साकार किया है लेकिन अंतरिक्ष अन्वेषण एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। अंतरिक्ष अन्वेषण के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए किए गए शोध से विज्ञान के विकास में तेजी आती है और मानव जीवन में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में विकास से स्वास्थ्य और चिकित्सा, परिवहन, सुरक्षा, ऊर्जा, पर्यावरण और सूचना प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों को लाभ मिला है।




बिहार सरकार

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग



पशुपालन ज्ञान

पशुपालक कल्याण

आपदा प्रभावित पशुओं के जीवन रक्षण हेतु

पशु चारा वितरण कार्यक्रम

आपदा से प्रभावित पशुओं के जीवन रक्षा हेतु समय-समय पर पशु चारा वितरण कराने का कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा सम्पन्न किया जाता है।

चारा मात्रा/अनुमान्यता :

- निर्धारित सहाय्य मानदर के अनुरूप बड़े जानवरों के लिए 80 रूपये तथा छोटे जानवर के लिए 45 रूपये प्रतिदिन अनुमान्य है।
- आपदाग्रस्त पशुओं के जीवन रक्षण के लिये सामान्यतः बड़े जानवरों के लिये 06 कि.ग्रा., छोटे जानवरों के लिए 03 कि.ग्रा. तथा भेड़-बकरियों के लिये 01 कि.ग्रा. चारा की आवश्यकता होती है।
- पशु शिविरों/अस्थायी शिविरों में एक बार में तीन दिन/एक सप्ताह हेतु चारा वितरण कराया जाता है तथा बाढ़ की स्थिति के अनुसार शिविर संचालन तक पुनः वितरण कराया जाता है।

वितरण प्रक्रिया :

- जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं सहयोग से शिविरों/अस्थाई शिविरों में पशुओं की संख्या के अनुसार चारा वितरण किया जायेगा।
- चारा वितरण के पूर्व सभी प्रभावित पशुओं की प्रकार/संख्या के आधार पर गणना कर पशुपालक वार टोकन वितरण किया जाता है तथा उक्त टोकन के आधार पर क्रमानुसार चारा का प्रबंध कर वितरित किया जाता है।
- कोविड-19 की परिस्थितियों के आलोक में आवश्यक सावधानी बरतते हुये चारा वितरण सोशल डिस्टेसिंग के साथ किया जाएगा।



विशेष जानकारी पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना स्थित आपदा कोषांग (दूरभाष संख्या 0612-2230942) या पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना (दूरभाष संख्या 0612-2226049) से प्राप्त की जा सकती है।

PR No.- 006652 (Animal)D. 2024-25

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली आपूर्ति में सुधार को लेकर भाजपा का शिष्टमंडल अधिकारियों से मिला

फतुहा। शहर में अनियमित बिजली आपूर्ति में सुधार को लेकर भाजपा का शिष्टमंडल बिजली एसडीओ आजाद कुमार सिंह से शुक्रवार को उनके कार्यालय में भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी के नेतृत्व में मिला और आवेदन दिया। इस शिष्टमंडल में भाजपा के प्रदेश नेता राणा राजेंद्र पासवान, महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अनिता पाटनी, नगर उपाध्यक्ष अनुराधा सिंह, नगर मंत्री रवि प्रकाश, शैलेश गुप्ता शामिल थे। जिन्होंने बिजली अधिकारीयों को हिदायत दिया है कि फतुहा शहर के बिजली आपूर्ति व्यवस्था काफी लचर है अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो भाजपा आंदोलन के लिए बाध्य होगी। जिसकी सारी जिम्मेदारी बिजली अधिकारीयों पर होगी। फतुहा बिजली एसडीओ अजाद कुमार सिंह ने भाजपा नेताओं को आश्वासन दिया है की बिजली आपूर्ति में सुधार होगा। इस संबध में भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने बताया कि फतुहा की विकास हमारी पहली प्राथमिकता है। जनसमस्याओं को लिए हमेशा हम संघर्ष करते रहेगें।

### महाधिवक्ता को अधिवक्ताओं ने किया सम्मानित

फतुहा।राज्य के महाधिवक्ता पीके शाही को शुक्रवार को उनके कक्ष में जाकर अधिवक्ताओं ने सम्मानित किया।महाधिवक्ता कार्यालय को स्वतंत्र विभाग घोषित करवाने सहित विधि पदाधिकारियों की फीस में सम्मानजनक बढ़ोतरी करवाने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।एडवोकेट एसोसिएशन के अधिवक्ता वीरमणी कुमार ने अपने सहयोगियों के साथ महाधिवक्ता को शॉल ओढ़ाकर व गुलदस्ता देकर उन्हें सम्मानित किया।महाधिवक्ता महोदय ने सभी अधिवक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की उन्हें जब भी मौका मिला तब अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए कार्य किया है। उन्होंने महाधिवक्ता कार्यालय को स्वतंत्र विभाग बनाने के लिए राज्य मंत्रिमंडल के प्रति आभार व्यक्त किया।

### ट्रैक्टर चोरी कर भाग रहे एक चोर को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया

दानापुर खगौल। थाना क्षेत्र के लखनीबिगहा से ट्रैक्टर चोरी कर भाग रहे एक चोर को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपित की पहचान नालंदा का रहने रुमन कुमार है। बताया जाता है कि लखनीबिगहा के रहने वाले रमाशंकर कुमार के घर के बाहर से आरोपित ट्रैक्टर चोरी कर भाग रहा था जिसे पकड़ कर स्थानीय थाना के हवाले कर दिया गया। वहीं खगौल थाना क्षेत्र के नवरतनपुर स्थित नवनिर्मित मकान से छड़ और साइकिल चोरी कर भाग रहे एक चोर पकड़ा गया है। इस संबंध में घर मालिक जय किशोर ने चोर के खिलाफ स्थानीय थाना में मामला दर्ज कराया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया है कि नवरतनपुर चमार टोली से साइकिल और छड़ चोरी कर भाग रहा था। चोर नाम अमरजीत कुमार है जिसे नायायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### महिलाओं ने निकाला कैंडल मार्च

पटना सिटी (प्राकि)। नारी युवा मंच के बैनर तले मदरसा गली मोड़ से शहीद भगत सिंह चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया। सबीना खातून के नेतृत्व में यह मार्च निकाला गया। आयोजन मंच की प्रदेश अध्यक्ष पूनम मेहता ने कहा कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना समाज में महिलाओं की सुरक्षा व पश्चिम बंगाल सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच की प्रदेश महासचिव सत्यम सिंह और संचालन कोषाध्यक्ष संजीदा बानो ने की। आयोजन में संजीदा बानो, रिंकू देवी, प्रियंका चौधरी, सविता देवी, रीना देवी, ममता देवी, अर्चना कुमारी, नंदनी कुमारी, रानी देवी आदि महिलाएं शामिल थीं।

### व्यापारी का बैग काट 1.20 लाख उड़ाया, ऑटो से उतारा

पटना सिटी, वरीय अधिकारियों के लगातार निर्देश के बाद भी पुलिस मामला दर्ज नहीं कर पाती है। ताजा मामला नवादा से खरीदारी करने को पटना पहुंचा व्यापारी सुजीत कुमार के साथ शुक्रवार को घटना घटी। वह बस से शुक्रवार को उतरा। उसके बाद ऑटो में बैठा। उस ऑटो पर पहले से चार लोग सवार थे। महादेव स्थान के पास ऑटो वाले ने वाहन रोक दिया और उसे उतरने को कहा। इसी दौरान चालक ऑटो लेकर फरार हो गया। जब उक्त युवा व्यापारी सुजीत ने अपना पिट्ठू बैग चेक किया, तो रुपया गायब था। बैग में ब्लेड से काट कर उसमें रखा एक लाख 20 हजार रुपया को शातिरों ने निकाल लिया था। पीड़ित पहले चौक थाना गया। यहां उसकी पूरी आपबीती सुनने के बाद बाइपास थाना का मामला बताते हुए उसे वहां भेज दिया गया।

# परिवार नियोजन एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

● फुलवारीशरीफ के सीएचओ एवं एएनएम का किया गया उन्मुखीकरण

प्रात :किरण संवाददाता



फुलवारीशरीफ - मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन पर फुलवारीशरीफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पीएसआई इंडिया के तत्वावधान में उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में ने शिरकत की. कार्यशाला में फुलवारीशरीफ प्रखंड के सीएचओ एवं एएनएम को परिवार नियोजन एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य पर जानकारी प्रदान की गयी तथा नए गर्भ निरोधकों के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया. कार्यशाला में फुलवारीशरीफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आर. के.चौधरी, केंद्र की चिकित्सक डॉ. दीपा सिंह, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक शिप्रा चौहान सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहे. करीब 50 प्रतिभागियों ने उन्मुखीकरण कार्यशाला में भाग लिया। स्वस्थ शिशु एवं सीमित परिवार ही स्वस्थ समाज की धुरीः

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए फुलवारीशरीफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आर.के.चौधरी ने बताया कि स्वस्थ माँ और स्वस्थ शिशु के साथ छोटा और सीमित परिवार एक स्वस्थ समाज की धुरी होते हैं. उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन के स्थायी साधनों की पहुंच एवं अधिक से अधिक परिवार को छोटा रखने के लिए महिलाओं के लिए बंध्याकरण एवं पुरुषों के लिए नसबंदी सबसे सरल एवं सगम जरिया है. परिवार नियोजन के संदेश को घर घर पहुंचाने के लिए संस्थान में आये लाभार्थियों को जागरूक किया जाये। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ. दीपा सिंह, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषग्य ने स्थायी एवं अस्थायी साधनों के बारे में विस्तार से जानकारी और बास्केट ऑफ चॉइस के बारे में बताया. उन्होंने बंध्याकरण एवं नसबंदी के बारे में प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी. प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक शिप्रा चौहान ने लाभार्थियों की लेबर रूम में परामर्श देने की महत्ता पर बल दिया. उन्होंने कहा कि सभी आंकड़ों की ससमय रिपोर्टिंग आवश्यक है और इसे गंभीरता से लेने की जरुरत है. खुशबु रानी, एएनएम ने कॉपर-टी के लाभ एवं परिवार नियोजन संबंधित परामर्श की तकनीकों की जानकारी दी। पीएसआई इंडिया की टीम द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम की जानकारी दी गयी एवं एचएमआईएस के परिवार नियोजन के आंकड़ों पर चर्चा की गयी. टीम द्वारा समुदाई स्वास्थ्य केंद्र को परिवार नियोजन कार्यक्रम के लिए संस्था के कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी।

## कंगन घाट से पटना साहिब गुरुद्वारा तक का बनेगा कोरिडोर, सड़क होगी चौड़ी



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब विश्व में आस्था का केंद्र है। यहां दिन-प्रतिदिन देश-विदेश से आ रहे श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इस संदर्भ में शुक्रवार को बिहार सरकार के अपर मुख्य सचिव (गृह) डॉ एस सिद्धार्थ, जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, पर्यटक विभाग के सचिव अभय कुमार, पर्यटक विभाग के एमडी नंदकिशोर समेत अनेक प्रशासनिक अधिकारियों ने कंगन घाट से लेकर तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब गुरुद्वारा तक कोरिडोर, सौंदर्यीकरण, सड़क के चौड़ीकरण, मल्टी स्टोरी पार्किंग, एवं अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, कनीय उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह आदि ने अधिकारियों के साथ बातचीत की। बिहार सरकार द्वारा जल्द ही कोरिडोर के लिए सारी व्यवस्था कर ली जाएगी एवं जल्द ही इसका निर्माण किया जाएगा, ताकि दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश स्थान तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार का जाम एवं कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के जन्मस्थान में मत्था टेका और गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही एवं कनीय उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह ने उन सबों को सम्मानित किया। साथ में अमरजीत सिंह शम्मी एवं तख्तश्री कार्यालय के पदाधिकारी मौजूद थे।

## जगत नारायण लाल कॉलेज में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया



प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के जगत नारायण लाल कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। आज के दिन हमारा चंद्रयान-3 विक्रम लेंडर की सहायता से चांद पर सफलतापूर्वक उतरा। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के उत्साह वर्धन के लिए 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने का संकल्प लिया। इसे मनाने का उद्देश्य है कि बच्चे अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति अपनी जिज्ञासा उत्पन्न करें। अंतरिक्ष से जुड़े अनुसंधान कार्यों के लिए प्रेरित हो। इस तरह की आयोजन का मूल मंत्र है चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूनाभारत की अंतरिक्ष गाथाअर्थात जिंदगी को छूते हुए चांद को छूना ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्या प्रो मधु प्रभा सिंह ने कहा हर बच्चों में कुछ-कुछ प्रतिभा होती है उन्हें कुछ-कुछ नई चीजों को आविष्कार करने का प्रयास करते रहना चाहिए। असफलता से घबराना नहीं चाहिए, क्योंकि असफलता सफलता की प्रथम सीढ़ी है। सभी प्राध्यापक गण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पल्लवी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन गौतम सिन्हा ने किया।

## नाव से स्कूल जा रहे हैं शिक्षक गंगा नदी में गिरने से हुई मौत



प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर नगर के अंतर्गत नासरीगंज घाट से स्कूल जा रहे हैं बीपीएससी शिक्षक अविनाश कुमार गंगा नदी में डूब गए जिससे उनकी मौत हो गई वे दियारा के कासिमचक स्थित उत्कृष्ट मध्य विद्यालय के शिक्षक थे सभी शिक्षकों का कहना है कि अविनाश अपनी बाइक नाव पर चढ़ने के बाद खुद भी सवार हो रहे थे तभी एक नाव ने पीछे से उनकी नाव में टक्कर मार दी जिसे अविनाश नदी में गिरकर डूबने लगे परंतु डुबने हुए हाथ निकाल कर बचाने का गुहार लगाई पर किसी नांव वाले बचानेवाला के लिए कोई भी उचित कदम नहीं उठाया लोग चाहते है बचाया जा सकता था स्थानीय लोगों की सूचना देने की उपरांत पूर्व सांसद रामकृपाल यादव ने नासरीगंज घाट पहुंचे और घटना स्थल से ही पूर्व सांसद ने पटना के जिला अधिकारी से बात की और तब जाकर पदाधिकारी एवं बचावदल की टीम घटनास्थल पहुंचकर मृतक का शव खोजने हेतु कार्य शुरू किया।पूर्व सांसद रामकृपाल यादव से शिक्षकों ने गुहार लगाई और कहा कि पहले सावन भादों में दियारा का स्कूल शिक्षा विभाग बंद कर देते थी लेकिन नया आदेश के बाद इस बाढ़ में भी जान हथेली पर रखकर डियूटी करने जाना पड़ रहा है आप शिक्षा मंत्री से बात कर बाढ़ के समय में पानी चारों तरफ भरा परा है बाढ़ तक स्कूल बंद कराने की आप पूर्व सांसद जी सरकार से पहल किजिए आज शिक्षक अभिनाश कुमार की मौत हुई है स्कूल बंद रहता तो डुबने से मौत नहीं होती।

वहीं घटना स्थल पर पहुंचे पर माननीय पूर्व सांसद रामकृपाल यादव ने मृतक अभिनाश कुमार के परिजनों से मुलाकात शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिलाया और सरकार से उचित मुआवजा राशि देने की मांग किया।

## मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य से भी ज्यादा महत्वपूर्ण : प्रो डॉ पूनम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



आरपीएम कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य और मानसिक विकारों पर जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट के सहयोग से विशेष कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मनोविज्ञान की शिक्षिका कुमारी अनिशा के द्वारा किया गया था। इसकी अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या प्रोडॉ पूनम ने की। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों और स्टाफ को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, मानसिक विकारों की पहचान, रोकथाम और उपचार के बारे में जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर मनोविज्ञान की छात्राओं ने भी अपने विचार प्रकट किए। जज के रूप मे डॉ अंजू जैन एवं डॉ किरण कुमारी थीं। छात्राओं के द्वारा भिविन्न तरह की मानसिक विकारों के पर प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया गया। इसमें बच्चों ने मानसिक विकारों को पहचानने, लक्षण और रोकथाम के बारे में बताया। इसमें जजों के द्वारा बेहतर प्रदर्शन देने वाले छात्राओं को चुना गया। इसमें प्रथम स्थान श्रुति कुमारी, द्वितीय साबरी कुमारी, करिश्मा कुमारी तथा तृतीय स्थान मैत्री और संध्या कुमारी प्राप्त ने की। इस अवसर पर बोलते हुए कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बिहार स्टेट के साइकोलॉजिस्ट छेदी कुमार चौधरी ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य किसी भी व्यक्ति के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसका सीधा संबंध हमारे भावनात्मक, मानसिक और सामाजिक कल्याण से है। मानसिक विकार जैसे कि अवसाद, चिंता और बाइपोलर डिसऑर्डर, जो सामान्यतः अनदेखे किए जाते हैं, को समय रहते पहचान कर सही उपचार लेना बहुत जरूरी है। महाविद्यालय की प्राचार्या ने कहा कि मानसिक विकार किसी भी उम्र में हो सकता है और इसके लक्षणों को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। छात्राओं को यह भी समझाया गया कि अत्यधिक उदासी, चिंता, चिड़चिड़ापन, नींद में बदलाव और रोजमर्रा की गतिविधियों में रुचि का कम होना मानसिक विकारों के संभावित संकेत हो सकते हैं। इस अभियान के माध्यम से आरपीएम कॉलेज ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने और छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की मदद लेने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मंच संचालन गणित विभाग के शिक्षक रविंद्र कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मनोविज्ञान विभाग की शिक्षिका कुमारी अनिशा ने किया। इस अवसर महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ सुषमा, डॉ नीलम, डॉ नागेंद्र मिश्र, डॉ प्रीति कुमारी, डॉ मीनू मिंज, डॉ सीमा, डॉ प्रियंका, मोनी कुमारी एवं ऋतु उपस्थित थे।

## जमीन कारोबारी के घर ईंट फेंक 20 लाख तीन दिनों में मांगा, वर्ना हत्या

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



खाजेकलां थाना क्षेत्र के चौधरी गली में रहने वाले जमीन कारोबारी संजय प्रकाश के घर गुरुवार की रात ईंट फेंक कर 20 लाख की रंगदारी की मांग की। साथ ही धमकी दिया कि यदि तीन दिनों में रकम नहीं दी गई, तो हत्या कर दी जाएगी। जब शोर हुआ, तब लोग खिड़की दरवाजे से झांकने लगे, तो करीब दर्जन भर की संख्या में आए लोग भाग निकले। इसके बाद खाजेकलां थाना की पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और धमकी देने वाले का एक बुलेट मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना ले गई। इस संबंध में चौधरी गली के रहने वाले ओम प्रकाश के पुत्र संजय प्रकाश ने बताया कि 22 अगस्त की रात करीब 11.05 में परिवार के साथ खाना खा रहे थे। उसी समय कमरे पर एक बड़ा ईंट किसी ने फेंका। जब वह उठ कर बाहर देखा, तो 10-12 युवक वहां पर मौजूद थे। सभी के हाथों में हथियार था। इसी दौरान अनिल ने गाली देते हुए 20 लाख रुपया रंगदारी देने की बात कही। साथ ही उसने कहा कि तीन दिनों के अंदर उक्त राशि बतौर रंगदारी दो वर्ना हत्या कर देंगे। इसी बीच लोगों के द्वारा हल्ला करने पर उसने तुरंत थाना को फोन कर सूचित किया। भागने के दौरान उन सबों की एक बुलेट मोटरसाइकिल, जिस पर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01एफई 8420 लिखा था, छूट गया। बाद में थाना से पहुंची पुलिस ने उसे जब्त कर लिया। बताया जाता है कि यह बुलेट घघा गली के रहने वाले विक्की राय का है। जमीन कारोबारी ने बताया कि उन्होंने खाजेकलां थाना को दिए आवेदन में नौ लोगों को नामजद कराया है। साथ ही तीन-चार अज्ञात भी है, जिसे वह नहीं पहचानता है। नामजद में अनिल यादव पिता रामनाथ राय, विक्की राय पिता लोकनाथ राय, रविंद्र राय पिता नामालूम तीनों घघा गली के रहने वाले हैं। इसके अलावा राजू यादव पिता पंचा राय, विकास उर्फ ब्लैकबेरी पिता नामालूम, अमन पटेल पिता बबलू पटेल, रितेश पिता ना मालूम, सचिन एवं अंकुश दोनों सहोदर भाई हरिमंदिर गली का रहने वाला एवं तीन-चार अन्य अज्ञात है। दिए गए आवेदन में जमीन कारोबारी संजय प्रकाश ने कहा है कि इस घटना के बाद उसका परिवार खौफ में है। साथ ही सबों का जान का खतरा बना है। थानाध्यक्ष प्रभात कुमार सक्सेना का कहना है कि लिखित आवेदन में नौ लोगों का नाम एवं अन्य अज्ञात बताया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## दुल्हिनबाजार में भाकपा माले के नेतृत्व में हजारों गरीबों ने कहा- हक दो- वादा निभाओ

प्रात :किरण संवाददाता



पालीगंज : दुल्हिन बाजार प्रखंड कार्यालय पर भारी बरसात के बावजूद हजारों की संख्या में गरीब जनता ने भाकपा (माले) के नेतृत्व में एक विशाल आंदोलन में भाग लिया। यह प्रतिरोध मेन मार्केट से होते हुए प्रखंड कार्यालय तक पहुँचा! इस आंदोलन में मुख्य रूप से सरकार द्वारा घोषित गरीबों को दो-दो लाख रुपये देने के वादे को पूरा करने, भूमिहीनों को पाँच डिसमील जमीन देने तथा गरीबों को पक्का मकान देने की मांग की गई। हाल ही में आई बिहार में जातीय गणना की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में 94 लाख से अधिक परिवार ऐसे हैं जिनकी मासिक आय 6000 रुपये से कम है। ऐसे परिवारों के लिए माननीय मुख्यमंत्री ने 2-2 लाख रुपये की सहायता देने का वादा किया था लेकिन अब सरकार इस वादे से पीछे हटती नजर आ रही है। प्रतिरोध सभा को संबोधित करते हुए पालीगंज के विधायक संदीप सौरभ ने कहा कि हम सरकार से उसी के द्वारा किए गए वायदे को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जिसके विरोध में यह आंदोलन किया गया। इसी प्रकार केंद्र सरकार की तरफ से सभी गरीबों को पक्का मकान देने का वादा किया गया लेकिन लेकर अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना में किसी गरीब का नाम नहीं जोड़ा गया। बिहार सरकार ने भी भूमिहीनों को पाँच डिसमील जमीन देने का वादा किया लेकिन आज भी हजारों भूमिहीन इससे वंचित है। इस आंदोलन में पालीगंज के विधायक संदीप सौरभ के अलावा किसान नेता मंगल यादव भाकपा माले के प्रखंड सचिव अमरसेन, विद्यानंद बिहारी, आशा देवी, लड्डू वर्मा समेत सैकड़ों नेता व कार्यकर्ता तथा हजारों की संख्या में आम जनता शामिल हुई।

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने किया पटना-सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण



प्रात :किरण संवाददाता

पटना/हाजीपुर। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा आज राजेंद्रपुल, समस्तीपुर, दरभंगा, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर के रास्ते पटना से हाजीपुर तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने रेलखंड के मध्य पड़ने वाले स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, समपार फाटक सिगनलिंग प्रणाली सहित संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया ।निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विशेष बल दिया ।उन्होंने दरभंगा एवं सीतामढ़ी स्टेशन का भी निरीक्षण किया ।सीतामढ़ी में महाप्रबंधक ने सकुर्लेटिंग एरिया, साफ-सफाई, प्रतीक्षालय, एफओबी, प्लेटफार्म सहित यात्रियों को उपलब्ध करायी जा रही समस्त सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया । निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक द्वारा दरभंगा एवं सीतामढ़ी स्टेशन पर स्टेशन पुनर्विकास से संबंधित कार्यों की अधिकारियों के साथ समीक्षा की गयी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। महाप्रबंधक ने निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया । पुनर्विकसित स्टेशन भवन आकर्षक डिजाइन के साथ उन्नत एवं आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा ।इस दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री जयंत कुमार चौधरी, सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद तथा समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव अपने-अपने क्षेत्राधिकार में महाप्रबंधक के साथ उपस्थित रहे ।

## चचेरे भाई के बारे में नहीं बताने पर पिस्टल के बट से मार किया बेहोश

पटना सिटी, प्रात :किरण, संवाददाता

खाजेकलां थाना क्षेत्र के मौरी गली में आधी रात को अपराधियों ने घर के बाहर बैठे युवक को पिस्तौल के बट और लात-घूसा से मार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। इसके बाद वह बेहोश हो गया। इस संबंध में उसने थाना में लिखित आवेदन दिया है। दरअसल 22 अगस्त की रात करीब 11.45 बजे शुभम कुमार पिता प्रमोद कुमार मौरी गली स्थित अपने घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान करीब 10-12 की संख्या में युवक पहुंचा। उन सबने उससे उसके चचेरे भाई पंकज पिता भवानी प्रसाद, जो मौरी गली सती चौरा मंदिर के पास का रहने वाला है, के बारे में पूछने लगे।

जब उसने कहा कि उसके बारे में पता नहीं है कि कहां है। इस पर अनिल कुमार पिता रामनाथ राय ने उस पर हमला करते हुए रिवाल्वर के बट से सिर पर मारा और विक्की पिता लोकनाथ राय, सचिन तथा अंकुश पिता नामालूम हरिमंदिर गली ने लात एवं मुक्का से बेरहमी से पिटाई किया।

उसी में से किसी ने उसके गले से चेन और जेब से पर्स निकाल लिया। खून से लथपथ वह बेहोश हो गया। इसी दौरान घर के लोग शोरगोल सुनकर निकले, तभी सब भाग निकले। सभी बोलते हुए गए कि अगली बार आएंगे, तो हत्या कर देंगे। इसके बाद शुक्रवार की सुबह फोन कर उसे धमकी दी गई कि यदि थाना पर जाकर शिकायत दर्ज कराया, तो हत्या कर देंगे। थानाध्यक्ष ने कहा कि इस मामले में भी छानबीन की जा रही है। पीड़ित का इलाज गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल में कराया गया है।

## उत्पाद विभाग ने घर में शराब बनाने का सामान व पैकिंग मशीन किया बरामद



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

उत्पाद विभाग की टीम ने बहादुरपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के एक मकान में छापेमारी शुक्रवार की शाम में किया। यहां से स्पिरिट, बना हुआ शराब, कलर, रैपर, बोतल, ढक्कन आदि बरामद किया गया। साथ ही एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में सहायक उत्पाद आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि सूचना मिली कि बहादुरपुर थाना क्षेत्र के रामपुर के एक मकान में अवैध रूप से नकली विदेशी शराब का निर्माण किया जा रहा है। इसके बाद उत्पाद के निरीक्षक कुलवंत कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर प्रस्थान किया गया। जब वहां छापेमारी की गई, तो वहां से एक पैकिंग मशीन, पांच लीटर स्प्रिट, 15 लीटर बना हुआ शराब, कलर बनाने के लिए एक डिब्बा कलरेंट, तीन ब्रांडेड विदेशी कंपनी का रैपर, खाली बोतल, ढक्कन बरामद किया गया। सहायक आयुक्त ने बताया कि कारोबारिया शराब बनाने को स्पिरिट के लिए होम्योपैथी का डायल्यूशन का उपयोग कर रहा था। यह उत्तराखंड का निर्मिता है। इस संबंध में बहादुरपुर गांव का रहने वाला पुटुस कुमार को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी टीम में उत्पाद निरीक्षक कुलवंत कुमार, ब्रह्मदेव कुमार, एएसआई ब्रजकिशोर ठाकुर, सुनील कुमार, उत्पाद विभाग के आरक्षी और होमगार्ड की टीम शामिल था।

# सुगम एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने हेतु सरकार प्रतिबद्ध : विजय

## रेल समपारों पर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने कहा है कि राज्य में सतत सुगम एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने हेतु डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध है। इस हेतु राज्य में निरन्तर सड़क आधारभूत संरचना का विकास किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि नवादा जिलान्तर्गत वारसलीगंज-नवादा रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या-33/इ1 (रेलवे किमी 70/06-7) के बदले पहुँच पथ सहित आरओबी के निर्माण हेतु 174.43 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृति प्रदान की गई है। यह आरओबी वारसलीगंज-नवादा रेल खंड के बीच अवस्थित है एवं इसके मार्गरेखन से राज्य उच्च पथ संख्या-8 (हिसुआ-नवादा-पकरीबरांवा) पथ गुजरती है, जो इलाके के लोगों के सुगम एवं सुरक्षित यातायात में सहायक होगी। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया - परिहारा-बखरी लिंक पथ के खगड़िया रेलवे स्टेशन से उमेशनगर रेलवे स्टेशन के बीच अवस्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या-24 (रेलवे किमी124/9-125) के बदले आरओबी के निर्माण हेतु 101.82 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृति प्रदान की गई है। इस आरओबी का पहला लेग खगड़िया रेलवे स्टेशन की ओर, दूसरा लेग खगड़िया शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों की ओर एवं तीसरा लेग बखरी की ओर जाती है। यह खगड़िया जिले में यातायात के लिए बहुत महत्वपूर्ण निर्माण होगा। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि दरभंगा जिलान्तर्गत दरभंगा एवं लहेरियासराय रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या-25 रस्त्रह्ल (रेलवे किमी 36/0-1) के बदले पहुंच पथ सहित आरओबी के निर्माण हेतु 134.67 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृति प्रदान की गई है। यह आरओबी लहेरियासराय -दरभंगा रेल खंड के बीच अवस्थित है एवं इसके मार्गरेखन से राज्य उच्च पथ संख्या-56 (दरभंगा-कुशेश्वर स्थान) पथ गुजरती है। इस निर्माण से प्रमुख धार्मिक स्थल कुशेश्वर स्थान की यात्रा सुगम होगी। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि इन आरओबी के निर्माण से संबंधित रेल समपारों के कारण जाम की समस्या से आम जनों को निजात मिलेगी तथा यातायात सुगम एवं सुरक्षित होगा। सुरक्षित एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित होने से उक्त क्षेत्रों के आम जनता को आवागमन में काफी सहुलियत होगी तथा आर्थिक एवं सामाजिक विकास के रफ्तार को और गति मिलेगी। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने इन आरओबी की स्वीकृति हेतु मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार प्रकट किया है।

# अमर शहीद रामफल मंडल के शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, दी गई श्रद्धांजलि

# पिछड़े वर्ग का सम्मान अगर किसी ने दिया तो वह भाजपा है : शिवराज

- केंद्र और बिहार सरकार को समाज के सभी वर्गों की चिंता : सम्राट
- कांग्रेस की चाल के कारण कई शहीदों की शहादत को सम्मान नहीं मिल सका : विजय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाजपा ओबीसी मोर्चा ने शुक्रवार को पटना के कृष्ण मेमोरियल हॉल में शहीद रामफल मंडल के शहादत दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भाग लेते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इन्होंने देश की खातिर अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। केंद्रीय कृषि मंत्री ने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि रामफल मंडल को शहीद का दर्जा मिलेगा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विरोधी दलों ने पिछड़े वर्गो का सम्मान क्यों नहीं दिया? इनको सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ने सम्मान दिया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के भूमि सुधार और राजस्व मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल ने अमर शहीद रामफल मंडल को शहीद का दर्जा देने की घोषणा करते हुए कहा कि उन्हें राजकीय सम्मान भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्व मंत्री होने के नाते मैं जल्द इसकी संचिका मंगाकर यह काम कर दूंगा। भाजपा अध्यक्ष डॉ जायसवाल ने कहा कि शहीद रामफल मंडल ने कहा था कि भारत की आजादी में मुझे फांसी भी मंजूर है। आप लोग मेरे परिवार को देखते रहिएगा। बाद में यह सच साबित हुआ और अंग्रेजी सरकार ने उन्हें फांसी पर लटका दिया। वो युवा अवस्था में ही हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूम लिया था। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि रामफल मंडल के नाम से अंग्रेजों के पसीने छूट जाते थे। उन्होंने रामफल मंडल को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्हें शहीद का दर्जा मिलेगा इसे कोई नहीं रोक सकता। वे देश के लिए शहीद हुए थे इसे कोई नकार नहीं सकता। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हो या बिहार सरकार हो समाज के सभी वर्गों की चिंता करती है। भाजपा ने सबको साथ लाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि रामफल मंडल को शहीद का दर्जा दिलाएंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर उनको शहीद का दर्जा दिलवाएंगे। उन्हें शहीद का दर्जा और राजकीय सम्मान दिलाया जायेगा। उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस की चाल के कारण कई शहीदों की शहादत को सम्मान नहीं मिल सका। उसी में रामफल मंडल भी शामिल थे। उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी ने सामने लाया है। उन्होंने कहा कि हमे वैचारिक आजादी पर विचार करना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बलराम मंडल ने किया। कार्यक्रम में मंगल पांडेय, रवि शंकर प्रसाद, डॉ प्रेम कुमार केदार प्रसाद गुप्ता, सुरेन्द्र मेहता, संजीव चौरसिया, जीवन कुमार, शंभू शरण पटेल, हरि साहनी,जीवेश मिश्रा,संजय सरावगी, ललन मंडल, सिद्धार्थ शंभू,बलराम मंडल,अशोक भट्ट,सीता साहू ,अचल सिन्हा संजीव चौरसिया,मुकेश पटेल ,साहेब कुमार शाह ,सुनील चौरसिया,शांति जायसवाल अर्चना भट्ट,बिट्टू सोनी, डी के जी ,राजू चौरसिया सहित कई साँसद, विधायक और प्रदेश के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम नीतीश के शासन में संगठित अपराध पर लगा विराम:अशोक

- राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा के बाद इंजीनियरिंग कॉलेजों की सीटें भर जाएगी: सुमित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने पटना एम्स के मुख्य सुरक्षा अधिकारी के साथ हुई मारपीट की घटना पर निंदा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि घटना में संलिप्त अपराधी चाहे किसी भी रसुखदार का भाई या भतीजा हो लेकीन वह कानून के शिकंजे से नहीं बच सकता है। श्री चौधरी शुक्रवार को राजद प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान मीडिया से संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। इस मौके पर श्री चौधरी ने आगे कहा कि तेजस्वी यादव एक भी ऐसे अपराधी का नाम बताएं जिसे आज बिहार में सत्ता का संरक्षण मिल रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विगत 19 वर्षों में संगठित अपराध पर विराम लगाने का काम किया है। वर्तमान में जो भी आपराधिक घटनाएं घटित हो रही है, उसके मुल में आपसी विवाद है। साथ ही उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव के राज में अपरहण उद्योग की नींव पड़ी और संगठित अपराध को बढ़ावा मिला। 15 वर्षों के शासन में 118 जातीय नरसंहार और 2 जेल ब्रेक कांड हुआ लेकिन तत्कालीन सरकार इसको रोकने में पूरी तरह से विफल रही। वहीं, नीतीश सरकार के 19 वर्षों के शासनकल में एक भी नरसंहार या जेल ब्रेक जैसी कोई घटना नहीं हुई। विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह ने बताया कि बिहार के इंजीनियरिंग कॉलेजों में सीटें खाली रहने की खबर महज अफवाह है। अभी केवल अखिल भारतीय इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट प्रकाशित हुआ है। राज्य स्तरीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा पूरी होने के बाद हमारी सारी सीटें भर जाएगी। इंजीनियरिंग कॉलेजों में सीटें खाली होने की आधी-अधूरी खबर को हवा दिया जा रहा है, जो कि कहीं से भी उचित नहीं है।

# जदयू प्रदेश महासचिव संजय कांत सिन्हा की माताजी के श्राद्धकर्म में शामिल हुये मुख्यमंत्री



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा जिला के हरनौत में जदयू के प्रदेश महासचिव संजय कांत सिन्हा जी के आवास पर जाकर उनकी माताजी स्व पार्वती देवी के श्राद्धकर्म में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने स्व पार्वती देवी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना भी दी। इस अवसर पर सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, विधान पार्षद रविन्द्र कुमार सिंह, पूर्व विधायक ई सुनील, पूर्व विधायक चन्द्रसेन कुमार, जदयू नेता ई अशोक सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# 149 वीं जयंती पर पं राजकुमार शुक्ल को लेकर उठी भारत रत्न की मांग



- पं शुक्ल के जीवन पर मोतिहारी में शीघ्र शुरू होगा जीवन वृत का प्रसारण : नीतीश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

चंपारण सत्याग्रह के महानायक पंडित राजकुमार शुक्ल के जीवनी पर जीवन वृत्त का प्रसारण की तैयारी पर्यटन विभाग शीघ्र करेगा। लंबे संघर्षों के बाद देश की आजादी में चंपारण सत्याग्रह को भुलाया नहीं जा सकता चंपारण सत्याग्रह स्वाधीनता संग्राम की पहली लड़ाई थी जिसका सूत्रपात पंडित राजकुमार शुक्ल ने किया था। उक्त बातें पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने कार्यक्रम का उद्घाटन के दौरान कही। इस अवसर पर भीष्म शर्मा द्वारा लिखित पंडित राजकुमार शुक्ला और उनके डायरी के पन्ने पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं राजकुमार शुक्ल स्मृति संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष एवं लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के मुख्य प्रवक्ता डॉ राजेश भट्ट ने की। इस अवसर पर विशिष्ट प्रावधान को लेकर कला के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त भोजपुरी लोक गायक भरत शर्मा व्यास साहित्य के लिए भीष्म शर्मा सामाजिक कार्य के लिए डॉक्टर विमल जैन और पत्रकारिता के लिए डॉ लक्ष्मीकांत सजल को पंडित राजकुमार शुक्ल शिखर सम्मान 2024 से सम्मानित किए गए। स्वागत संबोधन में डॉ राजेश भट्ट ने कहा कि पिछली सरकारों ने पं राजकुमार शुक्ल को वह सम्मान नहीं दिया जिसके वे हकदार थें। इस अवसर पर हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ अनिल सुलभ ने कहा कि पंडित राजकुमार शुक्ला चंपारण सत्याग्रह के अद्वितीय योद्धा थे जिन्होंने चंपारण से देश के स्वाधीनता संग्राम का बिगुल फूंका जिसकी चिंगारी सिद्धेश में स्वाधीनता की अलख जगी ऐसे महानायक को पृथक राष्ट्र हमेशा याद रखेगा।


पूर्व मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना

**खुली ई-निविदा सूचना सं. – सोनपुर 2024–25 (83)**
मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी0)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए 'खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। ई-निविदा की अंतिम तिथि 13.09.2024 को 13:00 बजे तक निर्धारित है। ई-निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर किया जा सकता है।
**कार्यों के नाम (मद सं. सहित) :** 1. समइं/थानाबिहपुर के अधिकार क्षेत्र में आने वाले संवेदनशील स्थानों पर साल, बल्लाह, रेल पाइलिंग और ट्रैक कार्य पर ध्यान देने का कार्य।, **अनुमानित लागत (रू. में) :** 99,35,144.56, **बयाने की राशि (रू. में) :** 1,98,700.00
उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार – किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी.),
पूर्व मध्य रेल, सोनपुर

पीआर/0946/एसईई/इंजी./टी/24–25/32


# भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव जनमाष्टमी 26 अगस्त को मनाया जाएगा

- शाम 7 बजे से रात्रि 2 बजे तक इस्कॉन मंदिर में पूजा अर्चना कर सकेंगे श्रद्धालु
- वृंदावन के थीम पर मनाया जाएगा जन्माष्टमी महोत्सव : दास




भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव जनमाष्टमी 26 अगस्त को मनाया जाएगा। राजधानी के इस्कॉन मंदिर में इस बार जन्माष्टमी के मौके पर 3 दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कार्यक्रम 26 अगस्त को होगा और शाम 7:15 बजे जन्माष्टमी महामहोत्सव मनाया जाएगा। लेकिन इससे पहले 25 अगस्त को श्री कृष्ण लीला प्रस्तुति का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। उक्त जानकारी पटना इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष कृष्ण कृपा दास ने शुक्रवार को दी। उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी के अगले रोज 27 अगस्त को इस्कॉन के संस्थापक का प्रभुपाद अविर्भाव महोत्सव मनाया जाएगा। इस बार वृंदावन के थीम पर जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा और इसको लेकर इस्कॉन पटना को वृंदावन की तर्ज पर सजाया जाएगा। बताया कि ये महोत्सव जीव का भगवान के साथ नित्य संबंध स्थापित करने का महोत्सव है।

सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था : कृष्ण कृपा दास ने बताया कि सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। मंदिर में प्रवेश के क्रम में तीन लेवल पर लोगों की जाचं होगी। लोगों की सुरक्षा के लिए मंदिर परिसर में पुलिस प्रशासन से महिला और पुरुष सुरक्षाकर्मी पर्याप्त संख्या में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा काफी संख्या में प्राइवेट बाउंसर रहेंगे जो नजर बनाए रखेंगे। मंदिर परिसर में 128 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं जिससे निरंतर मॉनिटरिंग होते रहेगी। पुलिस की टीम भी सीसीटीवी के कंट्रोल रूम में मौजूद रहेगी और संदिग्ध लोगों की पहचान की जाएगी। कृष्ण कृपा दास ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए 26 अगस्त को दक्षिणी बुद्ध मार्ग पश्चिमी लेन बंद रहेगा। वाहनों का परिचालन पूर्वी लेन से होगा। इस्कॉन पटना के सोशल मीडिया पेज पर भगवान का लाइव दर्शन दिन भर चलेगा ताकि जो मंदिर नहीं पहुंच सके वह घर बैठे भगवान को देख सकें। उन्होंने बताया कि आम से खास लोगें का आगमन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उद्योगपति एलएन पोद्दार शामिल होंगे। इसके अलावा 251 चांदी के कलश और दक्षिणायन संख से भगवान का अभिषेक किया जाएगा। जन्माष्टमी के दिन रात 2:00 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए मंदिर में आकर भगवान की पूजा अर्चना की अनुमति रहेगी।

# प्रत्येक जिले में युवा कांग्रेस मिडिया इंचार्ज का होगा गठन : सोनू

पटना। भारतीय युवा कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अलावरू, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के निदेशार्नुसार भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव सोनू अग्रवाल कों बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस का मिडिया इंचार्ज बनाया गया है। जिसकी जानकारी भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह बिहार प्रभारी सम्राट केशरी जेना ने सूची जारी कर किया। युवा कांग्रेस मिडिया इंचार्ज बिहार की जिम्मेदारी देनें के लिए सोनू अग्रवाल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह व भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह बिहार प्रभारी सम्राट केशरी जेना के प्रति आभार प्रकट किया हैं। अग्रवाल ने कहा कि मजबूती से सगंठन को मजबूत और सशक्त बनाने का काम करूंगा। प्रत्येक जिले में मिडिया इंचार्ज का बहुत जल्द ही गठन किया जाएगा। जिससें कांग्रेस की विचारधारा को मिडिया के माध्यम से जन- जन तक पहुंचाया जा सकें। पार्टी द्वारा दिये गये दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे। दौलत इमाम, खुशबू, विवेक, विकास, ऋचा सिंह, रिद्धि गांधी, फारूकी, राहुल, विशाल, करुण नंदन, चंदन, आदित्य, रोहित, डॉ आलोक कुमार समेत सैकड़ों कांग्रेसजनों ने सोनू को बधाई दी।

# वक्फ बोर्ड संशोधन बिल संसद में पारित नहीं होने देंगे : तेजस्वी




पटना। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा है कि संसद में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पारित नहीं होने देंगे। लोकसभा में जब इस बिल को पेश किया गया तब विपक्षी सांसदों ने इसका विरोध किया। जिसकी वजह से बिल को जेपीसी में भेजा गया। हमारी पार्टी इस बिल का विरोध करती है। लेकिन, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस बिल का समर्थन करते हैं। दरअसल, शुक्रवार को तेजस्वी यादव से मुख़्तलिफ मुस्लिम तंजीमों के ओहदेदार वक़्फ बोर्ड संशोधन बिल के सिलसिले में मिले और इस पर चर्चा हुई। तेजस्वी यादव ने इस मुलाकात की कुछ फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स से शेयर की। फोटो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, हमारी पार्टी और राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद शुरू से ही अकलियत के हरेक मुद्दे पर संवेदनशील रहे हैं और किसी भी धार्मिक मामलों में सरकार के दखल-अंदाजी के खिलाफ हैं। इन संशोधनों से ना सिर्फ मुस्लिम बल्कि दीगर मजहबों के मजहबी, सकाफती और जायदाद के हुकूक पर असर पड़ेगा और एक गलत नजीर कायम होगी। हमारी पार्टी मोदी-नीतीश एनडीए की इस गैर संवैधानिक, गैर जरूरी प्रस्तावित संशोधन बिल जो कि मुल्क के सेक्युलर ताने-बाने को तोड़ने और धार्मिक उन्माद फैलाने के मकसद से लाया गया है, उसका पुरजोर विरोध करती है। हमने आये हुए डेलीगेशन को तसल्ली दिलाया कि हम उनके साथ हैं और किसी कीमत पर इसको संसद से पारित नहीं होने देंगे और इस लड़ाई को सभी फोरम पर लड़ेंगे।

**श्याम रजक के इस्तीफे पर बोले, अब वह जहां भी रहें:अच्छे से रहें**

राजद नेता तेजस्वी यादव ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक के इस्तीफा देने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि श्याम रजक जहां भी जाएं, अच्छे से रहें। यह कोई बड़ी बात नहीं है, चुनाव आ रहे हैं, सब अपना-अपना काम देखें। जेडीयू के काम को लेकर उन्होंने कहा कि जो काम हम किए हैं, वो जेडीयू नहीं कर रही है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है।


बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 14 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 03.09..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 04.09..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 04.09..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Gulab Vatika in Residence No.- 1 Anney Marg, Patna for the year 2024-25. | 14.00 | 28,000=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 2. | Renovation of Floor Tiles on Pathway, Bathroom and Kitchen near SSG Office in Residence No.- 1 Anney Marg, Patna for the year 2024-25. | 14.17 | 28,400=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 3. | Renovation of Brick Work, Tiles Work & Painting in Guest Room, Dinning and Kitchen in the Campus of Residence No.- 2 Back Harding Road, Patna for the year 2024-25. | 14.99 | 30,000=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 4. | S/R to Chamber, Cell, Anti Room and Bathroom of Hon'ble Minister SC, ST Room No.- 139 & 141 at Ground Floor, Middle Wing Old Sectt., Patna for the year 2024-25. | 7.74 | 15,500=00 | 1,250=00 | 01 माह |

8. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना

PR. No. 006698 (BCD) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


# किसानों की सेवा करना भगवान की पूजा करने के समान : शिवराज

## केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कृषि भवन में किया पौधारोपण, स्टॉल का किया निरीक्षण





पटना, प्रात : किरण संवाददाता

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री सह केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को पटना के कृषि भवन में किसानों के साथ संवाद किया। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कृषि भवन के परिसर में शाही लीची का पौध रोपण किया। साथ ही केन्द्रीय मंत्री ने कृषि भवन में प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल केन्द्रीय मंत्री का कृषि भवन परिसर में स्वागत किया। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ है एवं किसान इसकी आत्मा है। किसानों की सेवा करना भगवान की पूजा करने के समान है। समृद्ध किसान के बिना विकसित खेती नहीं हो सकती है। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने कृषि रोड मैप की चर्चा की। केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का जिक्र किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने जल्द ही दिल्ली में बिहार में गुणवत्तायुक्त बीज से संबंधित सभी माँगों पर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, बिहार राज्य में अवस्थित दोनों कृषि विश्वविद्यालय, बीज कम्पनियों तथा विभागीय पदाधिकारियों की बैठक आयोजित करने के साथ-साथ बिहार की सभी माँगों पर विचार करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार के 80 प्रतिशत किसान कृषि पर निर्भर हैं और इसी से अपना जीवकोपार्जन कर रहे हैं। बिहार में खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित उद्योग की स्थापना पर कार्य किया जा रहा है, जिससे बिहार के किसान खुशहाल होंगे। इस अवसर पर कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री ने कहा था कि बिहार आकर दलहन, मखाना, मक्का, गेहूँ उत्पादक किसानों से बात करेंगे एवं उनका उत्पादन तथा मुनाफा कैसे बढ़ेगा, इस पर किसानों से चर्चा करेंगे।

**विभागीय सचिव ने केन्द्र से मांगा सहयोग :**

विभागीय सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने केन्द्रीय मंत्री के समक्ष प्रस्तुतीकरण के माध्यम से भारत सरकार से राज्य में संचालित विभिन्न योजनाओं तथा भारत सरकार के संस्थानों से बिहार राज्य से संबंधित माँग की। उन्होंने कहा कि रबी, वर्ष 2024-25 में गेहूँ के 03 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 10 हजार क्विंटल आधार बीज की आवश्यकता है। राज्य में संकर प्रभेद के बीज उत्पादन में भारत सरकार से सहयोग, आलू अनुसंधान केन्द्र से राज्य के किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज की समुचित मात्रा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय अनुसंधान केन्द्र में पूर्णकालिक निदेशक के पदस्थापन के साथ-साथ कृषि विज्ञान केन्द्रों के बुनियादी आधारभूत संरचना विकास के लिए भारत सरकार से आवंटन बढ़ाने का अनुरोध किया गया। साथ ही, बिहार में डीएपी उर्वरक के आवश्यकतानुसार आवंटन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

### केन्द्रीय मंत्री के सामने किसानों ने की अपने उत्पादों की चर्चा

नालंदा के मशरूम उत्पादक उद्यमी संजीव कुमार ने कहा कि वे नौकरी को छोड़कर मशरूम का उत्पादन कर रहे हैं, जो कि बहुत ही पौष्टिक होता है। यदि सरकार से सहायता प्राप्त हो तो यह कृषि के क्षेत्र में बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था हो सकती है। उन्होंने सरकार से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, विपणन एवं कोल्ड चेन लगाने हेतु अनुरोध किया। महेश मुखिया, मखाना उत्पादक किसान, दरभंगा ने कहा कि वे परम्परागत तरीके से मखाना की खेती कर रहे हैं। मखाना का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया जाना चाहिए। मखाना का उत्पादन उत्तरी बिहार में होता है, जो बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है। बाढ़ आने पर मखाना का पौधा उखड़ जाता है एवं इसके साथ मखाना भी बह जाता है। उन्होंने मखाना फसल का बीमा करने का अनुरोध किया। ललित कुमार, मूंग उत्पादक किसान, गया ने कहा कि वे गेहूँ फसल के बाद मूंग की खेती करते हैं और इससे अच्छा मुनाफा प्राप्त कर रहे हैं। मूंग में फली आने पर घोड़परास के द्वारा फसल को बरबाद कर दिया जाता है, जिससे बचाव का उपाय किया जाए। स्मिता सिंह, बेबीकॉर्न उत्पादक किसान, नालंदा ने कहा कि वे 05 साल से बेबीकॉर्न का उत्पादन कर रहे हैं। बिहार में इसका उत्पादन अच्छा हो सकता है और इसे नगदी फसल के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

मृत्युंजय कुमार, सारण, बीज उत्पादक किसान ने बताया कि वे सरसो बीज रोहित नाम से पेटेन्ट कराये हैं और 500 हेक्टेयर में इसकी खेती कर रहे हैं। किसानों को बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया जाना है। ड्रोन से छिड़काव करने पर उत्पादन में 20-25 प्रतिशत की वृद्धि होती है। इसलिए ड्रोन का प्रयोग अधिक सेअधिक हो, जिससे किसानों को ज्यादा मुनाफा प्राप्त हो सके।


बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या – 16 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 06.09..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 07.09..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 07.09..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Sanitary Installation and Water Supply in Lokayukt Office at 4 Circular Road, Patna for the year 2024-25. | 10.47 | 21,000=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 2. | Renovation of Campus Development, Paver's Block, Bathroom Tiles, Durashine Sheet and Parking Tiles at Lokayukt Office 4 Circular Road, Patna for the year 2024-25. | 13.81 | 27,700=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 3. | Renovation of Main Building, Window Chajja and Polishing Work of Lokayukt Office at 4 Circular Road, Patna for the year 2024-25. | 13.04 | 26,100=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 4. | Renovation of Water Proofing Work, Shed, Chabutra and Other Work of Lokayukt Office at 4 Circular Road, Patna for the year 2024 -25. | 14.76 | 29,600=00 | 2,500=00 | 01 माह |

8. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना

PR. No. 006701 (BCD) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## संक्षिप्त खबरें

### शेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण

मुजफ्फरपुर। ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी तथा एसएसपी द्वारा संयुक्त रूप से सिकंदरपुर स्थित वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया।उक्त अवसर पर सभी मान्यताप्राप्त राजनौतिक दलों के अध्यक्ष/प्राधिकृत प्रतिनिधि, उप निर्वाचन पदाधिकारी, डायरेक्टर डीआरडीए, वरीय कोषागार पदाधिकारी, जिला अग्निशमन अधिकारी, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मैनेजर डीआरसीसी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी महोदय तथा वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय ने सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन यंत्रों, सीसीटीवी आदि का भी जायजा लिया।

### विकसित दरभंगा हेतु संकल्पित है मोदी सरकार : सांसद

दरभंगा। शहर के मध्य अवस्थित शहर का सबसे व्यस्ततम रेलवे समपार फाटक संख्या 25 दोनार गुमती पर 134.5 करोड़ की लागत से आरओबी निर्माण को मिली स्वीकृति पर खुशी जताते हुए दरभंगा सांसद डॉ० गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि उनके विकसित दरभंगा के संकल्प में एक और नया अध्याय जुड़ गया। उन्होंने कहा कि दोनार रेलवे गुमती निर्माण आने वाला पूरा खर्च भारत सरकार वहन करेगी। जहां रेलवे का वित्तीय अंश रेल मंत्रालय वहन करेगी वहीं बिहार सरकार के राज्यांश की राशि का भुगतान भारत सरकार की सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दरभंगा शहर में चार रेलवे गुमती पर निमार्णाधीन आरओबी यथा पंडासराय गुमती, दिल्ली मोड़ गुमती, बेला एवं कंगवा गुमती के निर्माण का सारा खर्च भी भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि इन सभी आरओबी में रेलवे की हिस्सेदारी के अलावा बिहार सरकार के राज्यांश का पैसा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सेतु बंधन योजना से भुगतान किया गया है। सांसद डॉ ठाकुर ने कई दशकों से भीषण जाम की समस्या का दंश झेल रहे दरभंगावासियों को दरभंगा शहर अवस्थित पांच रेलवे गुमती पर आरओबी निर्माण का ऐतिहासिक सौगात देने के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समस्त दरभंगावासियो की तरफ से धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक कार्य के लिए समस्त दरभंगावासी सदैव पीएम का ऋणी रहेगा। उन्होंने इस बहुप्रतीक्षित आरओबी निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति देने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति भी कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री कुमार के कार्यकाल में बिहार का सार्वांगिक विकास हुआ है।

### उर्दू भाषा कोषांग के तत्वाधान में वाद-विवाद प्रतियोगिता का होगा आयोजन

मधुबनी जिला उर्दू भाषा कोषांग के तत्वाधान में कल 24 अगस्त, शनिवार को उर्दू वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन पूर्वाहन 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक होगा. जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे, साथ ही पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे. कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा. कार्यक्रम की सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

### सशस्त्र सीमा बल की फुलहर सीमा चौकी में एक एकड़ अधिग्रहित भूमिका का हुआ सीमांकन

मधुबनी भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल 48 वी सीमा चौकी फुलहर में गोविन्द सिंह भंडारी कमांडेंट के निर्देशन में तथा संतोष कुमार निमोरिया उप कमांडेंट की नेतृत्व में जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर सीमा चौकी का एक एकड़ अधिग्रहित भूमि का सीमान्कन कर तार से घेरा गया है। स्थानीय प्रशासन, पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल के बीच बेहतर तालमेल परिणामस्वरूप यह प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर गोविन्द सिंह भंडारी ने कहा कि भूमि अधिग्रहण के साथ ही सशस्त्र सीमा बल की कार्यक्षमता मे वृद्धि होगा जो सीमा प्रबंधन व सुरक्षा में अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने जिला प्रशासन और सभी संबंधित अधिकारियों का धन्यवाद किया कहा जिनके सहयोग से यह कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ सरकारी कई आमिन इसमें अपना भूमिका निभाया।

# जिलाधिकारी कार्यक्रम में परिवादियो की शिकायतो को सुना



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के द्वारा शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता के दरबार मे जिलाधिकारी कार्यक्रम में जिले भर से आए हुए परिवादियो से मुलाकात कर उनकी शिकायतो को सुनते हुए संबंधित अधिकारियो को त्वरित निष्पादन का निदेश दिया गया है।गौरतलब हो कि प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को जनता दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के आयोजन के मौके पर जिलाधिकारी सभी परिवादियों से मुलाकात करते हैं और उनकी शिकायतों के निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी देते हैं। इस परिप्रेक्ष्य मे आज कुल 83 परिवादी अपनी शिकायतों के साथ जिलधिकारी से मिले।बिस्फी प्रखंड निवासी छोटे ठाकुर द्वारा गलत ढंग से खास गैर मजेरवा जमीन दाखिल खरीज करने से संबंधित आवेदन दिया गया। राज नगर प्रखंड निवासी लाल दास द्वारा विद्युत आपूर्ति में अनियमितता बरतने से संबंधित शिकायत की गयी है।जयनगर प्रखंड निवासी राजलाल सदाई द्वारा कमला नदी जयनगर में उनका लड़का डूब जाने से मृत्यु हो जाने के कारण सरकार द्वारा दिए जाने वाले सरकारी लाभ से वंचित होने से संबंधित आवेदन दिया है।ग्राम पंचायत तुलपतगंज निवासी दिनेश प्रसाद गुप्ता द्वारा आवेदन दिया गया की एक व्यक्ति द्वारा रास्ता रोक कर मारपीट गाली गलौज एवं सोने के आभूषण छीन लेने से संबंधित शिकायत किया जिलाधिकारी द्वारा आए हुए सभी परिवादियों से बारी-बारी से शिकायतें सुनी गई और उनके परिवाद के निवारण हेतु संबधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए।जिलाधिकारी ने कई प्राप्त शिकायतो के आलोक में संबंधित पदाधिकारियों को फोन कर जन शिकायतो को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

# राजा बहादुर विश्वेश्वर सिंह फुटबॉल क्लब रामबाग टूनार्मेंट के फाइनल में

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। जय बजरंग स्पोर्ट्स क्लब बरही, जयनगर टूनार्मेंट के तहत 15 अगस्त से आरंभ फुटबॉल टूनार्मेंट के आज सेमीफाइनल में राजा बहादुर विश्वेश्वर सिंह फुटबॉल क्लब का मुकाबला समस्तीपुर फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया, संघर्षपूर्ण मुकाबले में राजा बहादुर की टीम ने पहले हाफ के दौरान 32वें मिनट में अनिल कुमार ने बहुत ही शानदार तरीके से गोल किया, जबकि विपक्षी टीम दूसरे हाफ तक जद्दोजहद करती रही परंतु राजा बहादुर के डिफेंसरों ने उसे नाकाम कर दिया और इस तरीके से राजा बहादुर विश्वेश्वर सिंह स्पोर्ट्स फुटबॉल क्लब ने 23 अगस्त को होने वाले फाइनल मुकाबले में अपना स्थान सुनिश्चित कर दिया है कल होने वाले फाइनल टूनार्मेंट में राजा बहादुर की टीम का मुकाबला यहां की लोकल टीम जय बजरंग फुटबॉल, क्लब के बीच होना है। दर्शकों ने सेमीफाइनल का लुफ्त बहुत ही ज्यादा बढ़ चढ़कर उठाया क्योंकि मुकाबला इतना शानदार रहा कि कहीं से ऐसा देखने को नहीं मिला कि पब्लिक आखिर किसकी तरफ है जो बेहतर प्रदर्शन कर रहा था पब्लिक का झुकाव उसी और था। इस अवसर पर कैलाश पासवान, मुख्य पार्षद जयनगर ने कहा कि ने कहा कि बहुत ही शानदार मैच का आयोजन किया जा रहा है और वर्षो बाद ऐसा टूनार्मेंट देखने का मौका मिला है। सेमी फाइनल के जीत पर राजा बहादुर विश्वेश्वर सिंह क्लब के पेट्रोन कुमार कपिलेश्वर सिंह ने कहा कि कौन कहता है आसमान में सुराख नहीं हो सकता एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो, उन्होंने कहा कि मैने तो सिर्फ और सिर्फ एक टीम को खेलने के लिए खड़ा किया था परन्तु फिर से लग रहा है कि राज दरभंगा सौ साल पुरानी टीम बिहार और भारत के अन्य टीमों से लोहा लेने के लिए खड़ा है। उम्मीद है जल्द ही और नतीजा बेहतर होगा। इस अवसर पर राज बहादुर विशेश्वर फुटबॉल टीम के कोच अमन सिंह ने जितने के लिए कई टिप्स दिया वही टीम के अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार ने कहा कि हम इस फुटबॉल टीम को बिहार के बेस्ट इलेवन के श्रेणी में खरा करेंगे और राज दरभंगा का एक पिलर फिर से खड़ा करेंगे। इस अवसर पर राज दरभंगा से सत्यम सिंह भी एवं कई पुराने खिलाड़ी के साथ साथ कमिटी के गुलामदास, सरपंच, बरही, सुरेश यादव, वार्ड सदस्य, संघ अध्यक्ष, बरही, संतोष कुमार भारती मंच संचालक आदि भी मौजूद थे।

# उत्तर बिहार के कुछ जिलों में फिलहाल अच्छी बारिश की सम्भावना नहीं

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार के सारण ,सिवान ,पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण जिलों में अगले 5 दिनों तक अच्छी बारिश होने की सम्भावना नहीं है। शेष अन्य जिलों में इस अवधि में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।ग्रामीण कृषि मौसम सेवा डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 24से 28अगस्त तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में आज यह जानकारी दी है।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम ताप क्रमशः 33.6 एवं 25.8 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 90 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 74 प्रति हवा की औसत गति 9.7 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 4.6 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 31.3 दोपहर में 36.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में 14.2 मि०मी० वर्षा रिकार्ड हुई। आज आज जारी 24-28 अगस्त, तक के मौसम पूवार्नुमान के अनुसार,पूवार्नुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलो में गरज वाले बादल बनने के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा का अनुमान है। सारण, सिवान, पूर्वी तथा पश्चिमी चम्पारण के जिलों में अगले 48 घंटों में वर्षा की सम्भावना अन्य जिलों की अपेक्षा ज्यादा है। इसके बाद के पूवार्नुमानित अवधि में अच्छी वर्षा की संभावना नहीं है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 32-35 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। जबकि न्यूनतम तापमान 24-27 सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। पूवार्नुमानित अवधि में पूरवा हवा चलने का अनुमान है। औसतन 10-20 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने व संभावना है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 90 प्रतिशत तथा दोपहर में 45 से 55 प्रतिशत रहने की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि धान की फसल में तना छेदक कीट की निगरानी करें। इसकी सूंडीयों तनो में घुसकर क्षती पहुंचाती है। प्रारंभिक अवस्था में पौधे की मह मुरझाकर सुखी हुई नजर आती है। ऐसे पौधो में बालीयों सुखी एवं खोखली रह जाती है। इसे अगर पकड़कर खींचा जाए तो वह आसान निकल आती है। इस प्रकार का लक्षण दिखने पर बचाव के लिए करताप हाईड्रोक्लोराईड दाने-दार दवा का 10 किलोग्राम प्रति एकड़ व्यवहार करें। धान की 25-30 दिनों की फसल में प्रति हेक्टेयर 30 किलोग्राम नेत्रजन का उपरिवेशन करें। अगात धान की फसल में खैरा बीमारी दि पर खेतों में जिंक सल्फेट 5.0 किलोग्राम तथा 2.5 किलोग्राम बुझा चूना का 500 लीटर पानी में घोल बना कर एक हेक्टेयर में छिड़का साफ रहने पर करें। पिछात रोपी गई धान की फसल में खरपतवार नियंत्रण के कार्य को प्राथमिकता दें। मक्का की खड़ी फसल में तना छेदक कीट की निगरानी करें। बचाव के लिए कार्बोफ्यूरान (3 जी) का 7 किलोग्राम/हे० की दर से पौधें डालें। फूलगोभी की अगात किस्में कुँआरी, पटना अर्ली, पूसा कतकी, हाजीपुर अगात, पूसा दिपाली की रोपाई समाप्त करें। बोरान तथा मॉलिब्डेन कमी वाले खेत में 10-15 किलो ग्राम बोरेक्स तथा 1-2 किलोग्राम अमोनियम मालिब्डेट का व्यवहार खेत की तैयारी के समय करे। फ मध्यकालीन किस्में अगहनी, पूसी, पटना मेन, पूसा सिन्थेटिक 1, पूसा शुभ्रा, पूसा शरद, पूसा मेघना, काशी कुवॉरी एवं अर्ली स्नोबॉल बुआई नर्सरी में उथली क्यारियों में पंक्तियों में गिराये। पौधशाला को तेज धूप अथवा वर्षा से बचाने के लिए 40 प्रतिशत छायादार नेट से की ऊचाई पर ढकने की व्यवस्था करें।

# नए सर्वे को लेकर हुई किसाने की बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के अजना पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार के दिन सर्वे को लेकर क्षेत्र के किसानों पंचायत जनप्रतिनिधियों अमीन राजस्व कर्मचारी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कानूनगो रवि मेहरा ने करते हुए कहा कि आप उपस्थित भिन्न-भिन्न गांव के किसान अपने अपने जमीन की कागजात फार्म में भरकर ऑनलाइन करेंगे या क्षेत्रीय अमीन के पास जमा करें जिससे सर्वे का कार्य शुरू हो सके। इसी में कुछ किसानों ने आवाज उठाते हुए कहा कि हम लोगों की क्रय की गई जमीन का दाखिल खारिज नहीं हुआ है इस संबंध में अंचल कार्यालय से बताया गया कि बिगत 6 अगस्त से पोर्टल बंद है पोर्टल नहीं खुलने को लेकर किसानों द्वारा ऑनलाइन किए गए दाखिल खारिज के दस्तावेज की अग्रसर कार्रवाई नहीं हो रही है। जिससे कि दाखिल खारिज हो सके। उक्त आशय की जानकारी बैठक में राजस्व कर्मचारी कंचन कुमार ने दी। इसको लेकर कई किसानों में मायूसी देखी गई। बैठक में पंचायत राज के मुखिया पति लक्ष्मण महतो कई वार्ड सदस्य राजनीतिक दल के नेता कृष्ण गोपाल शर्मा , रामनरेश कुंवर, विकास मित्र रेखा देवी सर्वे अमीन रामप्रीत पासवान सुजीत कुमार सिमरन रानी मोहम्मद इमरान सहित कई लोग मौजूद थे। ठनका गिरने से एक महिला गंभीर रूप से जख्मी समस्तीपुर कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के बरहेता गांव में गुरुवार की रात अचानक ठनका गिरने से एक महिला सहित आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से जख्मी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में ग्रामीण संजीव कुमार देव भाजपा नेता शशिधर देव ने बताया कि गांव के बुलबुल देव की पत्नी लगभग 45 वर्षीय रंजना देवी घर के दरवाजे पर थी उसी समय ठंनका गिरने से उनके हाथ झुलस गए। परिजनों के सहयोग से दरभंगा के निजी क्लीनिक में ईलाज कराई जा रही है ।वहीं दूसरी ओर ठनका गिरने से आधा दर्जन ग्रामीण का फ्रिज बल्ब टेलीविजन के बॉक्स आदि क्षतिग्रस्त हो गए। जख्मी की पहचान विजय देव शशिधर देव विमलेश देव संजीव देव आदि के घर छतिगसत हों गया है।

# पप्पू सिंह ने नरमा विद्यालय में वाणिज्य की पढ़ाई की स्वीकृति पर आभार व्यक्त किया

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।अलीनगर विधानसभा के नरमा नवानगर पंचायत की छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने एक बड़ा फैसला लिया है। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नरमा प्लस टू विद्यालय में विज्ञान एवं कला की पढ़ाई बहुत पहले से ही रही है। लेकिन, वाणिज्य की पढ़ाई नहीं होने से छात्रों को परेशानियों का सामना करना होता था और दूसरे जगह पर एडमिशन लेने के लिए भटकना पड़ता था। हमने इस मामले का संज्ञान लिया और बिहार सरकार एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों से उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय नरमा प्लस टू स्कूल में कॉमर्स की पढ़ाई शुरू करवाने के लिए आग्रह किया। इस दौरान कई बार जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं बिहार सरकार की शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन भी सौंपा गया। इसी क्रम में आज बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से जानकारी दी गई है कि दरभंगा जिले के तीन प्लस टू विद्यालयों में वाणिज्य विषय की पढ़ाई करवाने के लिए स्वीकृति दी गई है। इसमें नरमा प्लस टू विद्यालय भी शामिल है। इस फैसले के कारण संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने बिहार सरकार और शिक्षा विभाग को धन्यवाद दिया है।

# बैठक में पंचायत सचिवों को बीडीओ ने दिए कई निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मनीगाछी( दरभंगा ) ।प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में बीडीओ दुनिया लाल यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोहिया स्वच्छता अभियान 2 को लेकर बैठक हुई। बैठक में राघोपुर उत्तरी, राघोपुर पश्चिमी, जतुका पैकटोल,उजान एवं जगदीशपुर पंचायत में अभी तक डब्ल्यू पीयू का निर्माण नहीं होने पर बीडीओ ने खेद जताया। उन्होंने संबंधित पंचायत के पंचायत सचिवों को सीओ द्वारा चिन्हित जमीन पर जल्द से जल्द डब्ल्यू पी यू का निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया है। साथ अभी तक जतुका पैकटोल,जगदीशपुर, ब्रहमपुर, कटमा बहुआरबा,ब्रहमपुरा भटपुरा, पैठान कबई,राजे,नेहरा पूर्वी पंचायत में स्वच्छता पर्यवेक्षक की चयन नहीं होने पर भी खेद जताया। उन्होंने संबंधित पंचायत के मुखिया एवं पंचायत सचिव को जल्द से जल्द स्वच्छता पर्यवेक्षक का चयन करने का निर्देश दिया है। ताकि स्वच्छता का काम प्रभावित न हो। बैठक में मुखिया गणेश मंडल, बिजली पासवान, निभा कुमारी, प्रखंड स्वच्छता समन्वयक रूपेश कुमार सहित सभी पंचायत सचिव उपस्थित थे। शराब की नशे में एक गिरफ्तार मनीगाछी( दरभंगा ) ।बाजितपुर थाना पुलिस ने गुरुवार की रात शराब की नशे में थाना क्षेत्र के माउबेहट गांव निवासी स्व हेम कान्त झा के पुत्र संदीप झा को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि संदीप झा को गस्ती दल ने माउबेहट हाईस्कूल के पास से शराब की नशे में गिरफ्तार किया है। ब्रेथ एनलाइजर से जाँच में शराब पीने की पुष्टि होने पर शुक्रवार को न्यायालय में उपस्थापित किया गया।

# एफसीआई गोदाम के सड़कों पर जलभराव

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर एफसीआई गोदाम सड़को पर घुटने भर से ऊपर अधिक पानी लग जाने के कारण गोदाम से अनाज उठा कर चलने वाले ट्रक तीन चार दिन से हड़ताल पर है। जिस कारण जिला मुख्यालय सहित पूरे जिला में अनाज का उठाओ बंद हो गया है। रोजाना जयनगर के एफसीआई गोदाम से जिला के विभिन्न अनुमंडल एवं प्रखंड में ट्रक से अनाज उठाकर एसएफसि गोदाम भेजे जाते थे। मगर बीते कुछ दिन से एफसीआई के गोदाम में पानी भर जाने एवं सड़क जर्जर होने के कारण ट्रक वालों ने अनाज उठाना बंद कर दिया है। इस संबंध में अनाज उठाने वाले ट्रक के ड्राइवर ने बताया कि गोदाम का सड़क जर्जर एवं बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने के कारण इस पर एक से दो फीट तक पानी लग गया है। जिस कारण ट्रक चलाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। रोजाना छोटी, बड़ी दुर्घटना होती है। इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा जब तक विभाग के द्वारा कोई ठोस इंतजाम नहीं किए जाएंगे। तब तक ट्रक परिचालन नहीं किया जाएगा। दशकों पूर्व बने यह संसाधन अब जर्जर हो चुके हैं। क्रय केंद्र व उसके गोदाम भी खस्ताहाल हो चुके है। यहां के अधिकांश गोदाम पुराने कमजोर हो चुके है। अनाज के तौल के लिए स्थापित धर्मकांटा का फाउंडेशन भी अपनी दुर्दशा बयान कर रहा है। गोदाम में चारों ओर जंगल की तरह घास उग गया है। वहीं अधिकांश भवन अपनी बदहाली आंसू बहा रहा है। दरभंगा से चार सदस्य टीमआकर निरीक्षण करते हुए समस्या को जल्द सुलझ लेने का आश्वासन दिया । गोदाम में लगे पानी को रेलवे की जमीन में बने नाले की ओर निकलने का निर्देश दिया। वही इस संबंध में एफसीआई के प्रबंधक सौरभ कुमार ने कुछ भी बताने से इनकार किया। सरकार के द्वारा जयनगर अनुमंडल मुख्यालय में एफसीआई का निर्माण स्तंभ के रूप में न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर खाद्यान्न की खरीद, रणनीतिक खाद्यान्न भंडार के रखरखाव, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को वितरण और बाजार में खाद्यान्न की कीमतों का स्थिर रखने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों के लिए करवाया था। मगर विभागीय उदासीनता के कारण एफसी आई गोदाम अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा।

# भ्रामक प्रतिवेदन देकर डीएम को गुमराह करने के प्रयास में सिविल सर्जन के वेतन पर लगी रोक

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

संविदा विस्तार मामले में संलिप्त कर्मी को बचाने के चक्कर में सिविल सर्जन खुद फंस गए हैं। डीएम योगेंद्र सिंह ने सिविल सर्जन के द्वारा भ्रामक प्रतिवेदन देकर उन्हें गुमराह करने पर सख्त एक्शन लेते हुए सिविल सर्जन डॉ एसके चौधरी के वेतन पर रोक लगा दिया है। स्पष्टीकरण के निस्तार होने तक सिविल सर्जन के वेतन पर रोक लगी रहेगी। इस संबंध में डीएम ने तीन दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है। बता दें कि डीएम योगेंद्र सिंह के द्वारा सिविल सर्जन डॉ एसके चौधरी से कारणपृच्छा नोटिस में कहा गया है कि सेवानिवृत सरकारी सेवकों की संविदा पर नियोजन/संविदा विस्तार हेतु गलत प्रस्ताव तैयार कर भेजने वाले कर्मियों के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई करते हुए प्रपत्र ह्लकह्व में आरोप पत्र गठित करने का सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया था। लेकिन सिविल सर्जन के द्वारा उक्त निर्देश का अनुपालन नहीं किया गया। उस कर्मी पर कार्रवाई करने के बजाए उसे बचाने का प्रयास किया गया। इसके लिए सिविल सर्जन ने स्वयं एक भ्रामक प्रतिवेदन सौंपा है। जिस तत्कालीन स्थापना उप समाहर्ता सुनीता सोनू को 21 फरवरी 2024 को यह प्रतिवेदन उपलब्ध कराने की बात कही है, जबकि स्थापना उप समाहत्तां 13 फरवरी 2024 को ही अपना प्रभार सौप कर नव पदस्थापित स्थान पर चली गई थी। इससे स्पष्ट हो गया है कि सिविल सर्जन के द्वारा दोषी कर्मी को बचाने के उद्देश्य से भ्रामक प्रतिवेदन देकर डीएम को भी गुमराह करने का प्रयास किया गया।

# जिले में आधारभूत संरचना के विकास हेतु भूमि की उपलब्तता में प्रगति : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिला में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा तथा आधारभूत संरचनाओं के निर्माण कार्य को गति प्रदान करने हेतु जमीन से संबंधित मामलों के निपटारे से लेकर आधारभूत संरचनाओं के लिए वांछित जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने में तेजी आई है। आधारभूत संरचनाओं के निर्माण कार्य को गति प्रदान करने, उसमें आनेवाले व्यवधान को दूर करने हेतु जिलाधिकारी स्तर पर प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की नियमित बैठक कर समस्या का समाधान एवं कार्य में तेजी लायी गई हैं ।साथ ही जिले में भूमि विवाद का निपटारा करने, दाखिल-खारिज का निष्पादन करने तथा आधारभूत संरचना के निर्माण हेतु भूमि चिह्नित कर उपलब्ध कराने में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन द्वारा पारू में आईटीआई के लिए 3.40 एकड़ जमीन, साहेबगंज में 520 बेड के आवासीय विद्यालय के लिए 4.95एकड़ जमीन, कुढ़नी में कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल के लिए 5 एकड़ जमीन, तथा 82 पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु जमीन चिह्नित कर प्रस्ताव विभाग को भेजा जा चुका है, जिससे जिले के विकास कार्य में तेजी आयेगी ।मुजफ्फरपुर जिला के पारु अंचल अंतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के निर्माण के लिए 3.40 एकड़ जमीन श्रम संसाधन विभाग को उपलब्ध कराया गया है। जिला में तकनीकी शिक्षा के विकास तथा आधारभूत संरचना के निर्माण को गति प्रदान करने हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा आईटीआई की स्थापना हेतु पारू में 3.40 एकड़ भूमि का चयन कर विहित प्रक्रिया के तहत प्रस्ताव श्रम संसाधन विभाग ,बिहार सरकार को भेज दिया गया है ।साहेबगंज अंचल अंतर्गत 520 आसन वाले अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या 10 + 2 आवासीय विद्यालय के निर्माण हेतु 4.95 एकड़ जमीन जिला पदाधिकारी द्वारा अपनी अनुशंसा के साथ प्रस्ताव प्रमंडलीय आयुक्त को भेजा जा चुका है ताकि भूमि का निःशुल्क हस्तांतरण पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को भेजा किया जा सके। 100 बेड के कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल के निर्माण हेतु कुढ़नी के चढुआं में 5 एकड़ भूमि के हस्तांतरण का प्रस्ताव समाहर्ता की अनुशंसा के साथ प्रमंडलीय आयुक्त के माध्यम से श्रम संसाधन विभाग को भेजा जा चुका है। इस अस्पताल के द्वारा ईएसआई एक्ट 1948 के अंतर्गत आच्छादित बीमित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में सुविधा होगी ।जिला पदाधिकारी के द्वारा सभी अंचलाधिकारी/ डीसीएलआर के साथ नियमित समीक्षात्मक बैठक कर एवं लगातार मॉनिटरिंग कर जिले में पंचायत सरकार भवन के लिए भूमि का चिन्हीकरण करने तथा निर्माण कार्य को गति प्रदान करने हेतु विभाग में प्रस्ताव भेजने के कार्य में तेजी लाई गई है। विदित हो कि जिला में 54 पंचायत सरकार भवन पूर्ण तथा क्रियाशील है। 82 पंचायत सरकार भवन के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि का चयन कर प्रस्ताव पंचायती राज विभाग को भेजा जा चुका है। 85 पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य भवन निर्माण विभाग के द्वारा किया जा रहा है तथा 30 पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के द्वारा किया जा रहा है। 38 पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य ग्राम पंचायत से किया जा रहा है ।इस प्रकार मुजफ्फरपुर जिला में जिला पदाधिकारी के मार्गदर्शन में अंचलाधिकारी से लेकर भूमि सुधार उपसमाहर्ता तथा अपर समाहर्ता राजस्व के स्तर पर विशेष ध्यान देकर अभियान के रूप में प्राथमिकता के तौर पर जमीन संबंधी मामलों के निष्पादन में तेजी लाई गई है ताकि आम लोगों के जमीन संबंधी मामलों का त्वरित निष्पादन हो तथा जिले में विकास कार्यों को गति प्रदान किया जा सके।

# दस दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह का हुआ आयोजन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को दस दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीडीएम नाबार्ड अभिनव कृष्णा व निदेशक आरसेटी प्रकाश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया। इस दौरान डीडीएम नाबार्ड ने कहा कि महिला स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकती है। साथ ही अपने परिवार को असीम ऊंचाइयों तक ले जा सकती है। महिला सशक्तिकरण राष्ट्र को सशक्त बनाने का स्रोत है। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों से उद्यम स्थापित करने में बैंकों से हर संभव मदद करने का अपील किया। निदेशक आरसेटी ने बताया कि यह प्रशिक्षण स्वरोजगार स्थापित करने में मिल का पत्थर सिद्ध हो सकता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 35 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमें मशरूम की खेती के साथ-साथ प्रशिक्षणार्थियों को बैंकिंग, उद्यमिता विकास से संबंधित विभिन्न क्रियाकलाप के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर डोमेन स्किल ट्रेनर प्रवीण कुमार, फैकल्टी श्रवण कुमार झा, बिट्टू भारती, कार्यालय सहायक शुभम सिन्हा, रूपमती कुमारी समेत अन्य मौजूद थे।

# राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर बच्चों ने चंद्रयान का मोडल प्रदर्शित किया

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान( दरभंगा ) ।राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय केवटगामा में शुक्रवार को छात्रों ने चंद्रयान 3, प्रक्षेपण यान , चंद्रमा की धरती आदि से संबंधित विभिन्न मॉडलों को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम को संचालित करते हुए विज्ञान शिक्षक जितेन्द्र कुमार ने कहा कि आज का दिन हर भारतीय के लिए गौरव का पल है। भारत 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान 3 का सफलतापूर्वक चंद्रमा की दक्षणी ध्रुव पर उतारने वाला दुनियां का पहला देश बनन का गौरव प्राप्त किया। पूरी दुनियां की नजर इसरो के इस मिशन पर था। कहा कि इसरो ने अपनी सफर साइकिल से शुरू की थी और आज चांद तक पहुंच गया है। राष्ट्रीय अंतरीक्ष दिवस पर विद्यालय के छात्र हितेश, पंकज, सचिन ,उमाशंकर,मंटून, प्रशांत, पूजा, नंदनी ने मिलकर अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित पोस्टर और चंद्रयान 3 का मॉडल बनाया जो बेहद आकर्षक था। बच्चों ने इन मॉडल्स के माध्यम से चंद्रयान 3 के प्रक्षेपण को भी समझाने का प्रयास किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक शंभू सदा ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। शिक्षक रामाकांत राय, संजय झा,दीपक कुमार झा, उमेश राय ने बच्चों को संबोधित करते हुए अंतरिक्ष के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर शिक्षक मनीष, अनिल, सुनील, स्वेता तथा छात्र प्रशांत, कमलेश, राहुल, आदर्श, विपुल, मणिकांत, सत्यम, राजकिशोर, कृष्णा ,क्रांति,प्रीति, गुड़िया, स्वाती, अन्नू,पुष्पांजलि आदि मौजूद थे।

# 20 लाख रुपए के धोखाधड़ी मामले में मुफ्फसिल पुलिस ने कल्याणपुर से आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मुफ्फसिल पुलिस ने धोखाधड़ी के एक पुराने मामले में एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अजना वार्ड नंबर छह के आनंद प्रसाद के पुत्र के शोभित प्रसाद के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध बारह पत्थर मोहल्ला के अरुण कुमार शर्मा ने पिछले साल मुफ्फसिल थाना में एफआईआर दर्ज कराया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्होंने व उनकी पत्नी ने आरोपी व उसके एक अन्य साथी को 20 लाख रुपए ईंट भट्ठा खोलने के लिए चेक के माध्यम से दिया था। इसमें 20 लाख रुपए वापस लौटाने को लेकर उनके साथ करार हुआ था। जिसके मुताबिक जब तक वह लोग उनके 20 लाख रुपए वापस नहीं लौटाते हैं, तब तक ईंट भट्ठा के मुनाफे का 50 प्रतिशत उन्हें दिया जाएगा। तय समय पर उन लोगों के द्वारा 20 लाख रुपए नहीं लौटाया गया और न ही उन्हें मुनाफे का 50 प्रतिशत दिया गया। इसको लेकर उन्हें नोटिस देने पर उन लोगों ने उनके घर पर आकर उनके व उनकी पत्नी के साथ मारपीट किया था और बाद में उनका दिया गया चेक भी बाउंस हो गया था। जिसके बाद यह मामला दर्ज किया गया था। उसी मामले में पुलिस ने आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रो प्रदीप कुमार की छठवां पुण्यतिथि मनाई जाएगी 28 को

सोनो जमुई : जमुई जिले के चकाई कॉलेज की स्थापना काल से ही अपनी अहम योगदान देने वाले चकाई छेत्र के जाने माने शिक्षाविद सह पुर्व प्राचार्य एवं भाजपा के प्रदेश स्तरीय नेता स्वः प्रोफेसर प्रदीप कुमार का छठवां पुन्यतिथि समारोह आगामी 28 अगस्त को उनके समाधी स्थल पर किया जायेगा । इस दौरान सुंदरकांड पाठ , आरती एवं श्रधांजलि समारोह के निमित्त उनके समाधी स्थल पर शुभचिन्तको द्वारा पुष्पांजलि अर्पित किया जायेगा । इसकी जानकारी भाजपा के जिला महामंत्री शालीग्राम पांडेय ने दिया । उन्होंने सभी सम्मानित महानुभावों से निवेदन करते हुए कहा कि उक्त कार्यक्रम में ससमय उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के साथ साथ दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि समर्पित करने की कृपा करें । कार्यक्रम गिरिडीह चकाई मुख्य मार्ग पर वायरलेस ऑफिस से दक्षिणी रोड पर स्थित बर्डस पाराडाईज स्कूल के सामने उनके समाधी स्थल पर किया जायेगा ।

### अवैध बालू लदे ट्रैक्टर वाहन को थाना पुलिस ने किया जब्त

गिद्धौर। गिद्धौर थाना क्षेत्र के गंगरा मोड़ मुख्य सड़क से अवैध बालू लोड कर ले जा रही एक ट्रैक्टर वाहन को गिद्धौर थाना पुलिस ने जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गंगरा पंचायत में बालू अवैध उत्खनन की जानकारी गिद्धौर थाना पुलिस को मिली। जिसको लेकर त्वरित कारवाई करते हुए प्रभारी थानाध्यक्ष सवेर्जीत कुमार,एसआई रामधारी महतों एवं पुलिस के जवान गंगरा मोड़ से जा रहे अवैध बालू ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया। वहीं थाना पुलिस द्वारा अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले गिद्धौर थाना ले आयी। इधर गिद्धौर प्रभारी थानाध्यक्ष सवेर्जीत कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के गंगरा नदी से बालू उत्खनन की जानकारी मिली थी। जिस पर मेरे नेतृत्व में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर वाहन को जब्त कर थाना लाया गया। वहीं ट्रैक्टर वाहन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

# जल निकासी नहीं होने से सड़क पर जल जमाव

- नाली का निर्माण नहीं होने से सड़क बना तलाब
- ग्रामीणों को सता रही बीमारी फैलने का डर
- नाला निर्माण का लगा है बोर्ड पर नही हो सका नाला का निर्माण
- वादे को पूरा नहीं कर रहे जनप्रतिनिधि, ग्रामीणों में आक्रोश



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] सरकार एक और जहां मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत पानी की निकासी करने के लिए गली - नली पक्की करण योजना के तहत नाला का निर्माण कराया जा रहा है। ताकि घर से निकलने वाले पानी नाला के माध्यम से बाहर निकल सके. लेकिन झाझा प्रखंड क्षेत्र के हथिया पंचायत के वार्ड नंबर दो पांडेडीह गांव में नाला का निर्माण नहीं होने से वर्षा और घर से निकलने वाले गंदा पानी सड़क पर जमा हो जाने के कारण सड़क पर जल जमाव हो गया है। सड़क तालाब में तब्दील हो गया है। ग्रामीण पंकज कुमार ने बताया कि सरकार मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत पंचायत के सभी गांव में नाली का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन वार्ड में 5 साल पूर्व नाला निर्माण को लेकर बोर्ड भी लगाया गया व नाला के लिए गड्ढे भी खोदा गया था लेकिन नाला का निर्माण नहीं हो सका। जिसके कारण गांव के लोगों को पानी में चलकर घर आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हथिया पंचायत के मुखिया सहित अन्य प्रतिनिधि इस और ध्यान भी नही दे रहे हैं। ग्रामीणों को अब भय सताने लगा है की कहीं गांव में डायरिया व मलेरिया जैसी बीमारी न फैल जाए, गांव के लोग बीमारी की चपेट में ना आ जाए। पांडेडीह गांव जाने वाली सड़क जर्जर वर्षा प्रारंभ होते ही क्षेत्र के विभिन्न गांव की सड़क पर आवाजाही करने में लोगों को परेशानी होने लगी है ।हथिया पँचायत के पांडेडीह स्तिथ गांव जाने वाली मार्ग में आवाजाही करना काफी मुश्किल हो गया है। सरकार गांव को पक्की सड़क से जोड़ने के लिए करोड़ो रुपए खर्च कर रही है, पर यहां सड़क पूरी तरह से जर्जर है। हालांकि इसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क बंनाने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन भी दिया था लेकिन इस और कोई पहल नही होने के कारण ग्रामीण थकहार कर आपस में सहयोग राशि जमा कर सड़क को मरम्मती करने का कार्य किया ।लेकिन कच्ची सड़क होने के कारण करीब बारह सौ आवादी वाले गांव के ग्रामीणों को बरसात के दिनों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,बच्चे विद्यालय कच्ची सड़क से ही जाते है ।खासकर रात के समय मे डिलवरी मरीज को अस्पताल जाने में काफी परेशानी होती है ।जर्जर सड़क होने की वजह से गांव से मरीज को लेकर ले जाने के लिए कोई ई रिक्शा या अन्य वाहन वाले भी तैयार नही होते है.जिसके कारण और भी परेशानी बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने सड़क बनाने की किया माँग स्थानीय ग्रामीण पंकज कुमार,बिकाश पांडे,गणेश कुमार,पवन पांडे,आदि लोगो ने गांव जाने वाली सड़क की मरम्मती करने की माग वरीय अधिकारियों से किया है ।ग्रामीणों ने आग्रह किया है की हमलोगों की समस्याओं को देखते हुए जल्द से जल्द सड़क बनाया जाय.ताकि हम लोगो का समस्या का समाधान हो सके। नलजल योजना का भी ग्रामीण को नही मिल रहा लाभ वार्ड दो में आज भी हर घर नल का जल योजना का लाभ वार्ड वासियों को नहीं मिल रहा है.लोग आयरनयुक्त पानी पीने को विवश है. जानकारी के अनुसार वार्ड में सात निश्चय योजना के तहत हर घर नल का जल उपलब्ध कराने को लेकर पाइप बिछा दिया गया है. कुछ दिनों तक लोगों को घर तक पानी भी पहुंचा, लेकिन अचानक पानी सप्लाई बंद हो गया यही कारण है कि लोग इस योजना का भी लाभ नहीं ले पा रहे हैं।

## लोजपा प्रखंड अध्यक्ष के पिता का निधन संजय मंडल ने परिजनों को बंधाया ढांढस





प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जमुई : लोजपा रामविलास के सोनो प्रखंड अध्यक्ष चंदन सिंह के पिता श्री दिवाकर सिंह का आकस्मिक निधन हो गया है , वे 60 वर्ष के थे । उनके आकस्मिक निधन से परिजनों मे कोहराम मच गया है । निधन की सुचना पाकर अपने सहयोगियों के साथ लोजपा रामविलास के प्रदेश महासचिव सह चकाई विधानसभा छेत्र के पुर्व विधायक प्रत्याशी श्री संजय कुमार मंडल उनके निवास स्थान डुमरी गाँव पहुँच कर मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया । साथ ही पिड़ित परिवार को इस कठिन दुःख को सहने की शक्ति एवं दिवंगत आत्मा को शॉती प्रदान करने की ईश्वर से कामना की । श्री मंडल ने बताया कि मेरे पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष चंदन सिंह के पिता श्री दिवाकर सिंह एक सच्चे इमानदार ओर कर्मठ व्यक्ति थे । वे हमारे लिए मार्ग दर्शक के रूप में थे एवं हमेशा इनके द्वारा हमे उचित मार्ग दर्शन मिला करता था , जिस कारण अचानक हुई उनके निधन से ना सिर्फ पार्टी को अपुर्निय छति हुई है बल्कि मुझे भी व्यक्तिगत छति हुआ है । लिहाजा उनके निधन से मे काफी दुःखी ओर मर्माहत हुं । इस मौके पर श्री मंडल के साथ लोजपा नेता मो0 इजहार अंसारी , सरपंच नकुल ठाकुर , दिवाकर मंडल, भोला लहेड़ी , गौतम दास आदि शामिल थे । ज्ञात हो कि बिहार सरकार के पुर्व वन मंत्री स्वः अर्जुन मंडल के बड़े पुत्र सरल स्वभावी एवं मृदु भाषी श्री प्रमोद मंडल के असामयिक निधन पर संजय कुमार मंडल ने दुःख प्रकट करते हुए इनकी दिवंगत आत्मा को शॉती एवं पिड़ित परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की । श्री मंडल ने बताया कि प्रमोद मंडल के असामयिक निधन से मे काफी दुःखी ओर मर्माहत हुं ।

## कार्यपालक पदाधिकारी के अनदेखी ने महाराजगंज मुख्य मार्ग हुआ जल मग्न



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई:- जिला मुख्यालय का व्यस्ततम बाजार महाराजगंज मुख्य मार्ग पर पानी का निकास नहीं रहने के कारण सड़कों पर पानी का जल जमाव हो जाता है। जिसके कारण नगर परिषद में रह रहे नागरिकों को चलना तो दूर, दुकानदारों के प्रतिष्ठान में बरसात का पानी घुस जाता है। इस विकट समस्या को लेकर चेंम्बर्स ऑफ कॉमर्स जमुई के उप सचिव नितेश कुमार केसरी ने जमुई नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से मिलकर इस जल जमाव का निदान हेतु आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। अन्यथा यह जल जमाव बड़ी बिमारियों का रूप धारण कर सकती है। वहीं श्री केसरी ने कहा कि महाराजगंज में जलजमाव की समस्या कोई नई समस्या नहीं है। ऐसे, नगर परिषद में की जगहें हैं जहां नाला का पानी घरों एवं प्रतिष्ठानों में प्रवेश कर रहा है ।इस जलजमाव का जल्द निराकरण नहीं किया गया तो चेंम्बर्स ऑफ कॉमर्स जमुई को मजबूरन आन्दोलन करना पड़ेगा ।इस लिए नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से अनुरोध है कि शहर के मुख्य मार्ग महाराजगंज जो कचहरी को जोड़ता है, वहां पर हो रहे जलजमाव के समस्या से जल्द से जल्द निजात दिलाएं।

# चेहल्लुम व जन्माष्टमी को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित

### अफवाह फैलाने वालों व असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी




प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। थाना परिसर में चेहल्लुम व जन्माष्टमी को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष सर्वेजीत कुमार की अध्यक्षता में हुई। थानाध्यक्ष सर्वेजीत कुमार ने सरकार के दिशा-निर्देश के आलोक में त्योहार को मनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकार के नियम का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ।वही अफवाह से बचने तथा शांति भंग करने वालों पर कड़ी नजर रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए प्रशासन अलर्ट है।

उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने के लिए सहयोग की अपील की ।वही शांति समिति बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार ने कहा कि प्रखंड अंतर्गत चेहल्लुम पर्व कही नही मनाया जा रहा है ।वही जन्माष्टमी मनाने वाले कमिटि को लाईसेंस लेना अनिवार्य है तथा डीजे बजाने पर पूर्णताः प्रतिबंध है,

अगर डीजे बजाने से कही सूचना प्राप्त होता है तो उनके ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।शांति समिति बैठक में चेहल्लुम व जन्माष्टमी पर्व को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। वही बैठक में रतनपुर पंचायत के मुखिया भोला यादव,मौरा पंचायत मुखिया धनराज यादव,पंचायत समिति दुःखन यादव,पूर्व प्रमुख श्रवण यादव,पवन यादव,शेखावत मियां,दिलीप कुमार वर्मा,नंदन यादव,इसराफिल अंसारी,मो. साहीद ,शंभू यादव,राहुल कुमार सहित दर्जनों शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## ससुराल में युवक ने जेठशाली और छोटी सास के साथ मारपीट कर किया घायल

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] पत्नी की विदाई नही करने पर नाराज युवक ने अपने ससुराल में जेठसाली और छोटी सास के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया। मामला थानाक्षेत्र के रजला गांव की है। घायल की पहचान पिंकी देवी, आशा देवी के रूप में हुई है जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। घटना को लेकर पिंकी देवी के भाई सोनू कुमार ने बताया कि मेरी बहन रिंकु कुमारी का पति सिमरका गांव के रहने वाले रंजीत कुमार घर आया और नशे में धुत होकर पिंकी को जबरन घर ले जाने की कोशिश करने लगा। जब घर के लोगों ने रंजीत को समझाने की कोशिश किया जिसपर वह गुस्सा हो गया मेरी बड़ी बहन पिंकी देवी के साथ मारपीट करने लगा और जब चाची आशा देवी बचाने के लिए आई तो उसके साथ भी मारपीट करने लगा। इससे पहले कि घर के अन्य सदस्य उसे पकड़ता वह घर छोड़कर भाग निकला।

## दंपति के साथ कि गई मारपीट

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के खैरन गांव में घर में बकरी घुस जाने के विवाद पर दंपति के साथ उसके रिश्तेदार के द्वारा मारपीट कि गई। मारपीट में घायल दंपति की पहचान ठकुरी यादव और उसकी पत्नी सिटी देवी के रूप में हुई है जिसका अस्पताल में इलाज किया गया। सिटी देवी ने बताया कि मेरा बकरी मेरे भैंसुर भोला यादव के घर में घुस गया। इसी बात को लेकर भैंसुर और गोतनी कौशिला देवी ने मारपीट करनें लगा और जब पति बचाने के लिए आए तो उसके साथ भी मारपीट किया गया।

## अंतरिक्ष के क्षेत्र में इसरो ने बढ़ाया पूरी दुनिया में भारत का मान

प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः- राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की भूमिका और उपलब्धियां विषय पर नगर परिषद स्थित आनंद विहार कॉलोनी में एक परिचर्चा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता डॉ. (प्रो.) गौरी शंकर पासवान ने की। अपने अध्यक्षीय प्रबोधन में केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गौरी शंकर पासवान ने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की भूमिका सराहनीय और अद्वितीय है। हमारा देश स्पेस में लगातार इतिहास बना रहा है। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में इसरो ने दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है। यही नहीं इसने अपने देश को अग्रणी देशों के समक्ष ला खड़ा कर दिया है। गौरतलब है कि इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन अर्थात इसरो (भारत) ने 14 जुलाई 2023 को चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण किया था,जो प्रक्षेपित होने के ठीक 40 वें दिन चांद के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर आज ही के दिन 23 अगस्त 2023 को सॉफ्ट, सुरक्षित व सफलतापूर्वक लैंडिंग कर संसार का प्रथम देश बन गया। इस अभूतपूर्व सफलता के उपलक्ष्य में ही मोदी सरकार वर्ष 2023 में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने की घोषणा की थी। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में इसरो ने कमाल कर दिखाया है.15 अगस्त 1969 को इसरो की स्थापना हुई थी और देखते ही देखते यह नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया। भारत ने अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट 19 अप्रैल 1975 को अंतरिक्ष में छोड़ा था। 22 अक्टूबर 2008 को इसरो द्वारा चंद्रयान-1 भेजा गया, जो 14 नवंबर 2008 को चंद्रमा की धरती पर पहुंचा था। चंद्रयान -1 ने चंद्रमा पर तिरंगा झंडा लहरा इतिहास रच दिया और विश्व का चौथा देश बन गया। उन्होने कहा कि हमें गर्व है कि 2014 में भारत ने मंगलयान को मंगल की सतह पर उतारकर एक नई उपलब्धि हासिल की थीं। इतना ही नहीं फरवरी 2017 को पीएसएलवी ने एक साथ 104 उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर विश्व रिकार्ड बनाने में कामयाब रहा। अतः अंतरिक्ष के क्षेत्र में इसरो की भूमिका को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। मनोविज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो रणविजय सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धि वर्तमान में सर्व विदित है। ज्ञात है कि 14 जुलाई 2023 को चंद्रयान-3 दोपहर 2: 35 बजे प्रक्षेपित हुआ था जो, 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर सॉफ्ट, सुरक्षित और सफल लैंडिंग कर दुनिया का पहला देश बन गया। वर्ष 2023 में ही 5,805 किलोग्राम वजनी 36 उपग्रह सीसी 2024 -25 के बजट में 13042.75 करोड़ रुपए आवंटित किया है। इतनी उपलब्धि के उपरांत भी अंतरिक्ष के क्षेत्र में खर्च को देश के कुछ तबका धन को पानी में बहाना जैसा मानता है। गणित के विभागाध्यक्ष डॉ यूएन घोष ने कहा कि अंतरिक्ष दिवस हमें याद दिलाता है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी की शक्ति से हमने असंभव को संभव कर दिखाया है। शुरू शुरू में अंतरिक्ष विज्ञान के मामले में दुनिया भारत का मजाक उड़ाती थी, किंतु आज समय भारत के साथ है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में इसरो का काफी योगदान है। जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की भूमिका श्लाघनीय है। विगत वर्ष 2023 में ही चंद्रयान-3 की अद्भुत सफलता ने इसरो यानि भारत का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित करा दिया है। आज छात्र-छात्राओं को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी शिक्षा के प्रति जागरूक करने कीजरूरत है। हमें अपने देश के अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन पर गर्व है।

## मुजफ्फरपुर एवं आनंद विहार के मध्य चलेगी क्लोन स्पेशल

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। रेलयात्रियों की सुविधा हेतु 05283/05284 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस- मुजफ्फरपुर विशेष गाड़ी का संचलन मुजफ्फरपुर से 24 अगस्त से 06 सितम्बर, 2024 तक तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 25 अगस्त से 07 सितम्बर, 2024 तक 14 फेरों के लिये किया जायेगा । गाड़ी संख्या 05283 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी 24 अगस्त से 06 सितम्बर तक प्रतिदिन मुजफ्फरपुर से 06.30 बजे प्रस्थान कर मोतीपुर से 07.02 बजे, मेहसी से 07.19 बजे, चकिया से 07.30 बजे, पिपरा से 07.40 बजे, बापूधाम मोतिहारी से 08 बजे, सगौली से 08.27 बजे, बेतिया से 08.52 बजे, नरकटियागंज से 09.35 बजे, हरिनगर से 09.55 बजे, बगहा से 10.27 बजे, गोरखपुर से 15 बजे, बस्ती से 16.03 बजे, गोण्डा से 17.35 बजे, लखनऊ से 20.10 बजे तथा दूसरे दिन मुरादाबाद से 01.40 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 05 बजे पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या में 05284 आनन्द विहार टर्मिनस- मुजफ्फरपुर विशेष गाड़ी 25 अगस्त से 07 सितम्बर तक प्रतिदिन आनन्द विहार टर्मिनस से 07 बजे प्रस्थान कर मुरादाबाद से 10.20 बजे, लखनऊ से 15.30 बजे, गोण्डा से 18.05 बजे, बस्ती से 19.30 बजे, गोरखपुर से 21.10 बजे, बगहा से 23.47 बजे, दूसरे दिन हरिनगर से 00.12 बजे, नरकटियागंज से 00.35 बजे, बेतिया से 01.12 बजे, सगौली से 01.37 बजे, बापूधाम मोतिहारी से 02.05 बजे, पिपरा से 02.35 बजे, चकिया से 02.47 बजे, मेहसी से 03 बजे तथा मोतीपुर से 03.22 बजे छूटकर 04.50 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी । इस गाड़ी में एस.एल.आर.डी. के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 08 तथा शयनयान श्रेणी के 07 कोचों सहित कुल 17 कोच लगाये जायेंगे ।

### रसोईघर का ताला तोड़कर चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

जमुई [झाझा] थानाक्षेत्र के डुमरहार गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय डुमरहार में रसोईघर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरो ने राशन और बत्तन की चोरी कर लिया। इस संदर्भ में विद्यालय की प्रधान शिक्षिका सुमन कुमारी ने थाना में अज्ञात चोरो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज आवेदन में प्रधान शिक्षिका ने बताई कि जब वह विद्यालय पहुंची तो पाया कि रसोईघर का ताला टूटा हुआ है जिसके बाद विद्यालय सचिव एवं ग्रामीणों को बुलाया और लोगों की उपस्थिति में रसोईघर की जांच किया तो पांच बोरा चावल, खाना बनाने में उपयोग किए जाने वाले बत्तन, टोकन, थाली, जग सहित अन्य बत्तन गायब है। प्रधान शिक्षिका के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस के द्वारा जांच पड़ताल की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### युवक पर टांगी से वार कर किया घायल

जमुई [ झाझा ] धान लगे फसल में मवेशी चराने का विरोध किए जाने पर एक युवक के साथ कुछ लोगों के द्वारा मारपीट करते हुए सिर पर टांगी से प्रहार कर घायल कर दिया। मामला थानाक्षेत्र के मनियारा गांव का है। घायल युवक की पहचान सुखदेव सोरेन के रूप में हुई है जिसे परिजनों ने अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डॉक्टर ने घायल युवक का इलाज किया। घायल युवक ने बताया कि धान लगे खेत में श्यामलाल किस्कु मवेशी चरा रहा था जिसके बाद मैने खेत से मवेशी भगाने लगा तो श्यामलाल किस्कु और उसके साथ अन्य आठ लोग मेरे साथ मारपीट करते हुए टांगी से वार कर मुझे घायल कर दिया।

### अलकजरा गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो लोग घायल

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] खेत में धान की फसल बर्बाद किए जाने के विवाद को लेकर थानाक्षेत्र के अलकजरा गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें दोनो पक्षों से कुल दो लोग घायल हो गया। एक पक्ष से घायल की पहचान रामबालक यादव के रूप में हुई जबकि दूसरे पक्ष से घायल की पहचान दिलीप यादव के रूप में हुई। दोनो पक्षों से हुए घायल को परिजनों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां घायलों का इलाज चिकित्सक के द्वारा किया गया लेकिन रामबालक की स्थिति नाजुक रहने पर उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। एक पक्ष से परिजनों ने बताया कि रामबालक दुकान के पास खड़ा था तभी दिलीप यादव, राजेश यादव फसल बर्बादी की बात को लेकर ईंट पत्थर एवं अन्य चीजों से मारपीट कर घायल कर दिया जबकि दूसरे पक्ष से घायल ने बताया कि पहले पक्ष से तीन लोगों ने मिलकर मारपीट करते हुए रामबालक ने मुझपर टांगी से प्रहार कर घायल कर दिया।

## बाढ़ के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का एक्सपोजर विजिट कराया गया



प्रात : किरण संवाददाता

बाढ़/पटना । भारतीय मानक ब्यूरो, पटना शाखा द्वारा शुक्रवार को राजकीय पॉलिटेक्निक, बाढ़, पटना, के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का एक्सपोजर विजिट कराया गया। भारतीय मानक ब्यूरो के पूरे देश में स्थित कार्यालयों द्वारा समय-समय पर विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं शिक्षकों एवं औद्योगिक समूह के लोगों का एक्सपोजर विजिट कराया जाता है। इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं औद्योगिक समूह के लोगों के बीच मानकीकरण के विषय में जागरूकता पैदा करना है। मानकीकरण के बारे में उनके बीच कई तरह जानकारी उपलब्ध करायी जाती है। ये लोग उपलब्ध जानकारी को अन्य लोगों के बीच चर्चा के माध्यम से बांटते हैं, इससे लोगों के बीच जागरूकता बढ़ती है। इसी क्रम में राजकीय पॉलिटेक्निक, बाढ़, पटना, के कुल 36 छात्र एवं छात्राएं और संकाय सदस्य सुरभि रानी, अमित राणा, रोहण शर्मा, वरूण कुमार एवं नवीन कुमार ने पटना शाखा कार्यालय एवं प्रयोगशाला का दौरा किया। इस कार्यक्रम में पटना शाखा प्रयोगशाला प्रमुख कौशिक दत्ता एवं मनोज चव्हाण, संयुक्त निदेशक, वैज्ञा. डी पटना शाखा से विजय कुमार गौरव, संयुक्त निदेशक, वैज्ञा. डी, हिमांशु कुमार, उपनिदेशक / वैज्ञा.सी एवं सुधांशु कुमार, उपनिदेशक / वैज्ञा.सी एवं प्रशांत कुमार तिवारी, एसपीओ उपस्थित थे। मनोज चव्हाण, संयुक्त निदेशक, वैज्ञा. डी ने उन्हें बीआईएस के कार्यकलापों एवं प्रयोगशाला के द्वारा किये जा रहे परीक्षणों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में श्री हिमांशु कुमार, उपनिदेशक / वैज्ञा.सी एवं सुधांशु कुमार, उपनिदेशक / वैज्ञा.सी ने छात्र-छात्राओं को भारतीय मानक ब्यूरो की विभिन्न गतिविधियों जैसे उत्पाद प्रमाणन (आई. एस. आई.) मार्क, हॉलमार्क एवं इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों पर रजिस्ट्रेशन मार्क के बारे में बताया। उन्हें असली एवं नकली आईएसआई मार्क पहचानने का भी तरीका बताया। इसके साथ ही बीआईएस केयर एप एवं ह्यअपना मानक जानें की जानकारी दी गयी। प्रयोगशाला दौरे में पटना शाखा प्रयोगशाला के विभिन्न खंडों यानि रासायनिक, यांत्रिक, सीमेंट, माइक्रोबायोलॉजी, एवं रेफरल एसेइंग लैब का दौरा कराया गया। इस दौरान छात्र एवं छात्राओं को परीक्षण कर्मियों ने जॉच की बारीकियों से अवगत कराया एवं उनके बीच जानकारी साझा किया गया।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
बाँध एवं गेट रूपाकंण प्रमंडल–1, पटना
प्रथम तल ब्लॉक बी, जल संसाधन भवन, अनिसाबाद, पटना–800002
Mob. No. –9304019190, Email- damandgate1@gmail.com
पत्रांक :–बाँ0 / गे0 / रूपां0 / प्र0सं0–01 / कार्य0 / 53 / 03(Part-II)–165पटना

अल्पकालीन पूनर्निलामी सूचना सं0– 02 / 2024–25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाँध एवं गेट रूपाकंण अंचल, पटना के **पत्रांक 253 दिनांक 27.07.2024** एवं इस कार्यालय के पत्रांक 149 दिनांक 31.07.2024 द्वारा प्रकाशित निलामी सूचना संख्या–01 / 2024–25 में किसी भी फर्म / आवेदक द्वारा भाग नहीं लिये जाने तथा बिहार वित्त नियमावली के नियम 143(1)(ख) के आलोक में बाँध एवं गेट रूपाकंण प्रमंडल–1, पटना के कार्यालय ग्रुप सं0–01, (परिशिष्ट–1) के अनुसार में वर्षो से अनुपयोगी एवं टूटे–फूटे यंत्रों–संयंत्रों एवं उपस्करों का सार्वजनिक निलामी किया जाना है।

इन सामग्रियों का मूल्यांकन प्रतिवेदन के आधार पर सामूहिक निलामी ''जैसे है उसी स्वरुप में'' के आधार पर दिनांक 31.08.2024 को 2.00 बजे अपराहन् में बाँध एवं गेट रूपाकंण प्रमंडल–1, पटना के कार्यालय में की जाएगी, जिसकी विवरणी निम्न हैः–

| क0 सं0 | अनुपयोगी यंत्रो / संयंत्रों / उपस्करो का नाम एवं संख्या | ग्रुप संख्या | निलामी की न्यूनतम बोली (रुपये में) | सुरक्षित जमा / अग्रधन की राशि (रुपये में) | निलामी की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | प्रमंडलीय सूचनापट्ट एवं परिशिष्ट 1 में संलग्न सूची के अनुसार | ग्रुप सं0–01 (परिशिष्ट 1) | 260.00 | 130.00 | 31.08.2024 |

निलामी की शर्तेः–
1. इच्छुक फर्म / आवेदक दिनांक 23.08.2024 से दिनांक 30.08.2024 तक कार्यालय अवधि में (रविवार एवं अन्य छुट्टियों को छोड़कर) सूचना पट्ट पर प्रदर्शित अनुपयोगी यंत्रो / संयंत्रों / उपस्करो की सूची देख सकते हैं।
2. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को कॉलम संख्या 05 में अंकित सुरक्षित जमा राशि / अग्रधन / प्रतिभूति की राशि दिनांक 30.08.2024 के अपराहन 3.00 बजे तक कार्यपालक अभियंता, बाँध एवं गेट रूपाकंण प्रमंडल–1, पटना के कार्यालय में आवेदन पत्र के साथ जमा करना होगा। अग्रधन की राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से **Executive Engineer, Dam and Gate Design Division-1 Patna, Payable at Patna** के नाम से भुगतेय हो जमा करने के पश्चात् ही निलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी स्थिति में आवेदन एवं सुरक्षित जमा राशि / अग्रधन / प्रतिभूति स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. विस्तृत जानकारी के लिए **(www.prdbihar.gov.in/prdbihar)** पर देखी जा सकती हैं।

कार्यपालक अभियंता
बाँध एवं गेट रूपाकंण प्रमंडल–1, पटना

PR. No.006677 (WRD) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पटना भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग
बुद्धमार्ग, पटना–800001
(ee.patna.bcd@gmail.com)

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–4 / प.भ.प्र. / 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता — कार्यपालक अभियंता, पटना भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय — दिनांक 09.09.2024 के 12:30 बजे अपराह्न तक।
   दिनांक 11.09.2024 के 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय — दिनांक 11.09.2024 को 3:30 बजे अपराह्न से।
4. निविदा खोलने का तिथि एवं समय
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान — (1) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (2) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पटना भवन प्रमंडल, पटना। (3) सहायक अभियंता का कार्यालय, बांकीपुर / राजेन्द्रनगर / भवन चिकित्सा अवर प्रमंडल, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान — कमांक 5 के अनुसार ।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing and painting work for Late Pandit Din Dayal Upadyay on the occasion of Birthday dated - 25.09.2024, Patna for the year 2024-25 | 0.99 | 2000.00 | 500.00 | Up to 23.09.2024 |
| 2 | Repairing and painting work for Dinkar Golamber Patna on the occasion of Birthday dated- 23.09.2024 Late RamDhari Singh Dinkar, Patna for the year 2024-25 | 0.60 | 1200.00 | 500.00 | Up to 21.09.2024 |
| 3 | Repairing and painting work for Late Sir Shivsagar Ram Gulam on the occasion of Birthday dated- 18.09.2024, Patna for the year 2024-25 | 0.50 | 1000.00 | 250.00 | Up to 16.09.2024 |

कार्यपालक अभियंता
पटना भवन प्रमंडल, पटना

PR. No. 006668 (BCD) 2024-25

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।
इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।
टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268

सम्पादकीय

## कहां जाएं बेटियां-बहनें

प्रख्यात क्रिकेटर सौरव गांगुली को भी विरोध-प्रदर्शन के लिए सडक पर उतरना पड़ा है। पत्नी डोना गांगुली भी उनके साथ होंगी। उन्हें बर्बर बलात्कार, महिलाओं पर अत्याचार और कार्यस्थलों पर असुरक्षा सरीखे मुद्दों पर विरोध जताना पड़ा है, क्योंकि सौरव-डोना भी एक बेटी के माता-पिता हैं। इधर कुछ घटनाओं ने उनकी आत्मा को झकझोर दिया है। सर्वोच्च अदालत में प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में तीन न्यायाधीशों की पीठ कोलकाता रेप-मर्डर कांड की सुनवाई कर रही है। सर्वोच्च अदालत ने इस कांड का स्वतः संज्ञान लिया है। बंगाल सरकार और पुलिस को खूब फटकार लगाई है और उनकी भूमिका पर कई सवाल उठाए हैं। सरकारें बड़ी मोटी खाल की होती हैं। फटकार का उन पर कोई असर नहीं पड़ता। बेशक संदर्भ कोलकाता अस्पताल में एक युवा टेनी डॉक्टर के साथ बर्बर बलात्कार और बाद में हत्या का है, लेकिन शीर्ष अदालत का सरोकार राष्ट्रीय है। खासकर अस्पतालों में महिला डॉक्टर और नर्स आदि कैसे सुरक्षित रहें, इसके मद्देनजर एक टास्क फोर्स बनाने और अस्पतालों की सुरक्षा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सौंपने के महत्वपूर्ण फैसले सुनाए गए हैं। प्रधान न्यायाधीश की यह टिप्पणी देशवासियों की आत्मा में लगातार गूंजती रहनी चाहिए कि बदलाव के लिए देश एक और दुष्कर्म और हत्या का इंतजार नहीं कर सकता। टास्क फोर्स को अपनी अंतरिम रपट तीन सप्ताह में देनी है और अंतिम रपट दो माह की अवधि में देनी है। फोर्स महिला सुरक्षा के उपाय सुझाएगी। गौरतलब यह है कि निर्भया कांड के एक साल बाद पूर्व प्रधान न्यायाधीश जस्टिस जेएस वर्मा की अध्यक्षता में सख्त ह्यपॉक्सो एक्टह्न बनाया गया। उसके बाद पॉश (प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हैरासमेंट ऑफ वूमन एट वर्कप्लेस) एक्ट बनाया गया। फांसी की सजा का प्रावधान रखा गया। क्या इन कानूनों ने बलात्कारियों को डराया? हमारी व्यवस्था में कई विसंगतियां हैं। करीब 2.43 लाख केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में लंबित पड़े हैं। इनमें पॉक्सो केस भी हैं। हर रोज बलात्कार के केस आ रहे हैं और सरकारें फास्ट ट्रैक कोर्ट के आश्वासन देती रहती हैं। पीड़िता को इंसाफ मिलना बहुत दूर की कौड़ी है। बहरहाल अब मौजूदा संदर्भ में सर्वोच्च अदालत के अंतिम फैसले की प्रतीक्षा है, लेकिन आदमी की ह्यपाशविक हवसह्न अब दरिंदगी की हदें भी पार कर चुकी है। हम बलात्कारियों, हत्यारों को इनसान नहीं मान सकते, वे ह्यजानवरह्न से भी अधिक खौफनाक हैं। अब हालात ये बन गए हैं कि बेशक बेटी 3-4 साल की हो और स्कूल जाना शुरू ही किया हो। बेटी बड़ी होकर कॉलेज में पढ़ती हो अथवा गहन पढ़ाई करके डॉक्टर बनी हो और एक सरकारी अस्पताल में कार्यरत हो। बेटी कहीं जाने के लिए राज्य परिवहन की बस में बैठी हो या बाजार में किसी काम से गई हो। उम्र 60 पार कर चुकी हो और विधवा महिला हो! अब ऐसी बेटियां, नाबालिग या बालिग लड़कियां अथवा उम्रदराज विधवा महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। वे सामूहिक दुष्कर्म का शिकार हो रही हैं। आखिर यह देश कैसा बन गया है? कोई भी राज्य इन जघन्य, बर्बर अपराधों से अछूता नहीं है। अभी तो सर्वोच्च अदालत के सामने वे ही तथ्य और आंकड़े आएंगे, जो पुलिस ने दर्ज किए होंगे। जिन्हें डर, खौफ के कारण दर्ज नहीं कराया गया अथवा पुलिस ने टालमटोल कर अपराध पर मिट्टी डाल दी, उन अपराधों का संज्ञान कौन लेगा? 2012 के नई दिल्ली के अमानवीय निर्भया कांड के बाद भी 3.33 लाख बलात्कार किए गए हैं, जबकि 1971-2022 के लंबे कालखंड में 8.23 लाख बलात्कार के केस दर्ज किए गए थे। बलात्कार किस गति और अनुपात से बढ़ रहे हैं, आश्चर्य होता है। क्या देश में बेटियां, बहनें और महिलाएं सिर्फ बलात्कार की वस्तु बनकर रह गई हैं? क्या अब वे ह्यदेवीह्न नहीं रहीं? सर्वोच्च अदालत के न्यायाधीशों ने ऐसे हालात, परिवेश, अपराधों पर चिंता जताई है।

## विनिर्माण क्षेत्र में बदलती भारत की तस्वीर

प्रहलाद सबनानी

भारत में आज भी देश की लगभग 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण इलाकों में निवास कर रही है और वह अपने रोजगार के लिए सामान्यतः कृषि क्षेत्र पर निर्भर है तथा देश की कुल अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योगदान केवल 16-18 प्रतिशत के आसपास बना रहता है। अब यदि देश की 60 प्रतिशत आबादी देश के सकल घरेलू उत्पाद में केवल 16-18 प्रतिशत तक का योगदान दे पा रही है तो स्वाभाविक रूप से इस क्षेत्र में गरीबी तो बनी ही रहेगी। परंतु, यह स्थिति अब धीरे धीरे बदल रही है क्योंकि हाल ही के वर्षों में भारत के विनिर्माण क्षेत्र का योगदान देश के सकल घरेलू उत्पाद में बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते ग्रामीण इलाकों के नागरिक शहरी क्षेत्रों में स्थापित की जा रही विनिर्माण इकाइयों में रोजगार के नए अवसर प्राप्त करने के उद्देश्य से शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। विनिर्माण क्षेत्र में कई ऐसे नए क्षेत्र भी उभरकर सामने आए हैं जिन क्षेत्रों में भारत में उत्पादन बहुत कम मात्रा में होता रहा है। उदाहरण के लिए रक्षा क्षेत्र, दवा क्षेत्र, सेमी-कंडक्टर निर्माण क्षेत्र एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का क्षेत्र आदि का वर्णन यहां प्रमुख रूप से किया जा सकता है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में स्वदेशी रक्षा के क्षेत्र में उत्पादन की मात्रा 1.27 लाख करोड़ रुपए की रही है जो पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय 16.7 प्रतिशत अधिक है। यह भारत सरकार द्वारा देश में उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकारी नीतियों और सरकार के प्रयासों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है। वर्तमान में रक्षा के क्षेत्र में उत्पादन करने वाली इकाईयों में सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा संयुक्त रूप से प्रयास किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान उक्त वर्णित उत्पादन में सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों का योगदान 79.2 प्रतिशत का रहा है जबकि निजी क्षेत्र की कम्पनियों का योगदान 20.8 प्रतिशत का रहा है। हर्ष का विषय तो यह भी है कि रक्षा के क्षेत्र में भारत में निर्मित किए जा रहे उत्पादों की अन्य देशों में भारी मांग निर्मित होती जा रही है और इन उत्पादों का निर्यात भी लगातार बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपए के मूल्य का निर्यात भारत से विभिन्न देशों में किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत अधिक है और यह भारत में रक्षा के क्षेत्र में हुए कुल उत्पादन का लगभग 20 प्रतिशत है। निर्यात में यह वृद्धि न केवल वैश्विक रक्षा बाजार में भारत के बढ़ते पदचिन्हों को दशार्ती है, बल्कि आत्मनिर्भरता और नवाचार के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को भी दशार्ती है। भारत में विनिर्माण इकाईयों की स्थापना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाल ही के समय में कई रणनीतिक पहल भी केंद्र सरकार द्वारा की गई है, जैसे, मजबूत नीतिगत ढांचे को विकसित करना, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देना, अनुसंधान एवं विकास कार्यों में पर्याप्त निवेश को बढ़ावा देना, आदि शामिल हैं। स्वदेशीकरण की नीति के अनुपालन का असर भी रक्षा के क्षेत्र में उत्पादन एवं निर्यात में हो रही भारी भरकम वृद्धि के रूप में दिखाई देने लगा है। रक्षा के क्षेत्र में उपयोग होने वाले सैकड़ों उत्पादों के आयात पर रोक लगाकर इन उत्पादों का उत्पादन भारत में ही करने के निर्णय का असर भी अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। रक्षा के क्षेत्र में विभिन्न उत्पादों का उत्पादन भारत में ही करने की नीति को लागू करने से देश में न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा बल्कि देश में आर्थिक प्रगति, तकनीकी उन्नति एवं रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा। रक्षा क्षेत्र की तरह ही, हाल ही के समय में भारत ने उत्पादन के कई नए क्षेत्रों में प्रवेश किया है। कुछ वर्ष पूर्व तक दवा निर्माण के क्षेत्र में उपयोग किए जाने वाले एपीआई (ऐक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडीयंट) नामक कच्चे माल का लगभग पूरे तौर पर चीन से आयात किया जाता था। परंतु, कोरोना महामारी के दौरान भारत को यह अहसास हुआ कि यदि चीन इस कच्चे माल का निर्यात भारत को करना कम कर दे अथवा बंद कर दे तो भारत में तो दवा उद्योग की इकाइयों में निर्माण कार्य ही ठप्प पड़ जाएगा। इसके बाद केंद्र सरकार ने एपीआई के उत्पादन को भारत में ही करने का फैसला लिया, आज स्थितियां पूर्णतः बदल गई है एवं एपीआई का निर्माण भारत में ही किया जाने लगा है। सम्भव है कि आगे आने वाले कुछ समय में एपीआई के निर्माण के क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भरता हासिल कर लेगा। भारत आज एपीआई के उत्पादन के क्षेत्र में विश्व में तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश बन गया है एवं भारत की वैश्विक एपीआई उद्योग में 8 प्रतिशत की हिस्सेदारी बन गई है। आज भारत में 500 से अधिक प्रकार के विभिन्न एपीआई का उत्पादन किया जा रहा है। भारत में एपीआई का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय दवा उद्योग में तेज गति से वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है और आज यह देश के सकल घरेलू उत्पाद में 1.72 प्रतिशत का योगदान देने लगा है एवं दवा उद्योग आज देश में रोजगार के करोड़ों अवसर निर्मित कर रहा है।

# देश में सुरक्षा का वातावरण नहीं है आखिर क्यों? सोचना चाहिए

**समाज का कोई भी ऐसा वर्ग नहीं जो अपने को असुरक्षित महसूस नहीं कर रहा हो। यहां तक कि वे भी अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं जिन पर दूसरों को सुरक्षा देने की जिम्मेदारी है। आखिर क्यों? शायद इसलिए कि लोगों में अब कानून का भय खत्म हो गया है। प्रसिद्ध शासकीय अधिकारी श्री एम. एन. बुच (जो अब नहीं हैं) बताते थे कि जब वे बैतूल में कलेक्टर थे किसी विषय को लेकर एकाएक बड़ी भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ ने आक्रामक रूप ले लिया। जिस स्थान पर भीड़ थी और अपना रोष प्रकट कर रही थी, उस स्थान पर पुलिस का एक ही सिपाही था। उसने भीड़ के लिए एक रेखा खींच दी और कहा कि जो इस रेखा को पार करेगा उसे सख्त कानून का सामना करना पड़ेगा। उसकी इस चेतावनी का असर हुआ और भीड़ आगे नहीं बढ़ पाई। लॉ एंड आर्डर अथोरिटी अधिकारियों का ऐसा ही दबदबा हुआ करता था। अब तो आए दिन यह खबरे मिलती हैं कि रेत खनन माफिया ने बड़े अधिकारी पर हमला किया। जब उसने उनके विरूद्ध चोरी कर रेत ले जाने का अपराध कायम किया। अभी तक कई बड़े-बड़े अधिकारी खनन माफिया के शिकार हो चुके हैं। अनेक कॉलेजों में और स्कूलों में आए दिन शिक्षकों पर हमले होते हैं। कुछ दिन पहले उज्जैन में सरेआम एक शिक्षक की हत्या कर दी गई। अभी हाल में भोपाल के एक कॉलेजों के संचालक पर दिन-दहाड़े हमला कर दिया गया। हमला करने वाले विद्यार्थी परिषद से संबंधित थे। विद्यार्थी परिषद इस समय के सत्ताधारी पार्टी से संबंधित हैं। रेलवे में यदि टीआई टिकट का पूछता है तो उस पर हमला कर दिया जाता है। अतिक्रमण कर अनेक लोग मकान बना लेते हैं।**



एल.एस. हरदेनिया

कोलकता में एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म किया गया और उसकी हत्या भी कर दी गई। यह अत्यधिक दुखद घटना है। इसके विरोध में पूरे देश के डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्यकर्मी आक्रोश प्रकट कर रहे हैं। डॉक्टरों के साथ यह पहली घटना नहीं है। डॉक्टर अब सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम मांग रहे हैं। उनका कहना है कि उनकी सुरक्षा के लिए केन्द्रीय सरकार कानून बनाए। यहाँ यह बताना आवश्यक होगा कि पूरे देश में इस समय असुरक्षा की भावना है। समाज का कोई भी ऐसा वर्ग नहीं जो अपने को असुरक्षित महसूस नहीं कर रहा हो। यहां तक कि वे भी अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं जिन पर दूसरों को सुरक्षा देने की जिम्मेदारी है। आखिर क्यों? शायद इसलिए कि लोगों में अब कानून का भय खत्म हो गया है। प्रसिद्ध शासकीय अधिकारी श्री एम. एन. बुच (जो अब नहीं हैं) बताते थे कि जब वे बैतूल में कलेक्टर थे किसी विषय को लेकर एकाएक बड़ी भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ ने आक्रामक रूप ले लिया। जिस स्थान पर भीड़ थी और अपना रोष प्रकट कर रही थी, उस स्थान पर पुलिस का एक ही सिपाही था। उसने भीड़ के लिए एक रेखा खींच दी और और कहा कि जो इस रेखा को पार करेगा उसे सख्त कानून का सामना करना पड़ेगा। उसकी इस चेतावनी का असर हुआ और भीड़ आगे नहीं बढ़ पाई। लॉ एंड आर्डर अथोरिटी अधिकारियों का ऐसा ही दबदबा हुआ करता था। अब तो आए दिन यह खबरे मिलती हैं कि रेत खनन माफिया ने बड़े अधिकारी पर हमला किया। जब उसने उनके विरूद्ध चोरी कर रेत ले जाने का अपराध कायम किया। अभी तक कई बड़े-बड़े अधिकारी खनन माफिया के शिकार हो चुके हैं।

अनेक कॉलेजों में और स्कूलों में आए दिन शिक्षकों पर हमले होते हैं। कुछ दिन पहले उज्जैन में सरेआम एक शिक्षक की हत्या कर दी गई। अभी हाल में भोपाल के एक कॉलेजों के संचालक पर दिन-दहाड़े हमला कर दिया गया। हमला करने वाले विद्यार्थी परिषद से संबंधित थे। विद्यार्थी परिषद इस समय के सत्ताधारी पार्टी से संबंधित हैं। रेलवे में यदि टीआई टिकट का पूछता है तो उस पर हमला कर दिया जाता है। अतिक्रमण कर अनेक लोग मकान बना लेते हैं। जब अधिकारी उनको हटाने जाते हैं तो उन पर हमला कर दिया जाता है। बिजली का बिल नहीं देने पर बिजली बोर्ड के अधिकारी उस क्षेत्र की बिजली काटने जाते हैं तो उन्हें मारकर भगा दिया जाता है। बैंक का कर्ज वसूल करने के लिए यदि टीम जाती है तो उसे मोहल्ले में प्रवेश नहीं दिया जाता है। महिलाओं के साथ आए-दिन दुष्कर्म हो रहे हैं। जब अपराधी को गिरफ्तार करने की कोशिश की जाती है तो इसी तरह की प्रतिक्रिया होती है और प्रभावशाली व्यक्ति उस अपराधी की रक्षा में खड़े हो जाते हैं।

अभी हाल में एक भाजपा के विधायक ने सांसदों को गाली (चूतिया कहा) दी और कहा कि इन्हें संसद से बाहर कर दिया जाये। अभी तक उसके खिलाफ क्या कार्यवाही की गई पता नहीं है। बिहार की राजधानी पटना में विरोधी दल के बड़े नेता इकट्ठा हुए थे। भाजपा ने इस घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि पटना में चोरों का सम्मेलन हो रहा है। कुल मिलाकर यदि वास्तविक हिंसा नहीं तो एक-दूसरे के बारे में हम हिंसक भाषा का उपयोग कर रहे हैं। इसे कैसे रोका जाए? यदि डॉक्टर के साथ हिंसा जारी रही तो फिर रोगियों का क्या होगा। कोलकता की घटना के पीछे क्या तथ्य हैं यह पता नहीं लगा है। परंतु जो समाज को संचालित करते हैं और जिनका समाज पर दबदबा रहना चाहिए यदि वे ही ऐसी स्थिति में आ जाएं कि वे असामाजिक तत्वों से डरें और अपना कर्तव्य निर्वहन न कर पाएं तो पूरे समाज में अराजकता फैल जाएगी। ब्रिटेन में पुलिस का इतना दबदबा है कि साधारणतः असामाजिक तत्व अपना सिर नहीं उठा पाते हैं। अमरीका में भी असामाजिक तत्वों को भी डर कर रहना पड़ता है। वहां न्याय की प्रक्रिया अत्यधिक द्रुत गति से चलती है। अभी कुछ दिन पहले वहां के एक काले नागरिक को गौरे पुलिस वाले ने मारडाला था। उसका अपराध द्रुत गति से तय हुआ और उसे आवश्यक सजा दी गई। हमारे देश में तो बरसों लग जाते हैं एक अपराधी को दंडित करने में। हमारे वर्तमान देश के मुख्य न्यायाधीष श्री चंद्रचूड़ इस संबंध में अनेक बार चिंता प्रकट कर चुके हैं। परंतु फिर भी स्थिति में कोई सुधार नहीं है। सुरक्षा अकेली डॉक्टरों की नहीं पूरे समाज की आवश्यक है। यह कैसे संभव हो इस पर पूरे देश को विचार करना आवश्यक है। वैसे जहां तक डॉक्टरों की सुरक्षा का सवाल है आम लोगों में डॉक्टरों की प्रतिष्ठा में काफी कमी आई है। आम लोगों का चिंतन है कि डॉक्टर साधारणतः उनसे ज्यादा वसूली करते हैं। इस समय तो जो डॉक्टर अपने को प्रतिष्ठित समझते हैं उनमें से बहुसंख्यक ने अपनी कंसल्टेशन फीस 1000/- रूपए तक कर दी है। फिर कई किस्म की जाँचों को करवाना भी आवश्यक बता देते हैं। इनमें खून की जांच, एक्स-रे और भी अनेक किस्म की जांचे शामिल हैं।

स्वर्गीय बाबूलाल गौर एक किस्सा बताते थे। चुनाव में उनके विरोध में भोपाल के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर बिसारिया चुनाव लड़ रहे थे। वे मतदाताओं से संपर्क कर रहे थे। जब वे एक वरिष्ठ मतदाता के पास पहुंचे और उनसे वोट देने का अनुरोध किया तो उस मतदाता ने कहा कि मेरा वोट आपको उसी समय मिलेगा जब आप मुझे 200 रुपए देंगे। बिसारिया जी ने उस मतदाता से पूछा कि वोट देने के लिए पैसे की मांग तो मैं पहली बार सुन रहा हूँ। इस पर उस मतदाता ने कहा कि जब मैं आपके पास अपनी बीमारी का इजाल करवाने गया तो आपने पहले 200 रूपए रखवा लिये थे और सिर्फ मेरी नाड़ी देखकर मेरा इलाज बता दिया था। इस पर डॉक्टर बिसारिया को हंसी आना स्वभाविक था। परंतु यह एक उदाहरण है कि आम आदमी डॉक्टरों के बारे में क्या रवैया रखता है। आए दिन अखबारों में इस तरह के लेख छपते हैं कि जितने लोग डॉक्टरों के इलाज से ठीक होते हैं उतने ही लोग डॉक्टरों द्वारा गलत प्रिस्क्रिप्शन बताने से मरते हैं। फिर दवाईयों की कीमतों में अनापशनाप पैसा वसूल होता है। कुल मिलाकर आम आदमी के लिए इलाज उसकी पहुंच से बाहर हो गया है। यहां पर मैं दो अद्भुत उदाहरण देना चाहूंगा।

इंदौर में एक जाने-माने डॉक्टर थे। वे अपनी परामर्श फीस के रूप में सिर्फ 16 रूपए लेते थे। उनका ज्ञान भी अद्भुत था। भारी संख्या में लोग उनके पास इलाज के लिए जाते थे। एक मौका ऐसा आया जब इंदौर के अनेक डॉक्टरों ने उनसे अनुरोध किया कि वे अपनी परामर्श फीस बढ़ा दें परंतु वे अपनी फीस पर कायम रहे।

# 240 की मजबूर, विभाजक मोदी सरकार!

शकील अख़्तर

कृषि कानूनों पर 303 सीटों पर जब बैक फुट पर आना पड़ा था तो अब तो 240 ही हैं। चिराग पासवान और जीतनराम मांझी भी सवाल उठा देते हैं। जेडीयू के के सी त्यागी भी। सरकार बने अभी दो महीने हुए और चार बार भक्तों को शर्मिंदा होना पड़ा। सबसे पहले बजट में मिडिल क्लास के चार पैसे के अतिरिक्त लाभ को छीनने के लिए लाया गया कैपिटल गैन टैक्स वापस लिया। मीडिया के अंध सपोर्ट के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी को लैटरल एंट्री का आदेश वापस लेना पड़ा। हालांकि यह अभी निकाली गई एक ही भर्ती रोकी गई है। क्योंकि यह ब्यूरोक्रेसी के उच्च और मध्यम दर्जे के पदों के लिए थी। और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इसका कड़ा विरोध करते हुए सीधे भारतीय प्रशासनिक सेवा को तबाह करने और आरक्षण को खत्म करने का आरोप लगया था। जिसका जवाब भाजपा के मंत्री, मीडिया नहीं दे पा रहे थे। भक्त तो बेचारे देते क्या? वे तो सोशल मीडिया पर बस मोदी मोदी कर रहे थे।

लेकिन दबाव में आए मोदी के अचानक आदेश वापस लेने से भक्त फिर बेइज्जत हो गए। मीडिया पर तो अब इज्जत बेइज्जती का प्रभाव पड़ता नहीं इसलिए उसे कोई फर्क नहीं पड़ा। सुबह होते ही वह नया टास्क मांगने लगा। उसे रोज सुबह नया अजेंडा थमाया जाता है, आज के काम का।

पहले अखबार जब अखबार हुआ करते थे तो उनमें शहर के पृष्ठ पर एक कॉलम हुआ करता था आज के कार्यक्रम! ऐसे ही सुबह मोदी सरकार की तरफ से मीडिया को आज दिन में कौन कौन सी खबरें चलाना है। झूठी खबर गढ़ना है। राहुल पर कैसे आक्रमण करना है। शाम की डिबेट काहे पर होंगी सब थमा दिया जाता है। तो मीडिया के पास सोचने का समय ही नहीं होता या उसे दिया नहीं जाता। लेकिन भक्त तो दिन भर फालतू हैं। नौकरी धंधा छीना ही इसीलिए गया था कि सस्ते लोग मिल सकें। और यह बहुत कम पैसों में काम करने वाले लोग बेचारे बार बार दोई दीन से गए। संडे हलवा मिला ने मंडे वाली स्थिति में पहुंच जाते हैं। पैसा भी कम और बेइज्जती घणी! घणी राजस्थानी शब्द है। घणी यानि बहुत। तीन कृषि कानूनों के मामले में भी ऐसा ही हुआ था। भक्तों ने किसानों को आतंकवादी, खालिस्तानी, मवाली सब घोषित कर दिया था। और मोदी जी ने न केवल कानून वापस लिए बल्कि माफी भी मांग ली। स्थिति गंभीर है। 303 सीटों पर जब बैक फुट पर आना पड़ा था तो अब तो 240 ही हैं। चिराग पासवान और जीतनराम मांझी भी सवाल उठा देते हैं। जेडीयू के के सी त्यागी भी। सरकार बने अभी दो महीने हुए और चार बार भक्तों को शर्मिंदा होना पड़ा। सबसे पहले बजट में मिडिल क्लास के चार पैसे के अतिरिक्त लाभ को छीनने के लिए लाया गया कैपिटल गैन टैक्स वापस लिया। मिडिल क्लास जो मोदी का सबसे बड़ा समर्थक था उसे दस साल में मिला तो कुछ नहीं। उल्टे वह जो थोड़ी बहुत बचत करके एक छोटा सा मकान बना लेता था। उसे बेचने पर भारी टैक्स लगा दिया गया था। मीडिल क्लास तो हिल गया। उसके तेवर देख यह वापस लेना पड़ा। वक्फ बिल लाए कि वापस हिन्दू-मुसलमान शुरू करेंगे। मगर संख्या तो 240 ही है। लोकसभा में पास करवाने के लिए 272 चाहिए थीं। सब सहयोगियों चन्द्रबाबू नायडू, नीतीश कुमार, चिराग पासवान, जीतनराम मांझी, जयंत चौधरीने मना कर दिया। मजबूर होकर इसे जेपीसी (संयुक्त संसदीय दल) को भेजना पड़ा।

पर मीडिया पूरी तरह समर्पित है। हालांकि यू ट्यूब, सोशल मीडिया और मुख्य मीडिया का भी एक हिस्सा जनता की आवाज उठा रहा है जो पत्रकारिता का मुख्य काम है। इस पर काबू पाने के लिए ब्राडकास्ट बिल लाया जा रहा था। मगर चौतरफा दबाव के कारण उसे भी रोक देना पड़ा। और चौथा बड़ा फैसला अभी मंगलवार को देखा जब लैटरल एंट्री का निकाला गया विज्ञापन तक वापस लेना पड़ा। लेकिन यह याद रहे कि सिर्फ एक आदेश वापस लिया गया है। बाकी सब चुपचाप चल रहा है। अभी कृषि वैज्ञानिकों के 368 पद निकाले गए थे। साफ लिखा था कि इसमें आरक्षण लागू नहीं होगा। इस तरह के बहुत से विभागों में चुपचाप लैटरल एंट्री की जा रही है। यह मैरिट पर बहुत बड़ा डाका है। हजारों लड़के लड़कियां रात दिन सिविल सर्विसेज और दूसरे प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी करते रहते हैं। कड़ी मेहनत और मुश्किल परिस्थितियों में एक्जाम देने के बाद वह पाते हैं कि अधिकांश जगहों पर तो लैटरल एंट्री कर ली गई है। बिना एक्जाम अपने लोगो को लगा लिया गया है। अभी इससे पहले ऐसे ही जो उच्च और मिडिल रेंक में भर्तियां की गईं थीं। उनमें आधे अंबानी, अडानी के यहां काम करने वाले लोग थे। इन्हें सरकार में भेजा ही इसीलिए जाता है कि वहां बैठकर वह अपने सेठों की सेवा करेंगे।

भारत की सीविल सर्विस एक पेशेवर संस्था मानी जाती है। अभी तक वहां सिलेक्शन भी काफी हद तक पारदर्शी तरीके से बिना भेदभाव के होते आया था। कार्यपालिका को लोकतंत्र का एक मजबूत स्तंभ कहा गया है। संवैधानिक तौर पर। तीन लिखित पिलर में से एक। विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका। एक चौथा मीडिया तो इसे खुश करने के लिए जबर्दस्ती कहा जाने लगा था। मगर उसका संविधान में कहीं जिक्र नहीं है। सबसे पहले वही पोला निकला। एकदम झुक गया। अब कार्यपालिका को तोड़ने की बारी है। लेकिन समय रहते राहुल गांधी के कड़े प्रतिरोध और सहयोगी दलों की नाखुशी के बाद फिलहाल इस पर ब्रेक लग गया है। मगर जब तक सरकार नीतिगत तौर पर यह नहीं कहती कि सारी नियुक्तियां विधिवत पारंपरिक तरीके से ही होंगी। बीच में से किसी को भर्ती नहीं किया जाएगा। लैटरल एंट्री बिल्कुल बंद की जा रही है तब तक विपक्ष को और भाजपा के सहयोगी दलों को सावधान रहना होगा। रहना तो अफसरों को भी होगा। क्योंकि उनकी सर्विस में ही यह मिलावट डाली जा रही है। जो उनके दबदबे और प्रतिष्ठा को मिटा देगी।

जैसे जवानों से अब पूछा जाता है कि रेगुलर या अग्निवीर? वैसे ही आईएएस से पूछा जाएगा असली वाले या नकली वाले? देश को बहुत खतरनाक स्थिती पर ले आए हैं। दलित आदिवासी भारत बंद कर रहे हैं। कभी सुना था कमजोर को बंद का कॉल देते? दस साल में दूसरी बार दिया है। कहीं जोर जबर्दस्ती नहीं। मगर फिर भी पुलिस लाठियां मार रही है। बंद का मजाक उड़ाया जा रहा है। पुलिस को उकसाया जा रहा है। आम जनता को भड़काया जा रहा है।

इससे पहले 2018 में दलितों ने किया था। उन पर गोली चलाई गई। कई दलित युवक मारे गए थे। यह हिंसा कौन करता और करवाता है। क्या भारत का दलित इतना दबंग हो गया कि वह सार्वजनिक हिंसा करे?

उसे तो मोदी सरकार ने इतना मजबूर कर दिया कि उसे अपनी आवाज उठाने के लिए बंद का वह हथियार उठाना पड़ा जो उसके लिए नहीं बना। बंद कमजोर का हथियार नहीं है।

बंद तो हमारे समय में छात्र किया करते थे। एक कॉल होती थी और बाजार बंद हो जाते थे। ऐसे ही व्यापारियों का बंद होता था। बाजार उनके होते थे। कोई समस्या नहीं होती थी। ऐसे ही भाजपा का बंद। व्यापारी उनके समर्थक होतेथे। एक काल में बाजार बंद कर देते थे। मगर कमजोर के लिए बंद नहीं है। बाजार उसके नहीं हैं। पुलिस उसके नीला गमछा डालकर निकलने पर ही मार रही है। उसकी सबसे बड़ी नेता बनने का दावा करने वाली मायावती में सड़क पर निकलने की हिम्मत नहीं है। जब से ट्वीट आ गया है वे केवल ट्वीट करती हैं। ऐसा ही गोलमोल सा कि भाजपा को बुरा भी नहीं लगे और उनकी जाति का वोटर समझे कि बहन जी उसके पक्ष की बात कर रही हैं। अब वे सारे दलितों की बात भी नहीं करती हैं। अभी लोकसभा चुनाव हारने के बाद साफ कहा कि मेरी जाति के लोगों ने मुझे वोट दिए। बाकी मुसलमानों का साफ विरोध किया ही इन्होंने वोट नहीं दिया है। आगे से इन्हें देखेंगे। लेकिन अपनी जाति के अलावा बाकी दलित जातियों पर शक कर लिया कि तुमने भी वोट नहीं दिया। कांशीराम ने आम्बेडकर ने दलित एकता बनाई थी। मगर मोदी सरकार की तरह मायावती भी इसमें विभाजन करने लगी हैं। दरअसल यह सारा खेल ही नफरत और विभाजन का है। प्रधानमंत्री मोदी को तो इसके अलावा कुछ आता नहीं है।

## श्री कृष्ण भक्तों का महापर्व - जन्माष्टमी

श्रीमती प्राची जुवेकर (सनातन संस्था)

पुराणों के अनुसार सतयुग, द्वापर, त्रेता और कलयुग इन चार युगों में समयकाल विभाजित है। द्वापर युग में युगपुरूष के रूप में असमान्य शक्तियों के साथ श्री कृष्ण ने भाद्रपद माह के कृष्णपक्ष की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में मध्यरात्री में कंस के कारागृह में जन्म लिया। श्री कृष्ण को भगवान विष्णु का आठवां अवतार माना जाता है अतः हर वर्ष भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष को जन्माष्टमी के रूप में मनाते हैं। इस वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी 26 अगस्त को मनाई जा रही है।

कृष्ण जन्माष्टमी के दिन भगवान श्री विष्णु ने भगवान कृष्ण के रूप में पृथ्वी पर अवतार धारण किया। इस दिन श्री कृष्ण का तत्त्व पृथ्वी पर नित्य की तुलना में 1000 गुना अधिक कार्यरत होता है। इसलिए इस दिन कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव मनाने तथा ह्यॐ नमो भगवते वासुदेवाय ह्न का जाप समान अन्य कृष्ण की उपासना भावपूर्ण रूप से करने पर हमें उसका अधिक लाभ मिलता है। इस दिन श्रीकृष्ण की मन से पूजा करने से यश, कीर्ति, पराक्रम, ऐश्वर्य, सौभाग्य, वैभव, संतान प्राप्ति, धन, सपन्नता, आरोग्य, आयु तथा सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। जन्माष्टमी के दिन ध्यान, जाप और रात्रि जागरण का विशेष महत्व माना गया है।

इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि से निवृत्त हो जाएं। घर के मंदिर में साफ- सफाई करें। घर के मंदिर में दीप प्रज्वलित करें। इस दिन भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप यानी लड्डू गोपाल की पूजा की जाती है। लड्डू गोपाल का जलाभिषेक करें। इस दिन लड्डू गोपाल को झूले में बैठाएं। लड्डू गोपाल को झूला झूलाएं। अपनी इच्छानुसार लड्डू गोपाल को भोग लगाएं। इस बात का ध्यान रखें कि भगवान को सिर्फ सात्विक चीजों का भोग लगाया जाता है। लड्डू गोपाल की सेवा पुत्र की तरह करें। इस दिन रात्रि पूजा का महत्व होता है, क्योंकि भगवान श्री कृष्ण का जन्म रात में हुआ था। रात्रि में भगवान श्री कृष्ण की विशेष पूजा- अर्चना करें। लड्डू गोपाल को मिश्री, मेवा का भोग भी लगाएं। लड्डू गोपाल की आरती करें। इस दिन लड्डू गोपाल का अधिकाधिक भाव से सेवा करे व ध्यान रखे।

गोकुलाष्टमी को दिन भर उपवास रख, रात्रि बारह बजे एक पालने में बालकृष्ण का जन्म मनाया जाता है। उसके उपरांत प्रसाद ग्रहण कर उपवास छोडते हैं अथवा दूसरे दिन सवेरे दहीकाला का प्रसाद लेकर उपवास छोडते हैं। विभिन्न खाद्यपदार्थ ह्न दही, दूध, मक्खन, इन सबके मिश्रण को काला कहते हैं।

भगवान श्री कृष्ण जन्म का समय रात्रि 12 होने के कारण उससे पूर्व जन्माष्टमी पूजन की तैयारी कर लें।

जन्माष्टमी की पवित्रता बनाए रखने के लिए इससे बचें !

1. लाखों रुपये की प्रतियोगिता आयोजित कर उत्सव का व्यावसायीकरण!

2. त्योहार के लिए तम्बाकू, गुटखा आदि के विज्ञापन या उनके निमार्ताओं द्वारा प्रायोजन!

3. इस अवसर पर जुलूस निकालना, शराब पीना, नाचना, पानी के गुब्बारे फेंकना और महिलाओं से छेड़छाड़ करना!

जन्माष्टमी के दौरान उत्पात से बचने के लिए हिंदुओं ये करें !

1. आवारागर्दी, महिलाओं से छेड़छाड़ जैसी कोई भी गलत हरकत पाए जाने पर पुलिस को सूचना दें!

2. गोकुलाष्टमी उत्सव मंडलों के पदाधिकारियों से मिलें और उन्हें कदाचार के बारे में बताएं!

कृष्ण भक्तों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं !

# मां छिन्नमस्तिका - दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा शक्तिपीठ

जितेन्द्र कुमार सिन्हा

पटना। असम के कामाख्या मंदिर के बाद दुनिया के दूसरे सबसे बड़े शक्तिपीठ के रूप में विख्यात है मां छिन्नमस्तिके मंदिर। यह मंदिर झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 80 किलोमीटर की दूरी पर भैरवी-भेड़ा और दामोदर नदी के संगम पर अवस्थित है। मां छिन्नमस्तिका मंदिर आस्था की धरोहर है। रजरप्पा का यह सिद्धपीठ, केवल एक मंदिर के लिए ही विख्यात नहीं है, बल्कि छिन्नमस्तिके मंदिर के अलावा यहां महाकाली मंदिर, सूर्य मंदिर, दस महाविद्या मंदिर, बाबाधाम मंदिर, बजरंग बली मंदिर, शंकर मंदिर और विराट रूप मंदिर के नाम से कुल 7 मंदिर स्थापित हैं।

मंदिर के निर्माण काल के संबंध में पुरातात्विक विशेषज्ञों में मतभेद है। किसी के अनुसार मंदिर का निर्माण 6,000 वर्ष पहले हुआ था तो कोई इसे महाभारत युग का मानता है। लेकिन यह दुनिया के दूसरे सबसे बड़े शक्तिपीठ के रूप में जाना जाता है। मां छिन्नमस्तिके की महिमा की पौराणिक कथाओं के अनुसार, प्राचीनकाल में छोटा नागपुर में रज नामक एक राजा राज करते थे। राजा की पत्नी का नाम रूपमा था। इन्हीं दोनों के नाम से इस स्थान का नाम रजरूपमा पड़ा, जो बाद में रजरप्पा के नाम से जाने लगा है।

किदवंती कथाओं के अनुसार, एक समय राजा रज पूर्णिमा की रात में, शिकार की खोज में दामोदर और भैरवी नदी के संगम स्थल पर पहुंचे। रात्रि विश्राम के दौरान राजा रज ने स्वप्न में लाल वस्त्र धारण किए तेज मुख मंडल वाली एक कन्या देखी। उस कन्या ने राजा रज से कहा कि- हे राजन, इस आयु में संतान न होने से तेरा जीवन सूना लग रहा है। मेरी आज्ञा मानोगे तो रानी की गोद भर जाएगी। इसतरह का सपना देखते ही राजा रज की आंखें खुल गई। वे इधर-उधर भटकने लगे। इस बीच उनकी आंखें स्वप्न में दिखी



कन्या से जा मिली। वह कन्या जल के अन्दर से राजा रज के सामने प्रकट हुई। उसका रूप अलौकिक था। यह देख राजा राज भयभीत हो गए। राजा को देखकर देख वह कन्या कहने लगी- हे राजन, मैं छिन्नमस्तिके देवी हूं। कलियुग के मनुष्य मुझे नहीं जान सके हैं, जबकि मैं इस वन में प्राचीनकाल से गुप्त रूप से निवास कर रही हूं। मैं तुम्हें वरदान देती हूं कि आज से ठीक नौवें महीने तुम्हें पुत्र की प्राप्ति होगी। देवी बोली- हे राजन, भैरवी-भेड़ा और दामोदर नदी मिलन स्थल के समीप तुम्हें मेरा एक मंदिर दिखाई देगा। इस मंदिर के अंदर शिलाखंड पर मेरी प्रतिमा अंकित दिखेगी। तुम सुबह मेरी पूजा कर बलि चढ़ाओ। ऐसा कहकर छिन्नमस्तिके अंतर्ध्यान हो गईं।

एक अन्य किदवंती कथा के अनुसार, एक समय भगवती भवानी अपनी सहेलियों जया और विजया के साथ मंदाकिनी नदी में स्नान करने गईं। स्नान करने के बाद भूख से उनका शरीर काला पड़ गया। सहेलियों ने भी भोजन की मांग करने लगी। देवी ने सहेलियों से कुछ देर प्रतीक्षा करने को कहा। बाद में सहेलियों के विनम्र आग्रह पर उन्होंने दोनों की भूख मिटाने के लिए अपना सिर काट लिया। कटा सिर देवी के हाथों में आ गिरा और गले से रक्त की 3 धाराएं निकलने लगी। वह 2 धाराओं को अपनी सहेलियों की ओर प्रवाहित करने लगी है और एक धारा स्वयं रक्तपान कर रही हैं। तभी से मां छिन्नमस्तिके कही जाने लगीं। पश्चिम दिशा से दामोदर नदी और दक्षिण दिशा से कल-कल करती भैरवी नदी का दामोदर नदी से मिलना मंदिर की खूबसूरती में चार चांद लगा देता है। इसी संगम स्थल के समीप मां छिन्नमस्तिके का मंदिर है। मंदिर की उत्तरी दीवार के साथ रखे एक शिलाखंड पर दक्षिण की ओर मुख किए माता छिन्नमस्तिके का दिव्य रूप अंकित है। मां छिन्नमस्तिके मंदिर के अंदर स्थित शिलाखंड में मां की 3 आंखें हैं। बायां पांव आगे की ओर बढ़ाए हुए वे कमल पुष्प पर खड़ी हैं। पांव के नीचे विपरीत रति मुद्रा में कामदेव और रति शयनावस्था में हैं। मां छिन्नमस्तिके का गला सर्पमाला तथा मुंडमाल से सुशोभित है। बिखरे और खुले केश, जिह्वा बाहर, आभूषणों से सुसज्जित मां नग्नावस्था में दिव्य रूप में हैं। मां के दाएं हाथ में तलवार तथा बाएं हाथ में अपना ही कटा मस्तक है। इनके अगल-बगल डाकिनी और शाकिनी खड़ी हैं जिन्हें वे रक्तपान करा रही हैं और स्वयं भी रक्तपान कर रही हैं। इनके गले से रक्त की 3 धाराएं बह रही हैं। मंदिर का मुख्य द्वार पूरबमुखी है। मंदिर के ठीक सामने बलि का स्थान है। बलि स्थान पर प्रतिदिन औसतन 100-200 बकरों की बलि चढ़ाई जाती है। मंदिर की ओर मुंडन कुंड है। इसके दक्षिण में एक सुंदर निकेतन है जिसके पूर्व में भैरवी नदी के तट पर खुले आसमान के नीचे एक बरामदा है। इसके पश्चिम भाग में भंडारगृह है। रुद्र भैरव मंदिर के नजदीक एक कुंड है। मंदिर की भित्ति 18 फुट नीचे से खड़ी की गई है। नदियों के संगम के मध्य में एक अद्भुत पापनाशिनी कुंड है, जो रोगग्रस्त भक्तों को रोगमुक्त कर उनमें नवजीवन का संचार करता है। यहां मुंडन कुंड, चेताल के समीप ईशान कोण का यज्ञ कुंड, वायु कोण कुंड, अग्निकोण कुंड जैसे कई कुंड हैं। दामोदर नदी के द्वार पर एक सीढ़ी है। इसका निर्माण 22 मई 1972 को संपन्न हुआ था। इसे तांत्रिक घाट भी कहा जाता है, जो 20 फुट चौड़ा तथा 208 फुट लंबा है। यहां से भक्त दामोदर नदी में स्नान कर मंदिर में जाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### झंडा मेला की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

इसुआपुर, । प्रखंड में आगामी 3 सितंबर को मनाया जाने वाला जिले का प्रसिद्ध महावीरी अखाड़ा सह झंडा मेला की तैयारियों को लेकर इसुआपुर बाजार स्थित महावीर मंदिर परिसर में इसुआपुर पूजा कमिटी के लाइसेंसधारी नन्दकिशोर चौबे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिसमें महावीरी अखाड़ा सह झंडा मेला को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संचालित किए जाने को लेकर कई अहम बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से सचिव अमरनाथ प्रसाद, शारदानंद सोनी, हृदयानंद सिंह कुशवाहा, सरपंच प्रतिनिधि राजेश सिंह कुशवाहा, उप मुखिया प्रमोद साह, अमर चौबे, त्रिभुवन चतुर्वेदी, त्रिलोकी प्रसाद व अन्य ने विचार रखे।

### दरवाजे से बुलेट मोटर साईकिल चोरी ,प्राथमिकी दर्ज

बनियापुर । सहाजितपुर थाना क्षेत्र के नजिबा गाव से बीती रात अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर ली गयी है,जिस मामले मे पीड़ित ने स्थानीय थाना मे दर्ज कराकर बरामदगी की गोहर लगया है। दर्ज प्राथमिकी मे पीड़ित कामेश्वर कुमार यादव ने बताया है कि दरवाजे पर सोया था,जब मध्य रात्रि मे जोर की बारिस होने लगी तो घर के अंदर चला गया,जब सुबह हुई तो मेरी घर की कुंडी बाहर से बंद था,बगल के लोग आकर खोले,देखा दरवाजे से बुलेट बाईक गायब है,आस पास के लोगो ने कुछ पता नही चला ,पीड़ित ने बाईक की बरामदगी की गोहर लगया है,मामले की अनुसंधान मे पुलिस जुटी है।

### ट्रक ने कार में मारी टक्कर, महिला समेत पांच जख्मी

भेल्दी(सारण)।एनएच 722 पर तकेया स्कूल के समीप एक ट्रक ने एक वैगेनार कार में टक्कर मार दी जिसमें सवार चालक समेत पांच लोग चोटिल हो गए।घायलों में भेल्दी थाने के यादवपुर गांव के चालक सनोज यादव,व बरियारपुर गांव के लालबहादुर यादव उनकी पत्नी रेखा देवी व पुत्र रेयान्श कुमार व चेतन कुमार शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार लालबहादुर यादव अपने परिजनों के साथ वैगेनार से पत्नी को दिखाने के लिए पटना जा रहे थे।तभी गड़खा की ओर से आ रही ट्रक ने कार में टक्कर मार दी जिससे कार में सवार सभी लोग जख्मी हो गए।घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने ट्रक चालक की धुनाई कर दी।पुलिस ने ट्रक समेत चालक को हिरासत में ले लिया।

### अनियंत्रित टेम्पो के धक्के से महिला समेत दो की मौत, चार जख्मी

भेल्दी(सारण)।छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर राजा चौक के समीप एक अनियंत्रित टेम्पो ने एक महिला व बाइक सवार को रौंद दिया जिससे दोनों की मौत हो गई।मृत महिला की पहचान भेल्दी थाना क्षेत्र के रज्जूपुर गांव के नारायण राय की पत्नी जलेबी देवी(65) व मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मीरा मुसेहरी गांव के शंकर महतो के पुत्र जोरीलाल महतो(25) के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के रज्जूपुर गांव के नारायण राय की पत्नी जिलेबा देवी बाजार जाने के लिए सड़क के किनारे खड़ी थी तभी गड़खा की तरफ से आ रही टेम्पो ने महिला को टक्कर मार दी।टक्कर मारने के बाद टेम्पो ने बाइक चालक झोरीलाल महतो को भी रौंद दिया जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए।दोनों को गंभीर स्थिति में इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा ले जाने दौरान दोनों की मौत हो गई।महिला व बाइक सवार को रौंदने के बाद टेम्पो पलट गई जिसमें सवार चार लोग जख्मी हो गए।घटना के पुलिस ने टेम्पो को जप्त कर लिया।दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम छपरा सदर अस्पताल में कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# 09 लाख कैश व हथियार के साथ 05 को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। विगत 21अगस्त को समय करीब 12:43 बजे अपराह्न में सारण जिला के सोनपुर थानान्तर्गत गोला बाजार अवस्थित प्क्ठप् बैंकएसोनपुर में 03(तीन) अज्ञात नकाबपोश अपराधकर्मियों द्वारा हरवे हथियार से लैष होकर बैंक में घुसकर सुरक्षागार्ड से हाथापाई करते हुए आग्नेयास्त्र के बल पर सुरक्षागार्ड से बंदुक छिनकर एवं बैंककर्मियों तथा आम ग्राहकों को जान-माल की छति पहुंचाने की धमकी देते हुए बैंक की राशि कूल-17,25,850/ रू.(सत्रह लाख पच्चीस हजार आठ सौ पचास रुपए ) तथा बैंक में राषि जमा करने आयीं ग्राहक पुष्पा सिंह के पास से 2,50,000/रू.ए कुल राषि-19,75,850/रू. (उन्नीस लाख पचहतर हजार आठ सौ पचास रुपए ) लूट लेने की घटना कारित की गई थी।लूट की गई सभी नोटों की गड्डी में नोटस्लीप लगा हुआ था।इस घटित घटना के संबंध में प्क्ठप् बैंक शाखा प्रबंधक, सोनपुर शाखा द्वारा दिए गए टंकित आवेदन के आधार पर सोनपुर थाना कांड सं0-712/24, दिनांक-21/08/24, धारा-111/309(4) ठछै अंकित किया गया था। सारण जिला पुलिस के द्वारा इस घटना का सफल उद्भेदन करते हुए घटना में संलिप्त निम्नांकित अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया एवं निम्नांकित वस्तुओं को बरामद/जप्त किया गयाः- गिरफ्तार अभियुक्तों में रमेश चौधरी, उम्र-27 वर्ष, पे0-स्व0 भैरव चौधरी, सा0-डुमरा, थाना-बेनीपट्टी, जिला-मधुबनी, वर्तमान पता-ग्राम-पहलेजा शाहपुर, बल्ली टोला, सोनपुर, सारण को काण्ड में लुटे गए 100,000(एक लाख रुपए) के साथ। ( आपराधिक इतिहास- शराब कांड में जेल जा चुका है। ) देवानन्द राय, उम्र-26 वर्ष, पे0-कृष्ण गोपाल राय, सा0-जहांगीरपुर वार्ड नं0-1(भिन्नीक टोला मोड़ बाईपास), थाना-सोनपुर, जिला-सारण को कांड में लुटे गये कुल 8,31,200(आठ लाख एकतीस हजार दो सौ रुपए) के साथ।( आपराधिक इतिहास- सोनपुर थाना कांड सं0-229/21 सोनु हत्या कांड में आरोपी। ) ाीरज कुमार, उम्र-24 वर्ष, पे0-स्व0 मनोज कुमार ग्राम-जहॉगीरपुर वार्ड नं0-01 थाना सोनपुर जिला सारण को घटना में प्रयुक्त आग्नेयास्त्र पिस्टल एवं 02 जिन्दा कारतूस के साथ .चुन्नु कुमार उम्र 18 वर्ष पिता-हरेन्द्र राय सा0- ग्राम-जहॉगीरपुर वार्ड नं0-01 थाना सोनपुर जिला सारण को घटना में अपराधकर्मियों द्वारा उपयोग किये गये आग्नेयास्त्र एवं कारतूस को छुपाने में सहयोग करने के आरोप में ।गोलू कुमार उम्र 18 वर्ष पिता-विजय कुमार सा0-गंगाजल टोला थाना-सोनपुर जिला सारण को घटना में प्रयुक्त आग्नेयास्त्र एक देषी पिस्टल एवं 02 जिन्दा कारतूस बरामद होने के आरोप में।

# बगहा का अजब सरकारी स्कूल बारिश में चार महीना लटका रहता है ताला दूसरे स्कूल में होती है कक्षा संचालन

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। बगहा में एक ऐसा प्राथमिक विद्यालय है जिसको बारिश के दिनों दूसरे स्कूल से टैग कर दिया जाता है। स्कूल में चार माह ताला लटका रहता है।सरकारी विद्यालय की ये दुर्दशा हर किसी को सोचने पर मजबूर करती है। हम बात कर रहे हैं शंकर प्रसाद यादव राजकीय प्राथमिक विद्यालय भतौड़ा की जिसको राजकीय प्राथमिक विद्यालय उर्दू से टैग किया गया है। इस बीच चार माह तक पांच कक्षाओं का संचालन सिर्फ एक कमरे में किया जाता है। दो वर्ग का संचालन या तो बरामदे में होता है या बच्चे पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ाई करते हैं ।बतादें की बगहा के महीपुर भतौड़ा गांव में वर्ष 2007 में शंकर प्रसाद यादव राजकीय प्राथमिक विद्यालय की स्थापना हुई। 17 वर्ष बीत जाने के बावजूद इस विद्यालय में जाने के लिए पक्की सड़क का निर्माण नहीं हुआ। मुख्य मार्ग से तकरीबन डेढ़ किमी दूर अवस्थित इस विद्यालय के बगल में चार सरकारी भवन हैं। जिसमें इस स्कूल समेत उप स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन,आंगनवाड़ी केंद्र शामिल है। बारिश के दिनों में आने जाने वाले रास्ते में जलभराव हो जाता है।इस वजह से चार महीने तक ताला लग जाता है और कोई भी कार्य नहीं होता।रा.प्रा.वि. उर्दू के प्रधान शिक्षक राजेश पासवान बताते हैं की ह्वबरसात के दिनों में इस राजकीय प्राथमिक विद्यालय भतौड़ा को मेरे विद्यालय से टैग किया गया है। कच्ची सड़क होने की वजह से बरसात में जलजमाव हो जाता है।यही नहीं एक एक कमरा में दो से तीन कक्षाओं का संचालन होता है।इसके अलावा सबसे बड़ी समस्या विद्यालय से ठीक सटा एक पोखर है जो बच्चों के लिए कत्तई सुरक्षित नहीं है।चहारदीवारी के लिए बार बार डिमांड करने पर भी कोई सुधि नहीं ले रहा है। बतातें चलें कि भवनों के चारों तरफ गन्ना की खेती बड़े पैमाने पर होती है। लिहाजा गन्ना के सीजन में बैल गाड़ी और ट्रैक्टर आने जाने से सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे बन गए और वर्तमान समय में रास्ता पूरी तरह गड्ढे में तब्दील हो गया है ऐसे में जब बारिश होती है तो खेतों से होकर इसी रास्ते से पानी का तेज बहाव होता है और कच्ची सड़क तालाब बन जाती है।इतना हीं नहीं विद्यालय के साथ सबसे बड़ी समस्या भूमि की है। विद्यालय के पास जमीन कम होने के कारण प्ले ग्राउंड नहीं है। जिस वजह से बच्चों की चेतना सभा में बहुत समस्या आती है।

# राजद द्वारा किया गया सघन चर्चा बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। शहर के वाई.एस. रिसोर्ट मे आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर राष्ट्रीय जनता दल का सघन चर्चा व समीक्षा बैठक आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नूर आलम खान एंव मंच का संचालन प्रखण्ड अध्यक्ष सौरंजन यादव ने किया। मौके पर जिलाध्यक्ष नूर आलम खान ने कहा आगामी विधान सभा चुनाव को देखते हुए सभी पंचायत अध्यक्ष अपना कमर कस ले, एक-एक व्यक्ति से सम्पर्क कर पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के द्वारा किए गए काम व 17 महीनों की सरकार में लगभग पांच लाख दिए गए नौकरी को जन-जन तक पहुचाएं। वही पूर्व प्रत्याशी रामबाबू यादव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जाकर विशेष कर हर एक गरीब दबे कुचले व्यक्ति से सम्पर्क कर भाजपा के दोहरी चरित्र को उजागर करना है और तेजस्वी जी का जो दूर दृष्टि है, बिहार के युवाओं के रोजगार के प्रति बिहार के विकास के लिए उससे जन जन-तक पहुंचाना है।वही जिला उपाध्यक्ष सैफुल आजम ने कहा कि भाजपा आरक्षण विरोधी है, वे नही चाहते दलित आदिवासी पिछड़ा अतिपिछड़ा सचिवालय में बैठे। भाजपा चाहती है दबे कुचले लोग हमेशा शौचालय में बैठे।प्रदेश उपाध्यक्ष पवन यादव ने कहा कि राजद गरीबो की पार्टी हमारे नेता लालू प्रसाद यादव एंव पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव हमेशा गरीबो के भला चाहते हैं।राजद नेता सुनील कुशवाहा ने कहा जब तक हम बूथ नही जीत सकते तब तक हम कोई भी चुनाव नही जीतेंगे, इसलिए हमें अपने कार्यकताओं से अनुरोध कर रहे है कि आज हम सब प्रण लें कि राजद को हर बूथ पर मजबूत करेंगे। वही प्रधान महासचिव प्रेम यादव ने कहा हमलोग अपने नेता लालू प्रसाद यादव का संदेश लेकर आए है, आप सभी को आपसी मगभेद भुला कर इसे हरेक व्यक्ति के पास जाना है और आगामी चुनाव में अपने नेता तेजस्वी जी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाना है मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष पवन यादव, प्रधान महासचिव प्रेम यादव, राजद नेता सुनील कुशवाहा, कपिलदेव राय, प्रमोद राय, राजीव सिंह, मदन गुप्ता, रवि मस्करा, रवि भारती, सुभाष यादव, मोबारक अंसारी,भुलेंद्र यादव, अवधेश यादव, अरमान आलम, राजेश साह, नवीन यादव, संदीप कुमार, बिक्कू यादव, देवी लाल बैठा, चन्द्रशेखर गुप्ता, उमेश कुमार,उमर अंसारी, मुमताज अहमद, झूलन पटेल सहित सैकड़ों राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हरिनगर और भैरोगंज रेलवे स्टेशन के बीच नव दोहरीकृत रेलवे लाइन का समस्तीपुर डीआरएम ने किया निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। हरिनगर व भैरोगंज रेलवे स्टेशन के बीच नव दोहरीकृत रेलवे लाइन का निरीक्षण पूर्व मध्य रेल के सीजीएम सुभोमोय मित्रा व समस्तीपुर डीआरएम विनय कुमार श्रीवास्तव ने गुरुवार को किया । दरअसल पूर्व मध्य रेल अंतर्गत मुजफ्फरपुर गोरखपुर रेलखंड पर रेल लाइन दोहरीकरण कार्य पूरा होने के कगार पर है लिहाजा दूसरी रनिंग लाइन का निर्माण का कार्य पूर्ण होते ट्रायल सर्टिफिकेशन का इंतजार है ।जिसको लेकर हरिनगर और भैरोगंज स्टेशनों के बीच बिछाई गई दूसरी नई लाइन का मोटर ट्रॉली से अधिकारियों ने निरीक्षण किया । सीआएस सुभोमोय मित्रा ने इस नई लाइन के विभिन्न प्वाइंट और सिग्नल प्रणाली के संबंध में इंजीनियरों व स्टेशन अधीक्षक से जानकारी ली ।बतादें की रेलवे के जोनल और मंडल के वरिय पदाधिकारियों ने भैरोगंज व हरिनगर रेलवे स्टेशन के पैनल रूम में निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । इस मामले में समस्तीपुर मंडल के डीआरएम विनय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि नवनिर्मित दूसरी लाइन पर निर्धारित स्पीड से ट्रेन का संचालन करा के परीक्षण किया गया। सर्टिफिकेशन सिग्नल के बाद शुक्रवार से हरिनगर रेलवे-स्टेशन से भैरोगंज के बीच ट्रेनें शुरू कर दीं जाएंगी । डबल लाइन शुरू होनें से रेल यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी ।

# कार्यकर्ताओं के बदौलत ही विधानसभा चुनाव में जीत होगी:अल्ताफ आलम राजू

प्रात : किरण संवाददाता

नगरा ।विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जदयू ने बूथ स्तर पर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है ।नगरा प्रखंड क्षेत्र के डुमरी पंचायत के गोपालपुर में आयोजित एक बैठक में जदयू के जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जीत का रास्ता बूथ स्तर के कार्यकताओं की मेहनत पर निर्भर करेगा ।जदयू ने इस बैठक में पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव और समर्पित कार्यकताओं को शामिल करते हुए सभी बूथों पर सात सदस्यीय कमेटी के गठन की घोषणा की ।बैठक की अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष अनिल सिंह ने की जबकि मंच संचालन जिला महासचिव एवं नगरा प्रखंड प्रभारी ई० प्रभाष शंकर ने किया ।इस अवसर पर अल्ताफ आलम राजू ने कहा कि जदयू प्रदेश अध्यक्ष उम्मेश सिंह कुशवाहा के निर्देश पर जिले के सभी दस विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकताओं के साथ बैठकें की जा रही हैं ।उन्होंने कहा कि वे हर समय कार्यकताओं के साथ खड़े रहेंगे और उनके सुख-दुख में शामिल होंगे ।आलम ने कार्यकताओं से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया ।वहीं साथ ही उन्होंने कहा की चल रहे भूमि सर्वेक्षण में सभी लोगो का सहयोग करे ।वहीं इस अवसर पर नगरा पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया अनिल सिंह, महिला जिला अध्यक्ष कुसुम देवी,वसीम अकरम,मनोज सिंह, रवि प्रकाश, अति पिछड़ा प्रखंड अध्यक्ष गणेश प्रसाद, गुड्डी जयसवाल, रेयाजुद्दीन मंसूरी, फिरोज आलम ,रेणु सिंह,और अनुसूचित जाति प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद मांझी सहित जदयू के पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# डेंगू के मामलों से बचाव हेतु बरतें सावधानी : डॉ विजय कुमार



प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम) ।डेंगू के मामलों से बचाव हेतु सावधानी बरतनी जरुरी होती है, डेंगू वेक्टर जनित रोग है जिसके अधिकांश मामले बरसात के मौसम में देखे जाते हैं ये कहना है जिले के सीएस डॉ विजय कुमार का उन्होंने बताया की मादा एडीज मच्छर के काटने से शरीर में डेंगू फैलता है। इसके जाँच व इलाज में देरी होने पर यह एक गंभीर रोग बन जाता है।इससे बचने के लिए अपने घर के आसपास, कूलर, गमलों, गड्ढों में जल का जमाव न होने दें क्यूंकि जल जमाव के कारण ही डेंगू का लार्वा पैदा होता है। उन्होंने बताया की डेंगू के इलाज हेतु गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज बेतिया में 20 बेड, अनुमण्डलीय अस्पताल में 06 बेड, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र / सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर 02-02 बेड का मच्छरदानीयुक्त बेड तैयार कराया गया है। साथ ही सभी संस्थानों में डेंगू के मरीजों की जांच एवं उपचार की व्यवस्था मुफ्त में उपलब्ध है। डेंगू के लक्षण हो तो तुरंत कराए जाँचः भीबीडीएस प्रकाश कुमार ने बताया की तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द और आंखों के पीछे दर्द, त्वचा पर लाल धब्बे या चकते का निशान, काला पखाना होना आदि डेंगू के लक्षण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो तत्काल सरकारी अस्पताल जाएं और अपना इलाज करवाएं।उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को पहले डेंगू हो चुका है तो उसे ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत होती है।प्रकाश कुमार ने बताया की डेंगू के प्रकोप से बचाव हेतु शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समय समय पर फॉगिंग कराया जाता है। डेंगू से बचाव के उपायः जिला वेक्टर पदाधिकारी डॉ हरेंद्र कुमार ने बताया की डेंगू से बचने के लिए मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। घर एवं सभी कमरों को साफ सुथरा एवं हवादार बनाएं रखें। टूटे-फूटे बर्तनों, कूलर, पानी टंकी एवं घर के अंदर एवं अगल-बगल में अन्य जगहों पर पानी ना जमने दें, आसपास के जगह को साफ सुथरा रखें तथा जमा पानी एवं गंदगी पर कीटनाशक दवा का छिड़काव करें।कूलर, गमला, फूलदान इत्यादि का पानी हर दूसरे दिन बदलें।जमे हुए पानी पर मिट्टी का तेल डालें।

# 29 अगस्त तक विस्तारित की गई जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के निबंधन की तिथि

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2024- 25 दिनांक 28 अगस्त से 1 सितंबर 2024 तक निर्धारित की गई थी। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण बिहार पटना द्वारा जारी निर्देश के तहत उच्च, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के प्रथम सावधिक परीक्षा को देखते हुए अब जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता दिनांक 3 सितंबर से 7 सितंबर 2024 तक जिला मुख्यालय स्थित महाराजा स्टेडियम बेतिया में आयोजित की जाएगी। जिला खेल पदाधिकारी विजय पंडित ने बताया कि उक्त जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 29 अगस्त 2024 संध्या 6:00 बजे अपराह्न तक नगर भवन परिसर स्थित खेल भवन -सह- व्यायामशाला भवन- सह- जिला खेल पदाधिकारी कार्यालय बेतिया में निर्धारित कर दिया गया है। प्रधानाध्यापक सभी कोटि यथा मध्य ,उच्च, उच्चतर माध्यमिक, राजकीय अंबेडकर आवासीय, परियोजना बालिका,कस्तुरबा, निजी सीबीएसई आईसीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त आदि विद्यालयों- महाविद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा छठवीं से बारहवीं तक बालक -बालिका खिलाड़ी निर्धारित तिथि के अनुसार अपने-अपने कक्षा -आयु के तहत प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे। सभी खिलाड़ी अपना योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पिछले वर्ष का अंक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छाया प्रति, केवल कबड्डी व एथलेटिक्स खेल विधा के खिलाड़ियों का फोटो सहित निबंधन प्रपत्र ,विद्यालय प्रधानाध्यापक के फॉरवर्डिंग लेटर के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा प्रतिभागी प्रतियोगिता से वंचित होंगे। उन्होंने बताया कि किसी भी विद्यालय के खिलाड़ियों को खेल पोशाक, खेल किट्स तथा बैनर के साथ उद्घाटन समारोह तिथि 3 सितंबर 2024 संध्या 10:30 बजे पूर्वाह्न में मुख्य समारोह स्थल महाराजा स्टेडियम बेतिया में उद्घाटन समारोह में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि दिनांक 3 सितंबर को एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो ,क्रिकेट , कराटे आयु वर्ग अंडर 17 व खेल विधा वॉलीबॉल आयु वर्ग अंडर 14, 17 ,19 बालक-बालिका एवं दिनांक 4 सितंबर को खेल विधा एथलेटिक्स, कबड्डी ,क्रिकेट ,शतरंज आयु वर्ग अंडर- 14 व खेल विधा बैडमिंटन, बास्केटबॉल आयु वर्ग अंडर 14, 17, 19 जबकि कराटे , खो-खो आयु वर्ग अंडर 14 ,19 की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि दिनांक 5 सितंबर 2024 को एथलेटिक्स, कबड्डी ,क्रिकेट आयु वर्ग अंडर 19 व कुश्ती, हैंडबॉल ,योग आयु वर्ग अंडर 14, 17, 19 जबकि भारोतोलन, वुशू, शतरंज आयु वर्ग अंडर 17, 19 तथा दिनांक 6 सितंबर 2024 को फुटबॉल आयुवर्ग अंडर 17 जबकि 7 सितंबर को आयु वर्ग अंडर 14,19 की प्रतियोगिता जिला मुख्यालय के विभिन्न स्थलों पर आयोजित की जाएगी। खेल विधा कबड्डी,वुशू, भारोतोलन, कराटे की जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता भार वर्ग के अनुसार आयोजित की जाएगी तथा सभी आयु वर्गों के लिए उम्र की गणना 31 दिसंबर 2024 के आधार पर की जाएगी। एथलेटिक्स विधा में कोई भी खिलाड़ी तीन इवेंट्स में भाग ले सकते हैं तथा उक्त प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ी, टीम मैनेजर, टीम कोच अर्थात शिक्षक के साथ खेल प्रतियोगिता में विद्यालय के बैनर सहित प्रतियोगिता में भाग लेने का सख्त निर्देश दे दिया गया है। जिस विद्यालय की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सहभागिता नहीं होगी, उस विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शारीरिक शिक्षा स्वास्थ्य अनुदेशक, शारीरिक शिक्षक जिम्मेवार माने जाएंगे।

# मीडिया समाज मे एक प्रेरक का काम करता है:शरण

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय ।जय प्रकाश विश्वविद्यालय अंतर्गत कमला राय कॉलेज ,गोपालगंज के हिंदी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ.श्याम शरण ने एमिटी विश्वविद्यालय, पटना द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के फिल्म, मीडिया एवं पत्रकारिता के टेक्नीकल सेशन में दिनांक 23.08.2024 को अपना शोध-आलेख प्रस्तुत किया.। इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का थीम था - उक्क्क्ळअछ क्ढक्रुअ : ळलए फ्ढअऊ अलएअऊ डॉ. शरण के शोध - आलेख का विषय था - पत्रकारिता : कल, आज और कल. इस शोध-आलेख में इन्होंने बतलाया कि मीडिया को समाज में जागरूकता पैदा करने वाले एक साधन के रूप में देखा जाता है, जो लोगों को सही व गलत तय करने की दिशा में एक प्रेरक का कार्य करता है.जहाँ कहीं भी अन्याय है, शोषण है, अत्याचार , भ्रष्टाचार और छलावा है, उसे जनहित में उजागर करना पत्रकारिता मर्म और धर्म है. डॉ. शरण ने पूर्व प्रधान मंत्री और यशस्वी पत्रकार स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की टिप्पणी को याद दिलाते हुए कहा किः पत्रकारिता पहले मिशन थी, फिर प्रोफेशन हुई, अब सेंसेशन हो गई है. उन्होंने जानकारी दी कि मीडिया अब दो हिस्सों में विभाजित है. एक तरफ एक संगठित उद्योग में बदल चुका मीडिया है जिसमें अखबार, पत्रिकाएँ और टेलीविजन न्यूज चैनलों का पूरा कारोबार शामिल हैं. दूसरी तरफ डिजिटल और सोशल मीडिया का वह विस्तृत संसार है जो स्वच्छंदता और अराजकता की स्थिति तक स्वतंत्र है.इसका प्रसार दिन- दूनी, रात- चौगुनी गति से हो रहा है और महानगरों से लेकर दूर- दराज इलाकों तक जहाँ भी इंटरनेट की पहुँच है, वहाँ मीडिया सुलभ हैं. खासकर युवा पीढ़ी के बीच डिजिटल और सोशल मीडिया बेहद लोकप्रिय है. इसके लोकप्रिय एवं शक्तिशाली होने का मुख्य कारण इसका बेहद ही लोकतांत्रिक होना है. सोशल मीडिया सही मायनों में जनता की जनता द्वारा जनता के लिए की जाने वाली पत्रकारिता है.भारतीय मीडिया को अपने इन्हीं दोनों स्वरूपों के बीच से अपने भविष्य की राह निकालनी है। आज मीडिया की भूमिका पूरी तरह से बदल गई है, लेकिन यह बदलाव सकारात्मक न होकर नकारात्मकता की दिशा में ज्यादा बढ़ रहा है. आज राष्ट्र की जगह पर मीडिया के लिए अर्थ ( टी०आर०पी० ) सर्वोपरि हो गया है. यह एक चिंता का विषय है, जिसको लेकर हमारे देश, समाज और सरकार को गंभीर रूप से चिंता करनी चाहिए. डॉ. शरण ने निष्कर्ष रूप में कहा कि - पत्रकारिता के लिए एक ऐसे निर्मम मंच की आवश्यकता महसूस होने लगी है जो उसे पत्रकारिता के सिद्धांतों, मूल्यों और सरोकारों से जुड़े रहने की प्रेरणा दे.पतनोन्मुख प्रवृतियों पर उँगली उठाये और नैतिक दबाव भी बनाये । इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के टेक्निकल सेशन की चेयर पर्सन डॉ. अनन्या राय ने कहा कि - ह्व डॉ. श्याम शरण का शोध- आलेख पत्रकारिता : कल,आज और कल इस सेशन का सर्वश्रेष्ठ समसामायिक शोध- आलेख है.

# पेंशन अदालत से ऑनस्पॉट दूर होगी पेंशनधारियों की समस्या : जिलाधिकारी

## पश्चिम चंपारण से इस पहल की शुरूआत, पेंशनधारियों की समस्या होगी दूर

प्रात : किरण संवाददाता




बेतिया(घनश्याम)। जिला समाहरणालय स्थित सभागार में महालेखाकार उप महालेखाकार सभी विभागों के पदाधिकारी और अन्य गणमान्य अतिथियों के बीच दीया जलाकर जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने पेंशन अदालत की शुरूआत की। सभागार में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार के 28 जिलों में से पश्चिम चम्पारण को इस अनूठे प्रयास के लिए चुना जाना गर्व का विषय है। इस अदालत से वैसे लोगों को सीधा-सीधा फायदा होगा जिनका किसी न किसी वजह से पेंशन रुका हुआ है। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा की यह अनोखा अवसर है जब ऑन स्पॉट पेंशन से जुड़ी सारी समस्याओं को सुना जाएगा और हल किया जाए। पेंशन अदालत का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए जिलाधिकारी ने सरल शब्दों में बताया की नौकरी से अवकाश प्राप्त कर्मियों की पेंशन से जुड़े लंबित मामलों की ऑन स्पॉट सुनवाई यहाँ होगी। अपने संबोधन में उन्होंने यह कहा कि इस अदालत का जो भी फैसला होगा उसे अक्षरशः लागू किया जाएगा ।दिनेश कुमार राय ने बड़ी बात यह बताई कि ऐसा नहीं है की जो इस अदालत में नहीं आ पाएंगे उन्हें इसका लाभ नहीं मिलेगा। इस अदालत के फैसले के आलोक में जो भी मामले लंबित हैं उनको भी हल किया जाएगा ऐसे में जो नहीं भी आएंगे उन्हें भी इसका लाभ होगा। लोगों से मुखातिब ज़िलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद है साथ ही सभी निकासी और व्यय पदाधिकारी भी मौजूद हैं इसलिए समस्या के निराकरण में किसी प्रकार की कोई दिक़्कत नहीं होगी। राज्य मुख्यालय से आए हुए महालेखाकार पुष्कर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि संबंधित विभागीय पदाधिकारी पेंशन से जुड़े मामलों का सही से स्क्रूटनी करके ही ऊपर भेजे जिससे कि वे रिजेक्ट न हो। उन्होंने यह भी बताया कि औसतन 5-10 प्रतिशत पेंशन के आवेदन किसी न किसी त्रुटि के कारण रिजेक्ट होते है। पेंशन से जुड़े मामलों में कई विभाग शामिल है जिसमें अ्रह्न ऑफिस, ट्रेजरी और बैंक शामिल हैं। कहीं भी अगर कोई दिक़्क़त होती है तो मामला फँस जाता है। इस अदालत के माध्यम से पेंशन से जुड़े सारे मामलों के निवारण को गति प्रदान की जाएगी। इस अदालत का मुख्य लक्ष्य है कि पेंशनधारियों को त्रुटि रहित समय से पेंशन मिले। इस पेंशन अदालत में कुल-88 मामले आए। अ्रह्न के स्तर से कुल-50 मामलों का ऑनस्पॉट निष्पादन किया गया। साथ ही शेष मामलों का निष्पादन करने को लेकर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। ऑनस्पॉट लंबित मामलों के निबटारे को देख पेंशनधारियों ने जिला प्रशासन को इस अनूठे प्रयास के लिए धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में अपर समाहर्ता कुमार रवींद्र जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सचिव महालेखाकार अजय कुमार शर्मा व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सीपीएस छपरा में सुप्रसिद्ध गायिका स्वाति मिश्रा का स्वागत, छात्रों को किया प्रेरित

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। शुक्रवार को सुबह सीपीएस छपरा के इतिहास में एक अविस्मरणीय क्षण दर्ज हो गया, जब प्रख्यात भजन गायिका स्वाति मिश्रा ने विद्यालय की प्रार्थना सभा में अपने दिव्य उपस्थिति से वातावरण को भक्ति और प्रेरणा से सराबोर कर दिया। स्वाति मिश्रा, जिनके लोकप्रिय भजन ह्वराम आएंगे तो अंगना सजाऊंगीह्व ने पूरे देश में भक्ति की एक नई लहर पैदा की है, ने छात्रों को अपनी प्रतिभा को निखारने, कठिन परिश्रम करने और अपने सपनों का पीछा करने की प्रेरणा दी। उनके इस भजन की गूंज इतनी प्रबल रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सार्वजनिक रूप से उनकी प्रशंसा की और उन्हें सम्मानित किया है। इस विशेष अवसर पर स्वाति मिश्रा के साथ उनके पिता श्री राजेश कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस गौरवपूर्ण क्षण को और भी विशेष बना दिया। सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह ने स्वाति मिश्रा का विद्यालय में स्वागत किया और उनके संघर्षपूर्ण जीवन की प्रेरणादायक कहानी छात्रों के साथ साझा की। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे स्वाति जी के जीवन से सीख लें और अपनी खुद की उपलब्धियों के लिए दृढ़ संकल्पित रहें। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. विकाश कुमार सिंह ने मंच से स्वाति मिश्रा जी के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उनकी उपलब्धियों को छात्रों के लिए एक आदर्श के रूप में प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य श्री मुरारी सिंह ने भी स्वाति जी का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर छात्रों के साथ इस महत्वपूर्ण पल को साझा किया। इस ऐतिहासिक आयोजन में अश्विनी प्रमार, एफबी सिंह, समाजसेवी संजीव कुमार सिंह सहित हजारों छात्र और शिक्षक उपस्थित रहे, जिन्होंने इस अद्वितीय क्षण का साक्षात्कार किया। यह दिन विद्यालय के लिए सदैव स्मरणीय रहेगा और छात्रों के जीवन में एक नई दिशा और प्रेरणा का संचार करेगा।

# छात्र-छात्राओं की समस्या के निराकरण को प्रतिबद्ध : कुलपति

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। जयप्रकाश विश्वविद्यालय स्नातक सत्र 2020-23 के तृतीय वर्ष के परीक्षा प्रपत्र भरने की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दी गई है। कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपई की अध्यक्षता में आज दिनांक-23/8/2024 को पूर्वाह्न 11 बजे विश्वविद्यालय क्षेत्रान्तर्गत सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य, विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में कुलपति ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि छात्रहित मेरी सबसे पहली प्राथमिकता है और छात्र-छात्राओं की समस्याओं का त्वरित निष्पादन हम सभी का कर्तव्य है। बैठक में कुलपति ने प्राचार्यों को निर्देश दिया कि सत्र 2018-21, 2019-22 तथा 2020-23 के प्रथम वर्ष के अंकपत्र जिन छात्र-छात्राओं को नहीं मिले हैं, उनकी सूची बनाकर दो कार्यदिवस में विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने परीक्षा नियंत्रक को निर्देश दिया कि महाविद्यालयों से सूची प्राप्त होते ही सारे अंकपत्र तैयार कर शीघ्रातिशीघ्र महाविद्यालयों के माध्यम से छात्र-छात्राओं के बीच वितरित करा दिए जाएं। बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि जबतक सभी छात्र-छात्राओं को उनके सही-सही अंकपत्र प्राप्त नहीं हो जाते तबतक के लिए परीक्षा प्रपत्र भरने की प्रक्रिया को स्थगित किया गया है। उन्होंने कहा कि बहुत से छात्र-छात्राओं की समस्या वाजिब है और ऐसी त्रुटियों का तय समय में निष्पादन सुनिश्चित किया जाय। कुलपति ने छात्रों से अपील किया कि किसी भी सत्र का अंकपत्र प्राप्त नहीं होने, अंकपत्र ने त्रुटि आदि कोई भी समस्या ही, वे सिर्फ और सिर्फ अपने कॉलेज में आवेदन दें, सीधे विश्वविद्यालय नहीं आएं। महाविद्यालय उनके आवेदन को तुरंत अपने माध्यम से विश्वविद्यालय में भेजना सुनिश्चित करें। इन आवेदनों को विश्वविद्यालय द्वारा निष्पादित कर तय समय में महाविद्यालय को भेज दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि किसी भी छात्र-छात्रा के आवेदन को विश्वविद्यालय द्वारा व्यक्तिगत रूप से स्वीकार नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे संबंधित निर्देश पूर्व में ही सभी महाविद्यालयों को दिए जा चुके हैं और विश्वविद्यालय परिसर में भी एतत्संबंधी नोटिस जगह-जगह चिपकाया गया है।

# भूमि और आवास के सवाल पर माले ने प्रखण्ड कार्यालय पर किया जोरदार प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता

आरा:भाकपा – माले ने गरीबों को आवास, भूमिहीनों को जमीन सहित विभिन्न मांगों के सवाल पर हक दो वादा निभाओ अभियान के तहत भाकपा माले कार्यालय से निकाला मार्च।*

आज भाकपा–माले प्रखंड कमिटी कोईलवर के बैनर तले सौकड़ों किसान मजदुर,महिलाएं, छात्र – नौजवानों ने माले कार्यालय से मार्च करते हुए कोईलवर ब्लॉक पर प्रदर्शन किया। हक दो– वादा निभाओ अभियान के तहत 95 लाख महा–गरीब परिवारों को 2 लाख रुपये की सहायता राशि के लिए 72 हजार रुपया से कम का आय प्रमाण–पत्र बनाओ,भूमिहीन परिवारों को 5 डिसमिल आवासीय जमीन देने, सबको पक्का मकान व 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने, मनरेगा में लूट–खसोट व फर्जी निकासी पर रोक लगाने, मजदूरों को 200 दिन काम व 600 रुपए दैनिक मजदूरी देने,आँगनवाड़ी व राशन–किरासन वितरण में गड़बड़ी पर रोक लगाने के नारों के साथ मार्च निकाला। मार्च कपिलदेव चौक होते हुए अंचल कार्यालय पहुंच सभा में तब्दील हो गया। वहीं सभा को संबोधित करते हुए अंचल सचिव विष्णु ठाकुर ने सरकार पर जमकर निशाना साधा सभा में सैकड़ों के संख्या में लोग मौजूद थे। मांगों को लेकर कोईलवर खुद सभा आकर मांग पत्र प्राप्त किया और मांगो पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर माले नेताओं ने कहा कि जब महागठबंधन की सरकार थी तो जातिय जनगणना कराया गया। जिसमें पाया गया कि राज्य 95 लाख परिवार यानी 34प्रतिशत लो बेहद गरीब हैं। जिनको सरकार ने 2लाख रुपया रोजगार के लिए देने का वादा किया।




लेकिन आज उसमें आय प्रमाण पत्र के नाम पर टालमटोल कर रही है। इस लिए चिन्हित सभी गरीबों को पैसा दें या 72 हजार से कम आय प्रमाण पत्र दिया जाए।

दूसरी तरफ सरकार ने 2022 तक सभी गरीबों को पक्का मकान देने और भूमिहीनों को जमीन देने का वादा किया था। लेकिन आज लाखों गरीब आवास बिहीन हैं और जमीन के अभाव में झाड़ियों में रहने को मजबूर हैं।इस लिए हमारी मांग है सभी गरीबों को रोजगार, आवास, भूमिहीनों को जमीन दे सरकार!

शामिल नेताओं में अंचल सचिव विष्णु ठाकुर,बड़हरा विधानसभा प्रभारी नंद जी,नगर सचिव भोला यादव,वरिष्ठ नेता ललन यादव,सुरेश सिंह मुखदेव राम,चंदेश्वर राम,फअ जिला सहसचिव विशाल कुमार,कन्हैया कुमार,दूधनाथ पासवान,दशरथ सिंह,वार्ड पार्षद बीरेंद्र राम,भागीरथ मांझी,कृष्ण राम,शिवाधार राम, पप्पू कुमार,नामानंद यादव,भूषण भारती सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वच्छता रैली का आयोजन

आरा। जिले के कोइलवर नगर पंचायत में नगर पंचायत कार्यालय द्वारा स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। नगर पंचायत कार्यालय से निकला स्वच्छता रैली प्रखण्ड परिसर होते हुए ब्लॉक रोड कोईलवर चौक होते शहीद कपिलदेव चौक तक पहुंचा। इसके बाद रैली वापस नगर कार्यालय पहुंचा। इस दौरान रैली में स्थानीय स्वयं सहायता समूह की सैकड़ो महिलाओं ने हाथ मे स्वच्छता सम्बन्धी बैनर तख्ती लेकर शामिल हुई। मुख्य पार्षद सरताज आलम ने बताया कि नगर के लोगों को स्वच्छता को लेकर जागरूक करने के उद्देश्य से इस स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया था। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी प्रतीक्षा प्रजापति,स्वच्छता पदाधिकारी अर्पिता,नगर मिशन प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### छात्राओं के बीच एफएलएन कीट का हुआ वितरण

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय मानपुर पंचायत के कझाई में शुक्रवार को छात्राओं के बीच एफएलएन कीट का वितरण किया गया। जिसमें मुखिया चुन्नू पांडेय व विद्यालय शिक्षा समिति अध्यक्ष तथा मानपुर पंचायत के सरपंच भी मौजूद रहे। उक्त अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापक मनीष तिवारी सहित सभी शिक्षक कर्मी ने कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनाया।

### 25 अगस्त को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

बिक्रमगंज (रोहतास) अनुमंडल क्षेत्र के नारायणपुर ग्रिड में 33 केवी मेन बसबार मरम्मति का कार्य करने के कारण ग्रिड से निकलने वाले सभी फीडर तहत बिक्रमगंज, सूर्यपूरा, नटवार, संझौली, दावथ, नोनहर, कोआथ, काराकाट की विद्युत आपूर्ति 25 अगस्त को सुबह 10 से 12 बजे तक बंद रहेगी। इस संबंध में सहायक कार्यपालक अभियंता उपेंद्र सिंह ने बताया की उक्त अवधि मे ग्रिड द्वारा मरम्मती का कार्य किया जायेगा। सहायक विद्युत अभियंता आपूर्ति अवर प्रमण्डल बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा उपभोक्ताओ से आग्रह किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपना जरूरी काम निपटा लेंगे।

### बिजली चोरी में चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, 3.08 लाख का लगा जुर्माना

सूर्यपुरा (रोहतास) बिजली चोरी के खिलाफ चलाये जा रहें विशेष अभियान के तहत प्रखंड-सूर्यपुरा के विभिन्न क्षेत्रों मे अवैध रूप से बिजली चोरी करने को लेकर जुमार्ना लगाते हुए चार लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। बताते चलें की ग्राम-अगरेर कलां मे मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर धर्मेंद्र सिंह पर 86458, श्रीराम सिंह पर 67608, कमला कांत सिंह पर 50524, एवं ग्राम-गोशलडीह राम प्रवेश सिंह पर 103895 रुपए राजस्व की क्षति लगायी गयी है। उक्त उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर से पहले तार मे कटिंग करके मीटर बाईपास करते हुए विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी जिसके कारण वास्तविक पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। कनीय विद्युत अभियंता, सूर्यपुरा आनंद कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जो भी विद्युत कनेक्शन नहीं लिए हैं वह सुविधा एप्प के माध्यम से आवेदन समर्पित कर विद्युत कनेक्शन ले लें तथा जो मीटर बाईपास कर विद्युत का उपभोग कर रहे हैं वह दुरुस्त कर ले अन्यथा जाँच के दौरान पाए जाने पर भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

### पंचायती राज्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का किया गया समीक्षा बैठक




आरा। विधा भवन सभागार में अपर मुख्य सचिव पंचायती राज्य विभाग, बिहार, पटना द्वारा जिला पदाधिकारी भोजपुर, उपविकास आयुक्त भोजपुर,जिला परिषद अध्यक्ष आशा देवी ,एवं जिला परिषद उपाध्यक लाल बिहारी सिंह के साथ पंचायती राज्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई ।मुख्य रूप से 15वीं वित्त आयोग, छठी राज्य वित्त आयोग, मुख्य मंत्री सोलर स्टेट लाइट योजना,एवं पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। जिला परिषद की भूमि की जमा वंदी करने एवं परिसंपत्तियों के रख रखाव पर भी जोर दिया गया साथ ही आंतरिक संसाधन बढ़ाने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को सभी योजनाओं को समय से पुण्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला पंचायत राज्य पदाधिकारी रवि रंजन कुमार गुप्ता ,अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद , कुछ पंचायतों के मुखिया एवं प्रखंड प्रमुख भी उपस्थित थे।

# संसदीय बोर्ड लोजपा रामविलास भोजपुर के कार्यकारी अध्यक्ष बने राजेश साहू

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। संसदीय बोर्ड लोजपा रामविलास भोजपुर के कार्यकारी अध्यक्ष बने राजेश साहू। आज लोजपा रामविलास प्रदेश कार्यालय पटना में संसदीय बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष श्री हुलास पांडे ने भोजपुर जिला संसदीय बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में राजेश साहू,शिवपुर फरहदा बड़हरा निवासी को मनोनयन पत्र दिया गया।राजेश साहू को मनोनयन पत्र देने पर भोजपुर जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान,लालती देवी जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ,मोहन शर्मा मुखिया सह जिला अध्यक्ष पंचायती राज भोजपुर,लीला शर्मा जिला अध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ,संतोष पासवान प्रदेश महासचिव अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ,सुरेंद्र आजाद प्रदेश सचिव,अरविंद ओझा,संजय प्रसाद,परमानंद पासवान,आमोद कुमार अमर,मितरंजन पासवान,दशरथ पासवान,अशोक कुमार,रंजित पासवान,इंदल पासवान,ललन यादव,अधिवक्ता धीरज कुमार,मीडिया प्रभारी प्रकाश कुमार आदि लोगो ने बधाई दी।विदित हो की संसदीय बोर्ड के जिला अध्यक्ष शशिकांत त्रिपाठी की स्वास्थ्य ठीक नही रहने के कारण राजेश साहू को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है।

# आज भाजपा जिला सदस्यता कार्यशाला का होगा आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मे भाजपा भोजपुर जिला सदस्यता कार्यशाला का आयोजन किया गया है। ज्ञातव्य हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 01 सितंबर से भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू होगा।बिहार मे 1 करोड़ से अधिक सदस्य बनाने के लक्ष्य के साथ प्रदेश मे कार्यशाला का आयोजन किया गया।

शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय मे भोजपुर जिला का कार्यशाला आयोजित किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने बताया कि जिला मे भाजपा का अधिक से अधिक सदस्य बनाया जाएगा।उन्होने कहा कि प्रत्येक बूथ पर कम से कम 200 सदस्य बनेंगे।सदस्यता अभियान को सफल बनाने और उसे क्रियान्वित करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यशाला मे केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीशचंद्र दूबे मुख्य रुप से शामिल होंगे।उनके अतिरिक्त प्रदेश नैतागण,विधायक, पूर्व सांसद,पूर्व विधायक, जिले के नेतागण सहित जिला के पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, मंडल के अध्यक्ष,महामंत्री, मंडल प्रभारी,मंडल सदस्यय टीम,जिला कार्यसमिति सदस्य,सक्रिय कार्यकर्ता शामिल होंगे। केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीशचंद्र दूबे का स्वागत कोईलवर से पार्टी कार्यालय तक विभिन्न जगह तक भव्य स्वागत किया जाएगा। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह ने बताया कि कार्यशाला की तैयारी को लेकर शुक्रवार को तैयारी की समीक्षा की गई। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,उपाध्यक्ष वंदना राजवंशों, संतोष चंद्रवंशी, संजय कुमार सिंह,निशांत सिंह सेंगर,जयंत किशोर सहित अन्य पदाधिकारी थे।

# पत्रकार के पत्नी के निधन पर श्रधांजलि सभा का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। नगर पंचायत बिहिया के कटेया रोड स्थित द ग्रांड इन होटल में जगदीशपुर अनुमंडलिय पत्रकार संघ के द्वारा जिला के वरिष्ट पत्रकार न्यूज 18 भोजपुर में संवाददाता के तौर पर कार्यरत चंदन मिश्रा की पत्नी स्व० रंभा देवी के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. जिसका संचालन अनिल कुमार ने किया तथा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री सह वर्तमान एमएलसी श्री भगवान सिंह कुशवाहा ने उपस्थित हुए वही उन्होंने स्व० रंभा देवी के तैलिये चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कीया तथा पत्रकार की पत्नी की आकस्मिक निधन पर दु:ख जताया तथा कहा कि दु:ख की इस घड़ी मे हम सभी की संवेदना उस परिवार के साथ है वही इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक भाई दिनेश, डॉ. पद्मा ओझा, वरिष्ठ पत्रकार विनोद सिंह, भाजपा महामंत्री अरविंद पांडे समेत सैकड़ो लोगो ने स्व० रंभा देवी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनको याद करते हुए कहा कि असमय उनकी मौत से सभी लोग शोकाकुल है क्योंकि अचानक बिना बीमारी के उनकी मौत ने सबको स्तब्ध करके रख दिया वही दु:ख की इस घड़ी में सभी लोगो ने पीड़ित परिवार को दु:ख सहने हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया वही कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकार जनप्रतिनिधि सामाजिक कार्यकर्ता बुद्धजीवी समाजसेवी समेत सभी लोगो ने श्रधांजलि दी और मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।

# सासंद सुदामा प्रसाद ने जनसुनवाई कर जनता की समस्याओं को सुना

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। सासंद सुदामा प्रसाद ने भाकपा – माले जिला कार्यालय में किया जनसुनवाई। जिस में बिजली– स्वास्थ्य, रोजगार, भूमिविवाद, ट्रांसफर– पोस्टिंग, कॉलेजों में नामांकन, आपसी, विवाद, रेलवे सहित विभीन्न समस्याओं को लेकर लगभग सौ की संख्या में लोग पहुंचे। लोगों की समस्याओं को तत्काल अधिकारियों से बात कर हल भी किया गया।

लोगों के इलाज में किया गया सहयोग। कैंसर जैसे गम्भीर बीमारी के में तत्काल इलाज और आर्थिक सहयोग के लिए अनुसंशा किया गया। आपसी और भूमि विवाद को भी हल करने पर बात हुई। इस मौके पर सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि हमारी प्राथमिकता क्षेत्र की जनता है और इनके लिए 24 घण्टे उपलब्ध रहेंगे। लेकिन हर समस्या का हल आवेदन से नही होगा। इसके लिए सड़कों पर उतरना होगा। जिसमें मैं आपके साथ संघर्ष करुंगा। जनसुनवाई में निजी सचिव चन्दन कुमार, सूरज कुमार, माले नगर कमिटी सदस्य मिल्टन जी , कृष्ण रंजन गुप्ता सहित अशोक यादव, ज्योति देवी आदि शामिल हुए।

# स्वर्ण व्यवसायी की हत्या के बाद पुलिस के विरुद्ध लोगों ने किया बवाल

प्रात: किरण संवाददाता



बड्डी/सासाराम (रोहतास) जिला मुख्यालय सासाराम में विगत गुरुवार के शाम बेखौफ अपराधियों ने 24 वर्षीय आभूषण व्यवसायी सूरज सोनी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के खिलाफ सैकड़ों स्थानीय लोग सड़क पर उतर लापरवाह रोहतास पुलिस के खिलाफ भारी बवाल करते हुए उग्र प्रदर्शन किया। इसके बाद भी लोगों का गुस्सा शांत न हुआ तो उन्होंने बड्डी थाने का घेराव भी किया। इस भीड़ में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा थाने पर पथराव शुरू कर दिया।

जिस घटना में कई लोग जख्मी भी हो गए। हालांकि इस घटना की कोई आधिकारिक पुष्टि नही हुई है। वही बेकाबू लोगों पर काबू पाने के लिए पुलिस उन्हें खदेड़ते हुए उनके उपर लाठीचार्ज किया। जिस घटना में कई लोगों की जख्मी होने कि सूचना भी है।

**वारदात को अंजाम देने के ताक में थें अपराधी :** बताया जाता है कि बड्डी थाना क्षेत्र के सीकुही गांव निवासी स्वर्ण कारोबारी सूरज सोनी आलमपुर बाजार स्थित अपनी स्वर्ण दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी क्रम में घात लगाएं अपराधियों ने रास्ते में ही उससे लूटपाट करनी शुरू कर दी। जिसका सोनी सूरज जब विरोध किया तो अपराधियों उनकी गोली मार हत्या कर दी। कारोबारी की हत्या करने के बाद अपराधियों ने उनके पास से 150 ग्राम सोना, साढ़े सात किलो चांदी और 20 हजार से अधिक कैश लूट लिया था।

**घटना के बाद लोग पुलिस से अपराधियों की गिरफ्तारी कर रहें थे मांग :** बीते घटना वारदात के अगले दिन मृतक के परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश भड़क गया और बड़ी संख्या में वह थाने के पास पहुंच गए और थाना का घेराव कर दिया। अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इसके साथ ही एसपी को बुलाने की मांग पर अड़े थे। लेकिन मौके पर सासाराम एसडीएम आशुतोष रंजन और डीएसपी दिलीप कुमार घटना स्थल पर पहुंच पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च करते हुए स्थिति को नियंत्रण में करने में लगे हैं। जबकि रोहतास विनीत कुमार ने बताया कि घटना में संलिप्त सभी अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई कर मृतक व्यवसायी के पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाई जायेगी।

# अवैध विद्युत चोरी में विभाग ने लगाया 4.90 लाख का जुर्माना, नौ पर प्राथमिकी दर्ज

दिनारा (रोहतास) विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के प्रत्येक प्रखंड में अवैध रूप से विद्युत चोरी के खिलाफ विभाग ने जुमार्ना सहित प्राथमिकी दर्ज करना शुरू कर दिया है। जिस अभियान तहत प्रखंड दिनारा के ग्राम गंज भड़सरा, कोइरियां एवं करौन्दी मे अवैध रूप से बिजली चोरी करने को लेकर सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के नेतृत्व मे जुमार्ना लगाते हुए नौ लोगो पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। बताते चलें की ग्राम करौन्दी में मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर अमृत साह 48279, उर्मिला देवी पर 13634, सीता देवी पर 13634, महेंद्र पाल पर 48617 एवं ग्राम–गंज भड़सरा के रिखदेव सिंह पर 40359, रुपए राजस्व की क्षति लगायी गयी है। उक्त उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर से पहले तार मे कटिंग कर मीटर बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी जिसके कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। आगे बताते चलें की बिना कोई बिजली कनेक्शन लिए अवैध रूप से विभाग के विस्तारित एलटी लाइन मे सर्विस तार संयोजित कर विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर ग्राम–गंज भड़सरा के जय प्रकाश सिंह पर 69905, रंजन कुमार सिंह पर 9065, रोहित पासवान पर 8230 तथा ग्राम–कोइरियां के भुनेश्वर ठाकुर पर 252584 रुपये राजस्व की क्षति आकलित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। उक्त व्यक्तियों के परिसर मे मीटर भी अधिष्ठापित नहीं था तथा विद्युत सम्बंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं की गयी। एसडीओ के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जो भी विद्युत कनेक्शन नहीं लिए हैं वह सुविधा एप्प के माध्यम से आवेदन समर्पित कर विद्युत कनेक्शन ले लें तथा जो मीटर बाईपास कर विद्युत का उपभोग कर रहे हैं वह दुरुस्त कर ले अन्यथा जाँच के दौरान चोरी पाए जाने पर भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

# मांगों को लेकर वितरहित शिक्षक संघ ने की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) शुक्रवार को शहर के डॉ. नागेंद्र झा महिला महाविद्यालय के सभागार भवन में वित्त रहित अनुदानित संघ के आह्वान पर आगामी 28 अगस्त से होने वाली अनिश्चितकालीन आमरण अनशन एवं भूख हड़ताल की जिला स्तरीय तैयारी समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अमरेंद्र कुमार मिश्रा ने की। जिसमें जिले के मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. प्रदीप कुमार दुबे हिंदी विभागाध्यक्ष राधा शांता महाविद्यालय तिलौथू की गरिमामयी उपस्थिति में हुई। बैठक में तीन सूत्री मांगों को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। जिसमें राज्य कर्मी के समक्ष सभी सुविधाएं ,बकाए अनुदान राशि का एक मुश्त भुगतान एवं संबद्धता पूर्व की भांति बरकरार रखना इत्यादि अन्य विन्दुओं पर विशेष चर्चा की गई ।उक्त दौरान सभी वक्ताओं ने सरकार की नीतियों पर चर्चा की ।साथ ही साथ मौके वारदात सभी वक्ताओं ने अपनी– अपनी बातें रखी ।शाहाबाद प्रक्षेत्र के रीजनल कोऑर्डिनेटर शिवकुमार पाठक ने आगामी योजनाओं को शिक्षकों के समक्ष रखा। मौके पर प्राचार्य डॉक्टर विनोद कुमार सिंह , प्राचार्य शशि रंजन कुमार , इम्तियाज अहमद खान , विजय कुमार चौबे , मृत्युंजय पाठक, प्रेम कुमार पांडेय सहित विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

# भाकपा माले ने 'हक दो-वादा निभाओ मांग तहत किया धरना प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता




काराकाट (रोहतास) काराकाट प्रखंड परिसर में शुक्रवार को भाकपा माले ने हक दो वादा निभाओ अभियान के तहत एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता सचिव राजेंद्र सिंह व संचालन विधायक प्रतिनिधि अवधेश सिंह ने किया ।प्रखंड मुख्यालय पर लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार थी तो सामाजिक आर्थिक जनगणना कराया गया। इस रिपोर्ट में सामने आया कि आज भी बिहार में लगभग 34 प्रतिशत आबादी 6 हजार से कम आय पर अपना जीवन गुजर बसर कर रही है। वक्ताओं ने सरकार को याद दिलाया की मुखमंत्री नीतीश कुमार ने वादा किया था कि जिसकी आय 72 हजार से कम हो उसको 2 लाख रुपया देंगे। वहीं किसी भी गरीब का आय प्रमाण पत्र 90 हजार से कम का नहीं बनाया जा रहा है। ताकि गरीब 2 लाख रुपया नहीं ले सके। नीतीश कुमार बार बार कहते है कि जो भी भूमिहीन है उसको 5 डिसमिल जमीन देंगे, लेकिन किसी को जमीन नहीं मिला है। आज भी लाखों गरीब लोग ऐसे है जिसके पास अपना पक्का घर नहीं है। जिसको लेकर बीडीओ राहुल कुमार सिंह व सीओ डॉ. रितेश कुमार को मांग पत्र सौंपा है। भाकपा माले की मांग पत्र में वंचित भूमिहीन गरीबों को पक्का मकान दो, आहर – पोखर व छवर पर बसे गरीबों को उसी जमीन की कागज दो, लघु उद्यमी योजना अंतर्गत दो लाख रुपया एवम 60 हजार रुपया की आय प्रमाण पत्र निर्गत करो, भूमिहीन को 5 डिसमिल जमीन दो, राशन कार्ड से वंचित आवेदको को तत्काल राशन कार्ड दो, परिमार्जन के नाम पर लूट घसुट बंद करो, पंचायत स्तर पर परिमार्जन का निष्पादन करो, विस्कोमन भवन एवम सर्वे कार्यालय को प्रखंड मुख्यालय में स्थापित करो, गोडारी मुख्य मार्ग से प्रखंड मुख्यालय तक जर्जर रोड़ को मरम्मत कार्य करो जैसे मांगो को लिखित रूप में बीडीओ और सीओ को दिया ।मौके पर जिला सचिव नंद किशोर, नागेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सुखदेव राम सहित सैकड़ों भाकपा माले कार्यकर्ता शामिल थे ।

# लघु उद्योग को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

रोहतास (सासाराम) बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत जिले में जिन लाभार्थियों को प्रथम किश्त की राशि हुई प्रदान। जिसको लेकर जिला उद्योग केंद्र के सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक आशीष रंजन ने लाभार्थियों को प्रशिक्षण के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी से अगले तीन दिनों तक प्रशिक्षण में लगातार उपस्थित रहते हुए प्रशिक्षण का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जो लाभार्थी तीनों दिन प्रशिक्षण में उपस्थित रहेंगे, उन्हें दो हजार रुपए भोजन, नाश्ता आदि के लिए मानदेय दिया जाएगा। वही बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत जिले भर से कुल 1217 लाभार्थियों का चयन किया गया है। इनमें से 30–30 लाभार्थियों का बैच बनाकर अगले तीन दिनों तक इन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। जो बैच में सभी लाभार्थी आईटी बिजनेस परियोजना के थें। महाप्रबंधक ने बताया कि इस योजना के लगभग 55 से अधिक परियोजना है, जिनमें चयनित लाभार्थी को उनके परियोजना के अनुसार अलग–अलग बैच बनाकर तीन दिनों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग के अनुशंसा पर एमबीए, एमकॉम, बीटेक, मार्केटिंग विशेषज्ञों के द्वारा लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विभाग द्वारा इन प्रशिक्षकों को प्रति क्लास हजार रुपए मानदेय दिया जा रहा है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि लाभार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण अगले सप्ताह में दो बैच बनाकर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का हुआ शुभारंभ




भभुआ (कैमूर) विकास आयुक्त कैमूर ज्ञान प्रकाश द्वारा जिले के रामपुर प्रखंड के पसाई पंचायत में अपशिष्ट प्रबंधन इकाई के तहत ई–रिक्शा को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर उन्होंने स्वयं भी सफाई प्रबंधन वाला ई रिक्शा चलाकर इस कार्य में लगे कर्मियों का हौसला बढ़ाया। इस ई रिक्शा के माध्यम से गांव के गली–गली में अलग–अलग प्रकार के कचरा को जमा करके उसका बेहतर प्रबंधन किया जा सकेगा। उन्होने रामपुर प्रखंड के बिलाओ पंचायत में जीविका दीदी द्वारा कचरा से बनाए खाद का वितरण एवं बिक्री भी प्रारंभ भी कराया गया। इस मौके पर डीडीसी ने बताया कि यह ना केवल स्वरोजगार का माध्यम बनेगा बल्कि इससे कचरा निस्तारण में भी सफलता मिलेगी। रामपुर प्रखंड परिसर में सॉइल हेल्थ कार्ड के वितरण के लिए कैंप लगाया गया था। जहां उन्होंने कई व्यक्तियों को सॉइल हेल्थ कार्ड का वितरण भी किया।

यह कार्ड किसानों को उनके खेत के मिट्टी के स्वास्थ्य की जानकारी देगा ।इस नवाचारी व वैज्ञानिक संकल्पना से किसानों को समय से उनके मिट्टी के स्वास्थ्य व गुणवत्ता के बारे में जानकारी देगा ।यह संपूर्णता अभियान के तहत किया गया था। भभुआ प्रखंड के महुआरी पंचायत में एक पेड़ मां के नाम स्लोगन के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि वृक्ष को जननी का दर्जा प्राप्त है,इसलिए मां जैसे स्पर्शमयी और ममता से इसे जोड़कर अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर निदेशक डीआरडीए, डीपीएम मनरेगा,प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित प्रखंड स्तरीय एवं जिला स्तरीय कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# कैमूर जिले में 612249 लोगों का बना आयुष्मान कार्ड

भभुआ (कैमूर)। अब जीविका दीदी की रसोई' से मिलता है मरीजों को भोजन स्वास्थ्य विभाग और जिला स्वास्थ्य समिति कैमूर की मेहनत का रंग अब दिखने लगा है। आम जनता अब स्वास्थ्य के प्रति जागरूक दिखने लगी है, और लोग इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों का रूख कर कर हैं। जिला स्वास्थ्य समिति के अनुसार कैमूर जिले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने वालों की संख्या 06 लाख 12 हजार 249 हो गई है। जिला पदाधिकारी सावन कुमार ने इस उपलब्धि की चर्चा स्वतंत्रता दिवस समारोह में जिला को संबोधित करते हुए भी की थी। वहीं 18 हजार 982 लोगों ने आयुष्मान कार्ड का इस्तेमाल अपनी बीमारी के इलाज के लिए किया है। स्वास्थ्य विभाग लगातार उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। कैंसर देश में एक बड़ी और खतरनाक बीमारी बनकर उभरा है। ऐसे समय में जिला स्वास्थ्य समिति कैमूर जिले के विभिन्न प्रखंडों में कैम्प लगाकर कैंसर स्क्रीनिंग का काम कर रही है। अब तक कुल 36 हजार 614 लोगों का स्क्रीनिंग किया जा चुका है, जिसमें 15 हजार 885 पुरुष एवं 20 हजार 729 महिलाएं शामिल हैं।

### हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने सारण टीम मोतोहारी रवाना

छपरा कार्यालय। 6 वी बिहार राज्य मिनी बालक, बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सारण जिला से 22 सदस्यीय दल मोतिहारी रवाना । पूर्वी चंपारण के मोतिहारी जीवन इंटरनेशनल स्कूल चाटीमाई स्थान बंजरिया में 24 से 26 अगस्त तक आयोजित प्रतियोगिता के लिए सारण की टीम मशरक जंक्शन से शुक्रवार को रवाना हुई । सारण टीम में बनियापुर, मशरक, तरैया , पानापुर प्रखंड के बच्चे शामिल है ।मौके पर प्लस 2 उच्च विद्यालय मशरक के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार , सारण हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष कृष्णमोहन सिंह , सचिव संजय कुमार सिंह , कोषाध्यक्ष प्रिंस कुमार , राष्ट्रीय खिलाड़ी रितेश कुमार सिंह , अभिषेक सिंह , वुशू संघ के जिला सचिव विनय पंडित , अमित गिरी सहित अन्य थे। सारण हैंडबॉल हैंडबॉल टीम के साथ तकनीकी पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह , मनीष कुमार , नैतिक कुमार , नीरज कुमार , युवराज कुमार एवम शाहबाज शामिल है ।

# राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने प्रस्तुत की विज्ञान प्रदर्शनी

प्रात: किरण संवाददाता



काराकाट (रोहतास) कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय जयश्री में शुक्रवार को प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय की बच्चियों को अंतरिक्ष दिवस के बारे में जानकारी दी गई। वार्डेन गुड़िया पाण्डेय ने बच्चियों को बताया कि भारत सरकार ने चंद्रयान –3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में सफलता पूर्वक लैंडिंग करने के दिवस को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस (नेशनल स्पेश डे) घोषित किया गया है। आज के दिन ही विश्व में भारत के अंतरिक्ष में कीर्तिमान स्थापित करने पर राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों को नेशनल स्पेस डे और अंतरिक्ष विज्ञान की उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी और बच्चियों को भविष्य में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और इसके अनुप्रयोग के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय की बच्चियों ने अपने हाथो से चंद्रयान –3 का चित्र बना कर अपना हुनर व कला कृति दिखाई । मौके पर वार्डेन गुड़िया पाण्डेय, शिक्षिका नाहिदा खातून, श्यामला कुमारी, छात्रा पायल कुमारी, पलक कुमारी, अंशु कुमारी, प्रियंका कुमारी, अलीना कुमारी, पूनम कुमारी, रिमझिम कुमारी, नीलम कुमारी, काजल कुमारी, प्रिया कुमारी, आयशा कुमारी सहित अन्य छात्राएं व विद्यालय कर्मी मौजूद थे।

# राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर गया में दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

● मगध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ शशि प्रताप शाही ने किया फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता



गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) गया क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा गया के मानव भारती नेशनल स्कूल परिसर में शुक्रवार( 23 अगस्त ) को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मगध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ शशि प्रताप शाही द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मगध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ शशि प्रताप शाही ने चित्र प्रदर्शनी को छात्रों के लिए लाभदायक बताया और कहा कि आधुनिक युग तकनीक का युग है और तकनीकी विकास से ही भारत एक विकसित देश बनेगा। अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों की विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करने पर जोर दिया। चित्र प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा इसरो द्वारा निर्मित यान एवं अंतरिक्ष शोध सामग्री के मॉडल का प्रदर्शन भी किया गया।

इस अवसर पर कुलपति द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार का विशेष संदेश भी धीरू सिन्हा द्वारा पढ़ा गया। संदेश के माध्यम से डॉ प्रेम कुमार द्वारा छात्र छात्राओं से अंतरिक्ष विज्ञान में रुचि बढ़ाने का आह्वान किया गया।

मौके पर मगध विश्वविद्यालय के इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेजेज डॉ दीपक कुमार ने कहा कि भारत द्वारा चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव तक पहुंचना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है और आशा है कि आगे भी ऐसी उपलब्धियां प्राप्त होंगी। वहीं, गया कॉलेज गया के शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ धनंजय धीरज ने भारत के चंद्रयान मिशन के बारे में जानकारी दी। मानव भारती नेशनल स्कूल के प्राचार्या डॉ नूतन सिंह ने विषय प्रवेश करते हुए राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की पृष्ठभूमि तथा संदर्भ प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक संजय कुमार सिंह, अभिवावक रमेश कुमार सिंह, भारत सरकार के पशु कल्याण बोर्ड के सदस्य विकास कुमार भी उपस्थित थे। केंद्रीय संचार ब्यूरो,भागलपुर के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा फोटो प्रदर्शनी में लगभग 50 पैनलों के माध्यम से अनेक उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है जिसमें चंद्रयान - 3 मिशन की सफलता प्रमुख है, जिसकी पहली वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का यह पहला संस्करण मनाया जा रहा है। केंद्रीय संचार ब्यूरो, गया के प्रभारी बुलंद इकबाल ने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन फोटो प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । आज आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अनोखी कुमारी व अनिकेत कुमार को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में भारत सरकार से संबद्ध जन चेतना लोक कल्याण समिति पटना के कलाकारों द्वारा लोकगीत, नृत्य व नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। साथ ही विद्यालय की छात्राओं द्वारा मराठी व राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन अभिषेक कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय संचार ब्यूरो, गया के प्रभारी बुलंद इकबाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मानव भारती नेशनल स्कूल के सभी शिक्षक, सीबीसी के सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सुदर्शन किशोर झा, दीपक कुमार, संतोष कुमार एवं विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

फोटो प्रदर्शनी दिनांक 24 अगस्त को सुबह 09:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगी। प्रवेश सभी के लिए निशुल्क है।

# सीयूएसबी के कृषि संकाय के नए छात्रों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन



पटना, प्रात: किरण संवाददाता

गया। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय सीयूएसबी, गया के कृषि संकाय द्वारा चाणक्य भवन में स्नातक कृषि कार्यक्रम के नए प्रवेशकों के स्वागत हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जन सम्पर्क पदाधिकारी पीआरओ मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रम का उद्देश्य प्रथम वर्ष के छात्रों को विश्वविद्यालय परिवार में आत्मीयता से सम्मिलित करना और उनकी शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम यात्रा के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराना था। समारोह की शुरूआत परिचय सत्र के साथ हुआ है जिसमें छात्रों ने एक-दूसरे से परिचय प्राप्त किया और फिर फैकल्टी मेंबर्स एवं स्टाफ ने भी अपने अनुभव साझा किए हैं जिससे एक दोस्ताना और सहयोगपूर्ण माहौल का निर्माण हुआ है। इस कार्यक्रम का सफल संचालन कृषि संकाय के अध्यक्ष सह अधिष्ठाता, प्रो. रामाशीष यादव द्वारा किया गया है। इस दौरान, विशेष कार्य अधिकारी ओएसडी प्रो. राकेश कुमार सिंह ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में नए छात्रों को विशेष आशीर्वाद प्रदान करते हुए उन्हें उनकी शैक्षणिक यात्रा में उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होने का मार्ग दिखाया है।

परीक्षा नियंत्रक, डॉ. शांतिगोपाल पेन ने उद्घाटन भाषण में विश्वविद्यालय के अकादमिक प्रबंधन पोर्टल के माध्यम से छात्रों को प्रवेश प्रक्रियाओं और विश्वविद्यालय की विविधता पर प्रकाश डाला गया है। इसके बाद, प्रो. रामाशीष यादव ने विभाग की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने विभाग की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से साझा किया है। डॉ. हेमंत कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय के अध्यादेश प्रस्तुत किए, जिससे छात्रों को संस्थान की संरचना और नीतियों के बारे में स्पष्ट जानकारी प्राप्त हुई। प्रो. प्रभात कुमार सिंह ने कृषि क्षेत्र में भविष्य की रोजगार संभावनाओं पर चर्चा की, जबकि डॉ. प्रिय रंजन ने राष्ट्रीय सेवा योजना छै के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रणव त्रिपाठी ने परिसर में रैगिंग विरोधी नियमों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की, जिससे छात्रों को एक सुरक्षित और सहयोगी वातावरण के महत्व का बोध हुआ है। इस कार्यक्रम का समापन डॉ. गौतम कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ है, जिसमें उन्होंने कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने वाले सभी सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया है।इस कार्यक्रम के तकनीकी संचालन कृषि विभाग के प्रयोगशाला सहायक श्री मनोज कुमार सिंह द्वारा किया गया है। दीक्षारंभ कार्यक्रम के अंत में, नए छात्रों ने विश्वविद्यालय के कृषि प्रक्षेत्र का दौरा किया है, जहां उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों, पशुपालन इकाइयों और फसल उत्पादन में उपयोग होने वाली नवीनतम मशीनों से अवगत कराया गया है।

# शेरघाटी प्रखंड कार्यालय में पंचायत समिति का सामान्य बैठक हुआ सम्पन्न



प्रात: किरण संवाददाता

शेरघाटी। प्रखंड कार्यालय शेरघाटी के सभा भवन में शुक्रवार को पंचायत समिति की समान्य बैठक में आपूर्ति, आंगनबाड़ी ओर अनुमंडल अस्पताल की लचर व्यवस्था का मुद्दा छाया रहा। कार्यों की समीक्षा संपुष्टि करते हुए पंचायत में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान यूरिया खाद की कालाबाजारी की बात सामने आई। प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में बच्चों के लिए दोपहर का मिलने वाला मिड डे मील में गड़बड़ी की शिकायत भी की गई। इसी प्रकार आपूर्ति विभाग में जन वितरण प्रणाली के दुकानदार द्वारा लाभुकों को मिलने वाला निशुल्क चावल , गेहूं कम दिए जाने का मामला उठा।

राशन कार्ड बनवाने एवं नाम जोड़ने में गरीबों से पैसा लिए जाने पर रोष जताया गया।

उप प्रमुख लाल बहादुर शास्त्री ने बाल विकास परियोजना से जानना चाहा कि बच्चों के पोषाहार का क्या स्थिति है।

इस पर सीडीपीओ प्रतिनिधि ने बताया कि पोषाहार चालू है। लेकिन गड़बड़ी की शिकायत पर जांच करने का आश्वासन देकर मामला टाल दिया। मुखिया संजय सिंह ने अस्पताल में प्रसव के लिए पैसा लेने एवं श्रीरामपुर का उप स्वास्थ्य केंद्र नियमित नहीं खुलने का आरोप लगाया।

प्रखंड प्रमुख नरेश कुमार ने नकनूपा में जले ट्रांसफार्मर बदलने में हो रही देरी पर कारण पूछा।

विभागीय जेई ने दे दिनों में बदलने का आश्वासन दिया। पंचायत समिति सदस्य अमरेश कुमार ने नवादा से बीटी बीघा तक जर्जर सड़क का मामला उठाया। नल जल योजना की चर्चा हुई। प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से सदस्यों द्वारा उठाए समस्या को समाधान का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रखंड में प्राप्त आवंटित राशि का सदुपयोग करते हुए विकास कार्यों को गति दी जाएगी। बैठक में अंचलाधिकारी उषा कुमारी, बीपीआरओ, आपूर्ति पदाधिकारी मिथलेश कुमार सिंह, मुखिया, फुलवा देवी , सुधीर कुमार, मुमताज अंसारी, पप्पू पासवान आदि मौजूद रहे।

# देशभक्त वीरांगना नाटक का हुआ भव्य लोकार्पण




प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के पृथ्वीराज चौक,ब्लॉक मोड़ के समीप अवस्थित पृथ्वीराज चौहान स्मृति भवन के प्रांगण में जिला हिंदी साहित्य औरंगाबाद, समकालीन जवाबदेही परिवार एवं बतकही परिवार के संयुक्त तत्वावधान में प्रसिद्ध कवि एवं लेखक लवकुश प्रसाद सिंह रचित नाटक देशभक्त वीरांगना का लोकार्पण किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित लोकार्पण समारोह का संचालन संस्था के महामंत्री धनंजय जयपुरी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर सुधीर कुमार मिश्र, विशिष्ट अतिथि डॉ विजय कुमार सिंह (प्राचार्य जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय डेहरी),अशोक कुमार सिंह (संस्थापक पंचदेव धाम चपरा), पूर्व प्राचार्य डॉ सी एस पांडेय,अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ रामाधार सिंह, प्रोफेसर ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह सहित अन्य लोगों ने पुस्तक का लोकार्पण किया एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। संबोधन के क्रम में वरीय अधिवक्ता प्रेमेंद्र मिश्र, सुमन अग्रवाल, ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह, प्रेम शंकर सिंह प्रेमी, राम दरश सिंह, राम सुरेश सिंह, प्रो राजेंद्र सिंह ने कहा कि जिस तरह से आज पुस्तकें रची जा रही हैं उसी प्रकार पुस्तक पढ़ने वाले पाठकों को जागृत करने की भी आवश्यकता है। मुख्य अतिथि प्रो सुधीर कुमार मिश्र ने कहा कि देशभक्त वीरांगना नाटक के रचयिता से यही सीख मिलती है कि अगर आपके अंदर जुनून है तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है। ठोकरें इंसान को चलना सिखाती हैं।अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ सिद्धेश्वर प्र सिंह ने कहा कि जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन का मूल उद्देश्य नवोदित साहित्यकारों को हिंदी के प्रति उत्साह जगाना। हमारा जीवन एक नाटक की तरह है। काव्य का व्यापक स्वरूप दृश्य काव्य है। ट्रस्ट के सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, वरीय सदस्य रामप्रवेश सिंह, पूर्व मुखिया सत्येंद्र नारायण सिंह, अनुज बेचैन, नागेन्द्र केशरी, जगदीश सिंह, राम भजन सिंह सहित अन्य उपस्थित लोगों ने पृथ्वीराज के जीवन पर आधारित नाटक लिखने के लिए साहित्यसेवियों को प्रेरित किया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने आगत अतिथियों का स्वागत किया।

# चंद्रयान-3 मिशन की सफलता की याद में सीयूएसबी ने मनाया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

प्रात: किरण संवाददाता



गया। भारत के चंद्रयान-3 मिशन की सफल लैंडिंग की याद में दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय सीयूएसबी ने शुक्रवार, 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया। जन संपर्क पदाधिकारी पीआरओ मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो की उल्लेखनीय उपलब्धियों और अंतरिक्ष अन्वेषण में इसके योगदान को याद किया गया है। प्रो. के.एन. सिंह ने अंतरिक्ष अनुसंधान के महत्व और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के भविष्य पर इसके प्रभाव पर जोर दिया है। उन्होंने इसरो के वैज्ञानिकों के प्रति उनकी निरंतर कड़ी मेहनत के लिए आभार व्यक्त किया और छात्रों को अंतरिक्ष अनुसंधान में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। स्वागत भाषण में भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. वेंकटेश सिंह ने मिशन के शैक्षिक मूल्य और छात्रों में जिज्ञासा और नवाचार को जगाने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला है। डीएसडब्ल्यू प्रो. पवन कुमार मिश्रा ने चंद्रयान-3 मिशन की अभूतपूर्व प्रकृति और वैज्ञानिकों तथा इंजीनियरों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने में इसकी भूमिका के बारे में बताया है।मुख्य अतिथि के रूप में आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थानः एआरआईईएस के पूर्व निदेशक प्रो. राम सागर ने चंद्रयान-3 की सफलता के महत्व और अंतरिक्ष तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में असीम संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए एक प्रेरक भाषण दिया। उन्होंने उत्कृष्टता के लिए इसरो के अथक प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस मिशन ने न केवल भारत को बहुत गौरव दिलाया है।बल्कि वैश्विक अंतरिक्ष समुदाय में देश को एक मजबूत ताकत के रूप में स्थापित किया है। अन्य वक्ता डॉ. अविजित कुमार गांगुली ने खगोल भौतिकी और ब्रह्मांड की यात्रा के बारे में बताया है। सीयूएसबी के आर एंड डी सेल के निदेशक प्रो. दुर्ग विजय सिंह ने समापन भाषण में भारतीय अंतरिक्ष अन्वेषण की यात्रा को संक्षेप में साझा किया है।राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह के अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं जिनमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता और एक मॉडल-निर्माण प्रतियोगिता शामिल थी` इसके साथ - साथ प्रदर्शनी में चंद्रयान-3 की शुरूआत से लेकर चंद्रमा पर उसके ऐतिहासिक उतरने तक की यात्रा को दिखाया गया है। शिक्षक शिक्षा, जीवन विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, भूविज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, वाणिज्य और प्रबंधन, और कानून और शासन विभागों सहित सीयूएसबी के विभिन्न विभागों के 100 से अधिक छात्रों ने इन कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया है। उनके प्रयासों को प्रोत्साहित करने और उनकी सराहना करने के लिए, छात्रों के बीच प्रमाण पत्र वितरित किए गए हैं।इस कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रेणु, सहायक प्रोफेसर, वाणिज्य द्वारा किया गया है, जबकि डॉ. लखविंदर सिंह, सहायक प्रोफेसर, भौतिकी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया और समारोह की सफलता में योगदान देने वाले सभी लोगों के प्रयासों को सराहा गया है

# जनता दरबार में 13 फरियादी पहुंचे, डीएम ने समस्या सुनी

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में 13 परिवादियों के फरियाद को सुना गया। परिवादियों द्वारा भूमि विवाद, अनियमितता, मापी, दाखिल खारिज, रोजगार, आवास योजना, स्वच्छता, विद्युत विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले थे। फरियादियों के आवेदन के शीघ्र निष्पादन हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम भुवापुर निवासी सूर्यकान्ती कुमारी द्वारा बताया गया कि मैं गरीब हूँ तथा मुझे आवास की सख्त जरूरत है। आवास योजना के तहत आवास दिलवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी करपी को अविलम्ब जाँच कर निष्पादन हेतु निदेशित किया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम किंजर निवासी चन्द्रमोहन सिंह द्वारा बताया गया कि मैंने अपनी जमीन की मापी सरकारी अमीन द्वारा दो बार कराकर पिलर का निर्माण किया, उसके बाद भी विपक्षी द्वारा जमीन पर धारा 144 लगवा दिया गया एवं तंग किया जा रहा है। धारा 144 हटवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक दण्डाधिकारी एवं अंचलाधिकारी करपी को संयुक्त जाँच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।इसी क्रम में द्वितीय अपीलीय प्राधिकार से संबंधित आज कुल 04 मामलों की सुनवाई हुई जिसमें 02 का निष्पादन किया गया एवं 02 मामलों की सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई।

# प्रखंड कार्यालय में माले का धरना प्रदर्शन

शेरघाटी। भाकपा माले प्रखंड कमिटी शेरघाटी के बैनर तले शुक्रवार को हक दे वादा निभाओ उदघोष के साथ एक दिवसीय धरना दिया गया। माले कमेटी द्वारा अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि बिहार में अत्यंत निर्धन और गरीबी में लाखों परिवार जी रहे है। बिहार सरकार के जातीय आर्थिक गणना से यह स्पष्ट हो गया है। बिहार मे करीब 95 लाख परिवार अत्यंत निर्धन है। जिनकी मासिक आय मात्र 6000 हजार रूपए है। यानी सालाना 72 हजार है। सरकार ने इस गरीबी की दुष्चक्र से निकालने के लिए वैसे गरीब परिवारों को मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना के तहत स्वरोजगार हेतु दो लाख रुपए देने कि वादा किया था। जो गरीबी रेखा के नीचे है। उसे 60 हजार रुपए आय प्रमाण पत्र को प्राथमिक शर्त बनाया है। परंतु अंचल कर्मचारी राजस्व के द्वारा टाल-मटोल करने और रकम वसूली का धंधा चल रहा है। इसी प्रकार सभी गरीब भूमिहीन परिवारों को 5 डी. वास भूमि - पक्का मकान का भी वादा किया गया था। पार्टी ने राज्य भर में हक दो- वादा निभाओ जन अभियान के तहत प्रखंड सह अंचल कार्यालयों पर जन प्रदर्शन का कार्यक्रम की है। ज्ञापन के माध्यम से विभिन्न मांग रखी गई है जिसमें सर्वे कृत सभी गरीब परिवारों को साठ हजार रुपए का आय प्रमाण पत्र निर्गत करना,

# भवन निर्माण से संबंधित समीक्षात्मक बैठक किया:डीएम

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह की अध्यक्षता में भवन निर्माण से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नियंत्रणाधीन योजनाओं के संबंध में दी गई प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में कार्यान्वित योजनाओं के निर्माण से संबंधित भौतिक प्रगति कीद समीक्षा की गई एवं आवश्यक निदेश दिये गये। इसी क्रम में राज्य योजना के अंतर्गत समाहरणालय परिसर अरवल में टॉयलेट कॉम्पलेक्स के निर्माण को ससमय पूर्ण करने हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया। मौके पर भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता मौजूद रहे।

# डीएम ने नगर आयुक्त एवं कार्यपालक अभियंता पीएचडी को दिया निर्देश , कार्यो को तेजी से पूर्ण करवाएं

गया। पितृपक्ष मेला 2024 के सफल आयोजन तथा देश विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूर्व में किए जा रहे तैयारियों का जायजा आज जिला पदाधिकारी, गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा विष्णुपद मंदिर प्रांगण, सोलह वेदी स्थल, गयाजी डैम, देवघाट, गजाधर घाट, निमार्णाधीन विष्णु पथ, शमशान घाट, सूर्यकुंड, ब्रह्मशत सरोवर, बैतरणी, गोदावरी सरोवर इत्यादि का निरीक्षण कर यात्रियों की सुविधा हेतु आवश्यक निर्देश दिए हैं। विदित हो कि इस वर्ष पितृपक्ष मेला 17 सितंबर से प्रारंभ हो रही है एव 02 अक्टूबर तक चलेगी। यह मेला 15 दिनों की रहती है।इसमें लाखो लाख पिंडदानी गया जी में अपने पितरों की तर्पण हेतु आते हैं। डीएम ने विष्णुपद मंदिर पहुच कर जायजा लिया कि इस वर्ष कैसे प्रवेश और निकास करवाया जाएगा। डीएम ने कहा कि हर तीर्थयात्रियों को तर्पण पश्चात मंदिर गर्वगृह आना एक परंपरा के तौर पर है, जिस कारण सबसे ज्यादा भीड़ वाला एरिया मंदिर गर्वगृह ही है। यहां व्यवस्थाओ को पूरा दुरुस्त रखने की अत्यंत आवश्यक है। डीएम ने कहा कि कतारबद्ध तरीके से यात्रियों को प्रवेश करवाया जाए। चुकी भीड़ के कारण फिसलन अधिक होती है, यात्रियों की गिरने की भी सम्भवनाये बनी रहती है। इस कारण इस वर्ष पहले गेट से मंदिर परिषर के साथ साथ सोलह वेदी के समीप तक नेट वाला कार्पेट लगवाया जाएगा साथ ही सोलह वेदी के समीप लगे जिगजैक के माध्यम से यात्रियों कर प्रवेश के दौरान गर्मी एव धूप से बचाव कर लीय ऊपर से शेड के रूप में चांदनी लगाया जाएगा साथ ही सीलिंग पंखा का पूरा व्यवस्था इस बार किया जाएगा। डीएम ने कहा कि बिजली की कही सॉर्ट सर्किट नही हो इसका पूरा ख्याल रखा जाएगा। इंटरनल बिजली वायरिंग की पूरी जांच करवायी जाएगी। इसके बाद निर्देश दिया है कि मंदिर प्रांगण के पूरे क्षेत्र में लगातार सफाई की व्यवस्था रखे। इसके बाद डीएम ने मंदिर परिषर के पूरे क्षेत्र का घूम कर निरीक्षण किया और मंदिर प्रबंधन समिति एव नगर आयुक्त को कई आवश्यक निर्देश दिए हैं । इसके पश्चात मंदिर से देवघाट जाने वाले संकीर्ण गली में कुछ जर्जर भवन को देखा गया है। उन्होंने अनुमण्डल पदाधिकारी सदर को निर्देश दिया कि संबंधित जर्जर भवनों को नोटिस भेजते हुए खाली करवाते हुए डिमोलिश करवाये। संकीर्ण गलियों में नालियों की दुबारा सफाई करवाने को कहा है, ताकि मेला अवधि में समुचित पानी निकास हो सके।

# स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर पटना, दानापुर, बरौनी आदि स्टेशनों से अहमदाबाद, वलसाड, राजकोट जं. सहित अन्य प्रमुख स्टेशनों के लिए कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा हेतु स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में निम्नानुसार वृद्धि की गयी हैः

1.गाड़ी सं. 09493 अहमदाबाद-पटना स्पेशल अब 29 ॉ्रिं१ तक प्रत्येक रविवार को चलायी जायेगी ।

2.गाड़ी सं. 09494 पटना-अहमदाबाद स्पेशल अब 31 दिसंबर तक प्रत्येक मंगलवार को चलायी जायेगी ।

3.गाड़ी सं. 09417 अहमदाबाद-दानापुर स्पेशल अब 30 दिसंबर तक प्रत्येक सोमवार को चलायी जायेगी ।

4.गाड़ी सं. 09418 दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल अब 31 दिसंबर तक प्रत्येक मंगलवार को चलायी जायेगी ।

5.गाड़ी सं. 09025 वलसाड-दानापुर स्पेशल अब 30 दिसंबर तक प्रत्येक सोमवार को चलायी जायेगी ।

6.गाड़ी सं. 09026 दानापुर-वलसाड स्पेशल अब 31 दिसंबर तक प्रत्येक मंगलवार को चलायी जायेगी ।

7.गाड़ी सं. 09405 साबरमती-पटना स्पेशल अब 31 दिसंबर तक प्रत्येक मंगलवार को चलायी जायेगी ।

8.गाड़ी सं. 09406 पटना-साबरमती स्पेशल अब 01 जनवरी .25 तक प्रत्येक गुरूवार को चलायी जायेगी ।

9.गाड़ी सं. 09343 डा. अम्बेडकर नगर (इंदौर)-पटना स्पेशल अब 26.12.24 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को चलायी जायेगी ।

10.गाड़ी सं. 09344 पटना-डा. अम्बेडकर नगर (इंदौर) स्पेशल अब 27 दिसंबर तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को चलायी जायेगी ।

11.गाड़ी सं. 09569 राजकोट जं.-बरौनी स्पेशल अब 27दि संबर तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को चलायी जायेगी ।

12.गाड़ी सं. 09570 बरौनी-राजकोट जं. स्पेशल अब 29 दिसंबर तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को चलायी जायेगी ।

13.गाड़ी सं. 09045 उधना-पटना स्पेशल अब 27 दिसंबर तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को चलायी जायेगी

14.गाड़ी सं. 09046 पटना-उधना स्पेशल अब 28.दिसंबर तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को चलायी जायेगी

15.गाड़ी सं. 09145 मुंबई सेंट्रल-बरौनी स्पेशल अब 11 नम्बर तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को चलायी जायेगी ।

16.गाड़ी सं. 09146 बरौनी-मुंबई सेंट्रल स्पेशल अब 14 नंबर तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को चलायी जायेगी ।

17.गाड़ी संख्या 03245 दानापुर-एसएमभीबी, बेंगलूरू स्पेशल दानापुर से 28 अगस्त एवं 04 सितंबर को भी परिचालित की जायेगी ।

18.गाड़ी संख्या 03246 एसएमभीबी, बेंगलूरू-दानापुर स्पेशल एसएमभीबी, बेंगलूरू से 30.अगस्त एवं 06 सितंबर को भी परिचालित की जायेगी ।

19.गाड़ी संख्या 03251 दानापुर-एसएमभीबी, बेंगलूरू स्पेशल दानापुर से 25 .अगस्त से 02 सितंबर तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार एवं सोमवार को भी परिचालित की जायेगी ।

20.गाड़ी संख्या 03252 एसएमभीबी, बेंगलूरू-दानापुर स्पेशल एसएमभीबी बेंगलूरू से 27 अगस्त से 04 सितंबर तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को भी परिचालित की जायेगी

21.गाड़ी संख्या 03259 दानापुर-एसएमभीबी बेंगलूरू स्पेशल दानापुर से 27 अगस्त एवं 03 सितंबर को परिचालित की जायेगी ।

22. गाड़ी संख्या 03260 एसएमभीबी बेंगलूरू-दानापुर स्पेशल एसएमभीबी बेंगलूरू से 29.अगस्त एवं 05 सितंबर को परिचालित की जायेगी ।

23. गाड़ी संख्या 03247 दानापुर-एसएमभीबी बेंगलूरू स्पेशल दानापुर से 29 अगस्त एवं 05 सितंबर को भी परिचालित की जायेगी।

24. गाड़ी संख्या 03248 एसएमभीबी, बेंगलूरू-दानापुर स्पेशल एसएमभीबी बेंगलूरू से 31अगस्त एवं 07 सितंबर को भी परिचालित की जायेगी ।

25. गाड़ी संख्या 03241 दानापुर-एसएमभीबी बेंगलूरू स्पेशल दानापुर से 30 अगस्त एवं 06 सितंबर को भी परिचालित की जायेगी ।

26. गाड़ी संख्या 03242 एसएमभीबी बेंगलूरू-दानापुर स्पेशल एसएमभीबी बेंगलूरू से 01सितंबर एवं 08 सितंबर को भी परिचालित की जायेगी ।

# सड़क हादसे में महिला के घटना स्थल पर हुआ मौत

शेरघाटी। जीटी रोड पर गोपालपुर गांव के समीप सड़क हादसे में एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. हादसे की शिकार महिला की पहचान झारखंड के चतरा जिला अंतर्गत हंटरगंज थाना क्षेत्र के कालेश्वरी डाहा गांव की रहने वाली प्रमिला देवी के रूप में हुई है. महिला अपने पति के साथ बाइक से शेरघाटी की ओर आ रही थी तभी यह हादसा हुआ. अचानक हुई इस घटना के बाद मृतक के पति स्तब्ध है. वह कुछ भी बोल नहीं पा रहा है. इधर घटना की जानकारी मिलते ही शेरघाटी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया है. थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि महिला अपने परिवार के साथ बाइक से शेरघाटी की ओर आ रही थी तभी गोपालपुर गांव के पास यह हादसा हुआ. उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है. घटना कैसे हुई तथा कि वाहन के चपेट में आने से महिला व जांच कर रही है.

# एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो के राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मानित किए गए

गया। शहर के निजी होटल में एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो के राष्ट्रीय अधिवेशन सह पदाधिकारी सम्मान समारोह में भारत के कई राज्यों सहित बिहार के कई जिलों के ऑफिसर्स उपस्थित रहे वहीं कई अन्य क्षेत्र जैसे खेल मनोरंजन कैलाश संस्कृति समाज सेवा से भी कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे हैं। अधिवेशन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई है।वही बेस्ट ऑफिसर्स अवार्ड से सम्मानित किए गए अविनाश कुमार सिंह ने बताया की एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम मैं जुटी हुई है भारत के लगभग 22 राज्यों में अनेक करप्शन इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो के सदस्य मौजूद हैं और यहां के सदस्य प्रशासन के सहयोगी के तौर पर हमेशा तत्पर रहते हैं तथा समाज में किसी भी विषम परिस्थिति में लोगों की सहायता के लिए खड़े रहते हैं। बेस्ट ऑफिसर्स अवार्ड से कुल पांच लोगों को सम्मानित किया गया है।जिसमें अविनाश सिंह के साथ मनीष शरण आदित्य श्रीवास्तव अनिल कुमार निर्भय पांडे भी शामिल रहेहैं।

# बिहार विरासत ज्ञान उत्सव में जीबीएम कॉलेज की रही शानदार प्रतिभागिता

प्रात: किरण संवाददाता



गया। कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार पटना की पहल पर जगजीवन कॉलेज, गया में आयोजित बिहार विरासत ज्ञान उत्सव के अंतर्गत आयोजित अंतर-महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की शानदार प्रतिभागिता रही है। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सहदेब बाउरी के संरक्षण एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष-सह-एनसीसी सीटीओ डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी के समन्वयन एवं संयोजन में कॉलेज की छात्रा राखी कुमारी, शिल्पा साहनी, अनुराधा कुमारी, आरूही कुमारी, हर्षिता मिश्रा, खुशी कुमारी, वैष्णवी श्रीवास्तव, अंजली कुमारी, चाँदनी कुमारी, खुशी कुमारी, प्रगति मिश्रा, श्रुति कुमारी, तान्या बनर्जी, अन्या ने वाद-विवाद, चित्रकला, निबंध लेखन, शास्त्रीय तथा लोकगीत गायन, वादन एवं नृत्य विधाओं में एक से बढ़कर प्रस्तुतियां दीं है। चित्रकला प्रतियोगिता में बिहार की विभिन्न विरासतों को दशार्ती भव्य पेटिंग बनाकर जीबीएम की बीबीएम कक्षा फाइनल ईयर की छात्रा राखी कुमारी प्रथम स्थान पर रहीं हैं। प्रसिद्ध तबला वादक दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में कक्षा द्वादश की छात्रा खुशी कुमारी की शानदार कत्थक प्रस्तुति देखकर सभी मंत्रमुग्ध रह गये है। खुशी को भी शास्त्रीय नृत्य कत्थक एकल में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। ह्लरेलिया बैरन पिया को लिये जाये रे, रेलिया बैरनह्व की सुमधुर प्रस्तुति देकर लोकगीत गायन प्रतियोगिता में कक्षा स्नातक तृतीय खंड की छात्रा चाँदनी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शास्त्रीय गायन में हारमोनियम पर राग देश में छोटा ख्याल की प्रस्तुति देकर कक्षा द्वादश की खुशी कुमारी द्वितीय स्थान पर एवं राग प्रदीप में छोटा ख्याल की प्रस्तुति देकर कक्षा द्वादश की वैष्णवी श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रहीं हैं। वादन प्रतियोगिता में भी जीबीएम कॉलेज की खुशी कुमारी राग देश की प्रस्तुति देकर द्वितीय एवं वैष्णवी श्रीवास्तव राग मालकोश की प्रस्तुति देकर तृतीय स्थान पर रहीं हैं। कॉलेज की सेमेस्टर फर्स्ट की छात्रा एवं एनसीसी यूओ अनुराधा कुमारी एवं कैडट आरूही कुमारी की बिहार के प्रसिद्ध जट-जटिन नृत्य में जीवंत तथा रोचक युगलबंदी को दर्शकों की खूब वाहवाहियां मिलीं। समूह गायन के अंतर्गत हारमोनियम पर चाँदनी कुमारी, झाल पर खुशी कुमारी के नेतृत्व में हर्षिता मिश्रा, खुशी, वैष्णवी, प्रगति मिश्रा द्वारा दी गयी सावन की कजरी ह्लपिया मेंहदी लिया है ।मोती झील से, जाके सायकिल से नाह्व की प्रस्तुति देखकर डॉ. फागुनी राम सभागार में उपस्थित दर्शक झूम उठे। तान्या बनर्जी के घूमर नृत्य और श्रुति द्वारा प्रस्तुत छठ गीत को भी काफी सराहना मिली। सभी प्रस्तुतियों में तबले पर संगत दे रहे थे दिनेश कुमार। जीबीएम कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सहदेव बाउरी, डॉ. नूतन कुमारी, डॉ. शगुफ्ता अंसारी व अन्य ने डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी की देखरेख एवं निर्देशन में तैयार की गयी छात्राओं की सभी विधाओं में प्रशंसनीय प्रतिभागिता एवं बेहतरीन प्रदर्शन पर हार्दिक खुशी जताते हुए डॉ. रश्मि और जीबीएम की पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं दीं है। कहा कि इस उत्सव में छात्राओं की ऐसी शानदार प्रतिभागिता से कॉलेज का नाम रौशन हुआ है। डॉ. रश्मि ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित सभी प्रतिभागियों को दिनांक 24 अगस्त, 2024 को महाबोधि कन्वेंशन सेंटर, बोधगया में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार की ओर से गणमान्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। उत्सव में प्रथम स्थान पर चयनित प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन भी करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### उदयन परिषद के अध्यक्ष बने मुकुल चक्रवर्ती

मुंगेर। बंगाल क्लब घोसी टोला में गुरुवार को नवगठित उदयन परिषद बंगाली दुर्गा मंदिर ट्रस्ट की बैठक संपन्न हुई इसमें शारदीय नवरात्र के 100वें वर्ष के मौके पर कार्यक्रम आयोजन को लेकर कमेटी का पुनर्गठन किया गया इसके साथ ही इस 100वें वर्ष के मौके पर पूर्ण सुचिता के साथ व नियमानुसार तथा समयबद्ध रूप से पूजा संपन्न कराने तथा समाज व शहर वासियों से सहयोग प्राप्त करने का निर्णय लिया गया इसके साथ ही इस वर्ष दुर्गा पूजा का एक दिन कम रहने के कारण महाभोग का वितरण 2 दिन ही करने का निर्णय लिया गया इसमें मुकुल कुमार चक्रवर्ती को अध्यक्ष अभिजीत चैटर्जी को सचिव शंकर दत्त को कोषाध्यक्ष अनजान विश्वास संजय दत्त का स्वप्न शाह पार्थ मित्र तपन शाह को सहसचिव अजय दत्त इंद्रनाथ बनर्जी डॉक्टर बीबी बोसख अंबर बनर्जी तथा समर कुमार दास को उपाध्यक्ष के पद पर चयन किया गया।

### तालाब में डूबने से हुई मौत

मुंगेर। जिले के टेटिया बंबर थाना क्षेत्र के राजाडीह गांव के जागो सिंह के पुत्र अमित कुमार की मौत तालाब में डूबने से हो गई। पिता ने बताया कि पुत्र अमित कुमार मिर्गी बीमारी से पीड़ित था। तालाब में स्नान करने के दौरान डूबने से उसकी मौत हो गई काफी खोजबीन के बाद तालाब से शब को बरामद किया गया। मृतक एक भाई और दो बहन हैं कृपया नंबर थाना पुलिस ने सबको पोस्टमार्टम कराने को लेकर मुंगेर सदर अस्पताल भेज दिया है घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### टीकाकरण के लक्ष्य को करें 100 प्रतिशत पूरा : प्रभारी

मुंगेर।सदर प्रखंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में नियमित टीकाकरण प्रगति को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुशील कुमार झा ने किए। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए श्री झा ने काहे की सभी एएनएम नियमित टीकाकरण को 100% पूरा करें अपने कार्य में किसी प्रकार की कोई लापरवाही ना बड़ते अपने क्षेत्र में एक भी बच्चा को टिक से वंचित न रहे। वहीं उन्होंने यह भी निर्देश दिए की अगर किसी भी एएनएम के क्षेत्र में टिक से वंचित पाए जाते हैं। बच्चे तो उन पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसलिए आप लोग अपने क्षेत्र में कार्य के प्रति सजग रहे और 100% टीकाकरण को पूरा करें। बैठक में उपस्थित यूनिसेफ के एसएमसी अमित कुमार, सुधाकर कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक रवि कुमार, बीसीएम प्रभाकर कुमार लेखपाल कमलेश कुमार, मदन कुमार, राहुल कुमार, तथा क्षेत्र के एएनएम, आशा फैसलेटर उपस्थित थे।

### मारपीट की घटना में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

मुंगेर। धरहरा थाना क्षेत्र के धरहरा गांव में एक पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट की घटना का समाचार प्रकाश में आया है। एक पक्ष के रूपेश कुमार सिंह ने धरहरा थाना को आवेदन देकर जान माल के सुरक्षा की गुहार लगाया है आवेदन में कहा गया है कि बुधवार की देर शाम लगभग 8:00 बजे वह भवानीपुर बहियार से घर लौट रहा था इसी बीच पूर्व से घात लगाए आधे दर्जन से अधिक हथियार से लैस बदमाशों ने मुझ पर हमला कर दिया किसी तरह जान बचाकर भाग निकला धरहरा के प्रिंस कुमार सिंह सक्षम कुमार गोविंदपुर कुमार सिंह व संबंधी किशन कुमार सिंह कुमार जीत व अज्ञात पर शिकायत दर्ज कराया गया है थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने जांच के बाद नामजद आरोपी पर कार्यवाही की बात कहा हैं।

### माकपा नेता के निधन पर शोक

विभूतिपुर/समस्तीपुर। माकपा आलमपुर शाखा के वयोवृद्ध पार्टी सदस्य बिहारी सदा का निधन कल 22 अगस्त 2024 को हो गया।वे 101 वर्ष के थे। उनके निधन पर पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य सह स्थानीय विधायक अजय कुमार, लोकल कमेटी सचिव श्याम किशोर कमल, जिला कमेटी सदस्य सिया प्रसाद यादव, लोकल कमेटी सदस्य दिलीप पंजियार ने कल ही उनके आवास आलमपुर पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं आज 23 अगस्त 2024 को पार्टी जिला कमेटी सदस्य अरविन्द कुमार दास, बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर यूनियन के अंचल सचिव क्रान्ति कुमार, लोकल कमेटी सदस्य सह पंचायत के पूर्व मुखिया राधेश्याम पासवान, वर्तमान मुखिया रामनाथ पासवान, शाखा सचिव चंद्रशेखर प्रसाद, पार्टी सदस्य सुरेश राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें पार्टी का झंडा तथा फूल माला अर्पित की। उनके सम्मान में बिहारी सदा अमर रहें, कॉमरेड बिहारी सदा को लाल सलाम जैसे नारे लगाए।

# हर घर पहुंचे नल का जल योजना का पानी किसानों को कृषि फीडर से मिले निर्बाध बिजली

## कृषि सह परिवहन विभाग सह प्रभारी सचिव ने जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं पर बिंदु बार जानकारी ली

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर (बिहार )। विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक गुरूवार को संग्रहालय सभागार में सचिव, कृषि-सह-परिवहन विभाग, बिहार सरकार-सह-प्रभारी सचिव, मुंगेर जिला संजय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं पर बिंदुवार जानकारी लेते हुए, उसमें अग्रेत्तर कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह, निदेशक, उद्यान, कृषि विभाग, पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, नगर आयुक्त निखिल धनराज निपणीकर, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।बाढ़ की समीक्षा में सचिव श्री अग्रवाल ने कहा कि बाढ़ का खतरा अभी टला नहीं है, इस लिए सभी अलर्ट मोड में रहें और गंगा के बढ़ते एवं घटते जलस्तर पर ध्यान रखें। एसडीआरएफ की टीम भी अलर्ट मोड में रहें। साथ ही जिन प्रखंडों में सुखे की स्थिति है, वहां सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था कर लें। कारी घाटी परियोजना की योजनाओं को भी उन्होंने जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आज के क्षेत्र भ्रमण में कुछ ग्रामीणों द्वारा नलकूप नहीं मिलने की शिकायत की गयी है, जो अत्यंत ही खेदजनक है। उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अब तक जो नलकूप का अधिष्ठापन किया गया है, वह संतोषजनक नहीं है। शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति करें और सभी नलकूपों का स-समय अधिष्ठापन करें। कुंओं और तालाब के निर्माण के लक्ष्य पर भी उन्होंने असंतोष व्यक्त किया। कहा कि जो निर्धारित लक्ष्य है, उसके अनुरूप अब तक एक भी कुआं का निर्माण नहीं होना आपकी कार्यशैली को बयां कर रहा है। लक्ष्य को स-समय पूर्ण करें, अन्यथा कार्रवाई निश्चित होगी। हर घर नल का जल योजना की समीक्षा में उन्होंने कहा कि आज के क्षेत्र भ्रमण में अधिकांश लोगों से यही सूचना मिली कि अब तक घरों में नल जल की आपूर्ति नहीं हो रही है। कई घरों में नल का कनेक्शन तो किया गया है, परन्तु अब तक जलापूर्ति नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्य में लापरवाही न बरतें और ईमानदारी पूर्वक काम करें, ताकि लोगों को पेय जल की आपूर्ति स-समय हो सके। जल्द ही माननीय मुख्यमंत्री द्वारा इसकी समीक्षा की जाएगी और यदि आपकी यही प्रगति रही तो आपके लिए समस्या उत्पन्न हो सकती है। वृक्षारोपण की समीक्षा में उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण का लक्ष्य भी शत प्रतिशत पूर्ण नहीं हो पाया है। उन्होंने आंवला और नींबू के पौधों को बागवानी के तहत लगाने पर विशेष जोड़ दिया। बारिश का मौसम भी अब समाप्ति की ओर है और अब तक शत प्रतिशत वृक्षारोपण नहीं होना कार्य शिथिलता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण के लिए अत्यंत ही जरूरी है, इस लिए इसे प्राथमिकता दें। टपकन सिंचाई, जैविक खेती एव अन्य तकनीकि रिपोर्ट की समीक्षा में उन्होंने कहा कि रिपोर्ट कागजी न दें, धरातल पर दिखने वाला कार्य करें और अद्यतन रिपोर्ट दें। मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि यह सरकार की अत्यंत ही महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित एवं पर्याप्त रौशनी उपलब्ध कराना है। इस लिए एजेंसी द्वारा निर्धारित लक्ष्य को स-समय पूर्ण कराएं। सचिव ने कहा कि आज धरहरा प्रखंड के बाहाचौकी एवं दुगार्पुर पंचायत में जब किसानों से भ्रमण के दौरान जानकारी ली गयी तो उन्होंने बताया कि पिछले अप्रैल माह से उन लोगों को किसान फीडर से विद्युत आपूर्ति नहीं की जा रही है, उनके द्वारा डीजल अनुदान से सिंचाई की जा रही है। इस पर उन्होंने विद्युत विभाग के पदाधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति करें और किसानों के लिए विद्युत कनेक्शन को शीघ्रताशीघ्र स्वीकृत करें, ताकि उन्हें सिंचाई में किसी तरह की परेशानी न हो। स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन के लक्ष्य को भी उन्होंने स-समय पूर्ण करने का निर्देश दिया। रवि फसल की तैयारी का भी सचिव द्वारा जायजा लिया गया। उन्होंने कहा कि खरीफ फसल का जो रिपोर्ट आपके द्वारा दिखाया गया है, वह संतोषजनक नहीं है। इस लिए रवि फसल की रोपाई की व्यवस्था अभी से ही शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि मुंगेर जिला में मक्का, सरसों सहित अन्य फसलों के उपज की भी काफी संभावना है, परन्तु किसानों द्वारा प्रायः धान और गेहूं को ही प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को मक्का, सरसों सहित अन्य फसलों के उपज के लिए जागरूक करें, उसमें भी उन्हें अधिक से अधिक आर्थिक लाभ मिलेगा। बंदोबस्त विभाग की समीक्षा में उन्होंने सर्वेक्षण कार्य को शीघ्रता शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अब तो राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त मात्रा में कार्यबल भी उपलब्ध करा दिया गया है, तो अब इसमें विलंब न करें और स-समय सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कराएं। सचिव श्री अग्रवाल ने कहा कि कृषि उत्पादन बाजार समिति के गोदामों के चहारदीवारी एवं सड़कों की स्थिति अत्यंत ही जर्जर है, तत्काल उसे ठीक कराने का कार्य प्रारंभ करें। उन्होंने कहा कि बाजार समिति में कुछ शेड खाली अवस्था में पाए गए हैं, जो स्थानीय स्तर के सब्जी, फल एवं एग्रीकल्चर से संबंधित थोक सामग्री विक्रेताओं को आवंटित किए जा सकते हैं। परिवहन विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के धीमि प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए, जिलाधिकारी को अपने स्तर से बैठक कर अग्रेत्तर कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री इस योजना के लिए भी काफी उत्साहित हैं और उनकी सोच है कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को इस योजना के माध्यम से सीधे शहर से जोड़ा जा सके। इस योजना से तत्काल ग्रामीणों को गांव से शहर जाने के लिए बस सेवा की सुविधा दी जा रही है, जिससे आवागमन में ग्रामीणों को समुचित सुविधा मिल रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारी को हिदायत देते हुए कहा कि योजना की धीमि गति में प्रगति लाएं अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत कार्य के प्रगति के लिए ईमानदारी पूर्वक कार्य करें और लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत लाभूकों को इसका लाभ दिलाएं। उन्होंने जिलाधिकारी को शनिवार को सभी लाभार्थियों के साथ बैठक करने तथा इस योजना से संबंधित जानकारी हेतु जागरूकता लाने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कहा कि सड़क पर उतरें और हेल्मेट को लेकर जनता के बीच जागरूकता अभियान चलाएं।

## प्रखंड मुख्यालय पर महात्मा गांधी स्वक्षता कर्मियों का धरना प्रदर्शन जारी

### 20 माह से वेतन नहीं मिला अब भुखमरी के कगार पर हैं सफाई कर्मचारी

प्रात : किरण संवाददाता



बरियारपुर (मुंगेर)। माहात्मा गांधी ग्रामीण स्वक्षता अभियान कर्मियों का प्रखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन बेहिचक जारी है। अपनी एक सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड कार्यालय के प्रांगन मे धरना प्रदर्शन बेहिचक जारी है। इस सम्बन्ध में ग्रामीण स्वक्षता कर्मचारियों ने बताया कि हमलोगों के साथ प्रखंड संयोजिका सारिका कुमारी ने कोरा आश्वासन देकर गुमराह कर रही है। हमलोग प्रखंड कार्यालय से सम्पर्क करते है तो एक या दो दिन के अन्दर खाते में वेतन जमा करने की बात कहकर टाल देते है। हरिण मार, झोवाबहियार, कल्याण टोला, बरियारपुर उत्तरी, रतनपुर, बरियारपुर दक्षिणी, पडिया, नीरपुर, करहरिया पश्चिमी, करहरिया पुर्वी, करहरिया दक्षिणी पंचायत से तमाम ग्रामीणों को सुखा कचड़ा व गिला कचड़ा प्रत्येक दिन उठाया करते है। ग्रामीणों से रोग उठाकर डस्टबिन तक पहुंचाया करते हैं । प्रत्येक घर से 30 रुपये मुखिया के यहां जमा करते आ रहे है। फिर भी वेतन के लिये बीस माह से मुहताज क्यों रखा जा रहा है। 20 माह से इन स्वच्छता कर्मी का वेतन रोक कर रखा गया है। इस कारण से इनके और उनके परिवारों के बीच भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है।

## धान के लिए बारिश का पानी संजीवनी के समान, किसानों के खिले चेहरे

संग्रामपुर(मुंगेर) ।गुरुवार की रात से लगातार हो रहे मूसलाधार बारिश से जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। वही यह बारिश धान की फसल के लिए संजीवनी का काम किया है। बीते रात से लगातार शुक्रवार पूरे दिन रुक-रुक कर बारिश से लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है जगह-जगह सड़कों पर बारिश के पानी से जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बेलहरनी नदी में भी जल स्तर बढ़ने से नदी उफान पर है। पिछले दिनों तेज धूप के कारण धान के खेतों में दरार पड़ने लगे थे जहां प्रखंड क्षेत्र के किसानों ने बोरिंग के माध्यम से अपने खेत में लगे धान के फसल की सिंचाई कर रहे थे। परंतु यह बारिश किसानों के चेहरे पर पुनः खुशी लौटा दी है। शुक्रवार को दिन भर आसमान में काले बादल छाए रहे वही ठंडी हवा के साथ रुक-रुक कर बारिश भी दिन भर होती रहीं।किसानों के अनुसार इस बारिश से धान के फसल को कीटों से मुक्ति मिलेगी तेज हवा के साथ बारिश से धान पत्तों पर लगे कीड़े नीचे गिर जाएंगे। जिससे धान के पौधों में वृद्धि होगी। प्रखंड क्षेत्र के किसान विपिन बिहारी सिंह अवधेश सिंह शशि प्रकाश चौहान प्रकाश यादव विनय यादव गणेश पंडित आदि ने कहा कि नहरों से पानी न मिलने के बाद पानी के लिए हम सभी किसान बोरिंग के माध्यम से अपने खेत में लगे धान की फसल की पटवन करने में लगें थे।

## लखीसराय के दंपत्ति को दत्तक ग्रहण में सौपा गया बालक

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। दत्तक ग्रहण की समस्त प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, पश्चिमी चंपारण द्वारा शुक्रवार को लखीसराय के दंपत्ति को बालक गोद दिया गया । दत्तक ग्राही पिता सीमा सुरक्षा बल में हेड कांस्टेबल हैं । दंपत्ति की वार्षिक आय बारह लाख लगभग है।

इसके पूर्व अपर समाहर्ता के समक्ष दत्तक ग्रहण वाद के इस वाद को सुनवाई के लिए रखा गया । तथा अपर समाहर्ता के द्वारा गोद दिये जाने के निर्णय के उपरांत आज बच्चे को उसके दत्तक ग्राही माता पिता को सौप दिया गया । दत्तक ग्रहण की समस्त प्रक्रिया ऑनलाइन है । कोई दत्तक ग्राही माता पिता केंद्रीय दत्तक ग्रहण प्राधिकरण के पोर्टल पर पंजीकरण कर गोद लेने की प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं । इसके लिए एक फोन नंबर, पैन कार्ड तथा ई मेल आईडी की आवश्यकता होती है । इसके उपरांत नजदीकी विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान द्वारा दत्तक ग्राही माता पिता का होम स्टडी रिपोर्ट तैयार किया जाता है । इस पोर्टल पर दत्तक ग्राही माता पिता अपनी एलिजिबिलिटी चेक कर सकते हैं । इस वेबसाइट के अतिरिक्त किसी व्यक्ति, अस्पताल अथवा नर्सिंग होम से बच्चा गोद लेना गैर कानूनी है । जिला अंतर्गत गोद लेने हेतु विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई से संपर्क किया जा सकता है। किसी परित्यज बच्चे के प्राप्त होने के उपरांत बच्चे को 24 घंटे के अंदर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने तथा कारा के वेबसाइट पर 24 घंटे के अंदर पंजीकरण करने का प्रावधान है । इसके उपरांत बच्चे का विज्ञापन प्रकाशित कर कोई दावेदार नहीं होने की स्थिति में बाल कल्याण समिति द्वारा कानूनी रूप से दत्तक ग्रहण हेतु मुक्त करने का प्रावधान है । बच्चे की दंपत्ति के साथ ऑनलाइन मैचिंग, एडोप्शन कमिटी की बैठक तथा जिला पदाधिकारी अथवा अपर समाहर्ता के समक्ष दत्तक ग्रहण संस्थान की ओर से वाद दायर करने का प्रावधान है ।

## इंडियन केवाईसी के लिए एजेंसी वसूल रही है अधिक राशि

मुंगेर। जिले के हवेली खड़गपुर नगर परिषद क्षेत्र में एकमात्र ब्रह्मशिला इंडियन गैस एजेंसी इन दिनों उपभोक्ताओं का शोषण कर रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि ब्रह्मशिला इंडियन गैसएजेंसी के प्रोपराइटर द्वारा उपभोक्ता के केवाईसी करने में 160-200 रुपया लिया जाता है। वहीं नया गैस किताब बनाने में 60 रुपेए लिया जाता है जबकि नया गैस किताब का मूल्य50 रुपए मात्र है। ब्रह्मशिला इंडियन गैस एजेंसीकार्यालय के एक कर्मचारी ने अपनी नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि ब्रह्मशिला इंडियन गैस एजेंसी प्रोपराइटर के द्वारा अपने कर्मचारियों के माध्यम से यह वसूली करा रही है। करीब एक दर्जन उपभोक्ताओं ने मीडिया को बताया कि केवाईसी और नई किताब बनाने के लिए एजेंसी द्वारा वसूली गई राशि का रसीद उपभोक्ता को नहीं दिया जाता है। इससे ब्रह्मशिला इंडियन गैस एजेंसी के सभी उपभोक्ता को आर्थिक क्षति पहुंच रहा है इसको लेकर लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। दर्जन भर उपभोक्ताओं ने मीडिया को बताया कि ब्रह्मशिला गैस एजेंसी के द्वारा इस प्रकार का रवैया अपनाया गया है।

## श्री कृष्णा जन्माष्टमी व चेहल्लुम दोनों ही पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से दोनों समुदाय के लोग मनाएं

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर (बिहार) चेहल्लुम व श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को संग्रहालय सभागार में ब्रीफिंग बैठक का आयोजन किया गया। इस की अध्यक्षता जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने की । बैठक में दोनों पर्वो को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए उपस्थित सभी पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों से स्पष्ट शब्दों में कहा कि पर्व का माह प्रारंभ हो गया है और 25 और 26 अगस्त को चेहल्लुम एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी एक साथ मनाया जा रहा है। इसे शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन दोनों सक्रिय है और पूरी मुस्तैदी के साथ सभी पदाधिकारियों और दंडाधिकारियों को अपनी ड्यूटी निभानी है। उन्होंने कहा कि एक बात तो सभी गांठ बांध लें कि प्रत्येक सूचना का आदान प्रदान सभी पदाधिकारियों से नियमित करें और यदि किसी भी प्रकार की कोई संवेदनशील सूचना मिले तो उस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए कारवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि चेहल्लुम के मौके पर मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा अखाड़ा अथवा ताजिया निशान जुलूस भी निकाला जाएगा।

प्रत्येक जुलूस का वीडियोग्राफी किया जायेगा, साथ ही ड्रोन कैमरे से भी पूरी जुलूस पर नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी उपद्रवी अथवा संदिग्ध तत्वों पर कड़ी निगरानी रखेंगे और उनकी गतिविधियों पर भी नजर बनाए रखेंगे जरा सी भी चूक समस्या उत्पन्न कर सकती है, इस लिए सभी सजग और पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी पर बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर कई मंदिरों में भी पूजा पाठ को लेकर भीड़ रहती है और कई मंदिरों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। ऐसे में दोनों समुदाय के लोग आपस में सौहाद्र बनाएं रखें और किसी तरह की कोई गलत गतिविधि न हो इस पर भी ध्यान रखें, ताकि कोई संवेदनशील मामला न बने।

उन्होंने कहा कि जिन भी पदाधिकारियों और दंडाधिकारियों की ड्यूटी जहां लगाई गई है वो उस स्थान पर तब तक बने रहेंगे जब तक की ताजिया जुलूस का पहलाम न हो जाए। उन्होंने कहा कि उनके और पुलिस अधीक्षक के द्वारा भी सभी क्षेत्रों का भ्रमण किया जायेगा, इस दौरान जो भी पदाधिकारी अथवा दंडाधिकारी अपनी ड्यूटी पर तैनात नहीं रहेंगे उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सभी पदाधिकारियों और दंडाधिकारियों को निर्देशित किया गया की निर्धारित समय से पहले ही अपनी अपनी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी थाना क्षेत्र में संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है, तो ऐसे क्षेत्रों में विशेष चौकसी की आवश्यकता है। सभी पदाधिकारियों और दंडाधिकारियों को चुस्त दुरुस्त हो कर अपनी ड्यूटी निभानी है। क्यूआरटी की टीम लगातार सभी क्षेत्रों में भ्रमण करती रहेगी। टीम के सभी कर्मी बिना हेलमेट के वाहन नहीं चलाएंगे और किसी भी व्यक्ति से अभद्र व्यवहार नहीं करेंगे। सभी एसएचओ संबंधित क्षेत्र के अखाड़ा के सदस्यों से संपर्क स्थापित कर सभी सदस्यों की सूची भी साथ रखेंगे और प्रत्येक व्यक्ति पर नजर बनाए रखें।

अखाड़ा का लोकेशन भी सभी पदाधिकारी और दंडाधिकारी एक दूसरे से शेयर करेंगे, ताकि अखाड़े का लोकेशन मिलता रहे और ससमय उसका विसर्जन करा सकें। अफवाहों पर भी ध्यान रखेंगे और सोशल मीडिया पर भी नजर बनाए रखें। किसी भी तरह की अफवाह को बिना जाने समझे तुल नहीं देंगे और इसकी जानकारी एसडीओ अथवा एसडीपीओ से शेयर करेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों पर्वो को शांतिपूर्ण संपन्न कराना जिला एवं पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती है, इस लिए आप सभी सजग हो कर कार्य करेंगे।

## हर घर में भाजपा का सदस्य बनना है : जनक सिंह

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। भारतीय जनता पार्टी के जिला के मुख्य कार्यालय पर भाजपा सदस्यता अभियान 2024 कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला को संबोधित करते हुए महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि छपरा जिले से सबसे ज्यादा सदस्य जोड़े भाजपा में जुड़े जाएंगे बीजेपी जन जन की पार्टी है यह विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है इस पार्टी में सबसे ज्यादा सदस्य विश्व में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक तरैया के विधायक जनक सिंह ने कहा कि हर घर में भाजपा का सदस्य बनना है और भाजपा को सशक्त एवं मजबूत बनाना है भाजपा में सदस्यता अभियान की प्रभारी ओमप्रकाश भुवन ने कहा कि सभी बूथों पर भाजपा के सदस्य बनना है एवं सदस्य अभियान करनी है क्षेत्रीय सह प्रभारी प्रदेश मंत्री संतोष रंजन ने कहा एक करोड़ ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य छपरा जिला से निश्चित तौर पर छपरा जिला प्राप्त करेगा उन्होंने बताया कि 25 अगस्त तक सारे मंडलों में सदस्यता अभियान की कार्यशाला का आयोजन कर लेना है कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे हैं जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि वह विश्वास दिलाते हैं कि पूरे बिहार में सारण जिले से सबसे ज्यादा भाजपा के सदस्य बनेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह एवं संचालन उपाध्यक्ष चैतेंद्र नाथ सिंह ने किया इस कार्यशाला को विधायक डॉ सीएन गुप्ता, पूर्व मंत्री महाचंद्र प्रसाद सिंह ,पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह,पूर्व विधायक ज्ञानचंद माझी, किसान मोर्चा के प्रभारी पूर्व उपाध्यक्ष बृजेश कुमार रमन, जिला प्रभारी अनूप श्रीवास्तव, पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह,राष्ट्रीय परिषद सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, सत्यानंद सिंह ,राजेश कुमार सिंह, रंजन यादव, बलवंत सिंह , मीडिया प्रभारी संजय सिंह, राजेश फैशन,सुशील कुमार सिंह, सहित पूरे जिले के मंडल अध्यक्ष महामंत्री प्रभारी बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी सहित वरिष्ठ नेता गण उपस्थित थे।

## गाँधी स्मृति एवं दर्शन समिति नई दिल्ली के समिति सदस्यों ने किया बुनियादी विद्यालय का निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



चनपटिया। प्रखंड के पराजकीय बुनियादी विद्यालय सिरिसिया अड्डा का निरीक्षण गाँधी स्मृति एवं दर्शन समिति, नई दिल्ली के समिति सदस्यों द्वारा किया गया जिसमें विद्यालय में कार्यरत गांधीयन शिक्षकों एवं बच्चों से पढ़ाई -लिखाई से सम्बंधित जानकारी लिया गया तथा विद्यालय एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं पर चर्चा किया गया।चर्चा के दौरान उसके समाधान हेतु सदस्यों द्वारा

हर संभव सहयोग समिति के माध्यम से कराने की बातें कहीं गई,निरीक्षण के क्रम में सभी गांधीयन शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित पाये गये तथा बच्चों से सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रकार के सवाल पूछा गया,बच्चों के जवाबों से खुश होकर सदस्यों द्वारा बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।विद्यालय निरीक्षण के क्रम में गाँधी स्मृति एवं दर्शन समिति नई दिल्ली के निदेशक डॉ ज्वाला प्रसाद, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ वेदाभ्यास कुंडु, शकील अहमद,समिति सदस्य धर्मवीर शर्मा, सतपाल भाटिया, आदि उपस्थित रहें ।निदेशक डॉ ज्वाला प्रसाद द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया एवं इसके महत्व के बारे में बताया गया! गांधीयन शिक्षको संजय कुमार राय, नितेश कुमार पाण्डेय, राजेश कुमार महतो, सुनील कुमार, अंतिमा राय, मनुलाल कुमार, पारस ठाकुर, स्थानीय विद्यालय समन्वयक सत्यन्त कुमार तथा विद्यालय प्रधानाध्यापक अशोक राम द्वारा निरिक्षण टीम का भरपूर सहयोग किया गया।

## राज्य स्तरीय मिनी बालक ,बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने सारण टीम मोतोहारी रवाना

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। 6 वी बिहार राज्य मिनी बालक, बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सारण जिला से 22 सदस्यीय दल मोतिहारी रवाना । पूर्वी चंपारण के मोतिहारी जीवन इंटरनेशनल स्कूल चाटीमाई स्थान बंजरिया में 24 से 26 अगस्त तक आयोजित प्रतियोगिता के लिए सारण की टीम मशरक जंक्शन से शुक्रवार को रवाना हुई । सारण टीम में बनियापुर, मशरक, तरैया , पानापुर प्रखंड के बच्चे शामिल है । मौके पर प्लस 2 उच्च विद्यालय मशरक के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार , सारण हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष कृष्णमोहन सिंह , सचिव संजय कुमार सिंह , कोषाध्यक्ष प्रिंस कुमार , राष्ट्रीय खिलाड़ी रितेश कुमार सिंह , अभिषेक सिंह , वुशू संघ के जिला सचिव विनय पंडित , अमित गिरी सहित अन्य थे।

सारण हैंडबॉल हैंडबॉल टीम के साथ तकनीकी पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह , दल प्रबंधक राजा कुमार सिंह , कोच आकाश कुमार के साथ खिलाड़ी बालिका वर्ग में सोनी कुमारी , प्रिया कुमारी, निशा कुमारी , गुड्डी कुमारी , खुशी कुमारी, श्रेया कुमारी , कृतिका कुमारी जबकि बालक वर्ग में अभिषेक कुमार , आदर्श कुमार , आदित्य कुमार , अंकित कुमार , हिमांशु कुमार , मनीष कुमार , नैतिक कुमार , नीरज कुमार , युवराज कुमार एवम शाहबाज शामिल है ।

## दहकते अंगार पर अलम ले नंगे पैर चल किया गया मातम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नौजर कटरा स्थित इमामबाड़ा में अंजुमने पंजेतनी की ओर से शुक्रवार को आग के मातम का आयोजन किया गया। हजरत इमाम हुसैन व उनके 72 अंसारों की कर्बला के जंग में हुए शहादत पर यह आयोजित किया जाता है। आग के मातम में एक निश्चित लंबाई और चौड़ाई में लकड़ी के ढेर को आग लगाया जाता है। जब छोटा-छोटा अंगार बना रहता है, तब उसे पर लोग हाथों में अलम लिए हुए उस अंगार से नंगे पैर गुजरते हैं। आयोजन में सबसे पहले मौलाना सैयद समर अब्बास के द्वारा तकरीर की गई। इसके बाद पंजेतनी के महासचिव सैयद अली इमाम, संयोजक सचिव सैयद अली अब्बास, एकबाल हैदर व सैयद जावेद अहमद बबलू समेत अन्य ने नौहाखानी की। इसके बाद अंजुमने पंजेतनी, अंजुमने अब्बासिया, दस्ते सज्जादिया, अंजुमने हैदरी, अंजुमने हुसैनिया, अंजुमने सज्जादिया, अंजुमने हाशमिया, अंजुमने कासमियां सहित अन्य अंजुमन से जुड़े लोग दहकते आग पर नंगे पांव अलम लेकर चलते हुए मातम करते शोक मनाया। आयोजन में शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन सैयद अफजल अब्बास, चमडोरिया दरगाह के सचिव सैयद शाह जौहर इमाम जौनी, टीम सेवा के अध्यक्ष सैयद हसन अली, सैयद जिया उर्फ पन्ना, जावेद हुसैन के साथ दर्जनों की संख्या में महिला व बच्चे उपस्थित थे। आयोजकों ने बताया कि बताया कि चेहल्लुम तक मजलिस व अलम का जुलूस निकलता रहेगा। शनिवार को याहिया मंजिल से अलम के साथ मातमी जुलूस निकला जाएगा। यह नवाब बहादुर रोड स्थित हज्जन साहेब के फाटक तक जाएगा। चेहल्लुम के दिन बावली इमामबाड़ा से दुलदुल का जुलूस निकलेगा, जो नौजर कटरा तक जाएगा। शाम को फिर बावली इमामबाड़ा से ही अलम का जुलूस निकलेगा, जो शाह बकार की तकिया चैलीटाल स्थित कर्बला तक जाएगा।

### श्रीकृष्ण अवरतण पर्व जन्माष्टमी 26 को,मंदिरों में तैयारी

पटना सिटी। भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण पर्व जन्माष्टमी को लेकर मंदिरों और राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी में तैयारी की जा रही है. जन्माष्टमी का त्योहार इस दफा 26 अगस्त को मनाया जायेगा. इसके लिए मंदिरों में मच्छरहट्टा स्थित गोपीनाथ मंदिर, हाजीगंज स्थित सांवलिया जी मंदिर, लल्लू बाबू के कूंचा स्थित सांवलिया जी मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, सादिकपुर, बेलरवगंज, स्थित राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी व घसियारी गली स्थित मुक्तेश्वरनाथ शिव मंदिर,शक्तिपीठ बड़ी व छोटी पटनदेवी के साथ अन्य मंदिरों में तैयारी हो रही है।

### एममोबाइल चोरी में एक,गांजा संग दो गिरफ्तार

पटना सिटी। अगमकुआं थाना पुलिस ने आदर्श कॉलोनी में घर से मोबाइल चोरी करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है,तब गांजा बेचते दो को गिरफ्तार किया है. थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह बताया कि मोबाइल चोरी में बहादुरपुर थाना के स्लम बस्ती निवासी कुणाल कुमार को गिरफ्तार किया गया है. एक दोस्त फरार हो गया है. वहीं कांटी फैक्ट्री रोड से गांजा के साथ अजरुन कुमार और नदंलाल छपरा से सूरज सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

# टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए खास कदम उठा सकता है आईसीसी, क्रिकेटरों की फीस में भी हो सकती है बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टेस्ट क्रिकेट के लिए कम से कम 150 लाख अमेरिकी डॉलर का अलग से कोष तैयार करने पर विचार

International Cricket Council

कर रहा है। फटाफट क्रिकेट के दौर में टेस्ट क्रिकेट की लोकप्रियता लगातार घटती जा रही है। इसको लेकर अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) खास कदम उठाने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि टेस्ट क्रिकेट के लिए बोर्ड अलग से कोष तैयार करने पर विचार कर रहा है। इससे खिलाड़ियों की मैच फीस बढ़ाने में मदद मिलेगी और उन्हें टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा।

### आईसीसी उठा सकता है बड़ा कदम

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टेस्ट क्रिकेट के लिए कम से कम 150 लाख अमेरिकी डॉलर का अलग से कोष तैयार करने पर विचार कर रहा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इस तरह का प्रस्ताव रखा है जिसे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) का समर्थन हासिल है। शाह अभी आईसीसी अध्यक्ष बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं।

### क्रिकेटरों को मिलने की उम्मीद

इस कोष से टेस्ट क्रिकेटरों की न्यूनतम मैच फीस में बढ़ोतरी होगी और यह विदेशी दौरों पर टीमों को भेजने की लागत को कवर करेगा। इससे वेस्टइंडीज जैसे क्रिकेट बोर्ड को मदद मिलेगी जिसके खिलाड़ी के टेस्ट क्रिकेट के बजाय वैश्विक टी20 प्रतियोगिताओं में खेलने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# वॉर्न की मौत मेरे परिवार से किसी को खोने जैसा, भारत के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव हुए भावुक







**मेलबर्न , एजेंसी।** कुलदीप ने हाल ही में टीम इंडिया के साथ टी20 विश्व कप जीता था। उनकी ऑस्ट्रेलिया की यह यात्रा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से कुछ महीने पहले हो रही है। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत 22 नवंबर को पर्थ में होने वाली है। भारत के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने खुलासा किया है कि दो साल पहले ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज शेन वॉर्न की मौत से उन्हें गहरा झटका लगा था। कुलदीप ने बताया कि वॉर्न के निधन पर उन्हें परिवार के किसी सदस्य को खोने जैसा महसूस हुआ था। उनका कहना है कि वॉर्न और उनके बीच एक मजबूत संबंध था। परिवार के साथ ऑस्ट्रेलिया घूमने गए कुलदीप ने अपने आदर्श के घरेलू मैदान प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) का दौरा किया। वहां उन्होंने स्टेडियम के बाहर वॉर्न की प्रतिमा के साथ फोटो भी खिंचवाई। कुलदीप ने कहा, शेन वॉर्न मेरे आदर्श थे और मेरा उनके साथ बहुत गहरा रिश्ता था। जब भी मैं वॉर्न के बारे में सोचता हूं तो मैं भावुक हो जाता हूं। ऐसा लगता है जैसे मैंने अपने परिवार से किसी को खो दिया है। हालांकि, कुलदीप ने इस दिग्गज के साथ अपने समीकरण के बारे में विस्तार से नहीं बताया। वॉर्न की 2022 में थाईलैंड में छुट्टियों के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई थी।

**बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को लेकर कुलदीप का बयान** - कुलदीप ने हाल ही में टीम इंडिया के साथ टी20 विश्व कप जीता था। उनकी ऑस्ट्रेलिया की यह यात्रा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से कुछ महीने पहले हो रही है। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत 22 नवंबर को पर्थ में होने वाली है। उन्होंने कहा, मैं बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का इंतजार कर रहा हूं और हम इस साल ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच एक शानदार क्रिकेट प्रतियोगिता की उम्मीद कर रहे हैं। घुटने की चोट से वापसी करने के बाद कुछ साल बेहतरीन बिताने वाले कुलदीप ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) मुख्यालय का भी दौरा किया और सीईओ निक हॉकले से ऑनलाइन बातचीत की। उन्होंने भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के अटूट समर्थन को भी स्वीकार किया। कुलदीप ने कहा, दुनिया भर में भारतीय क्रिकेट प्रशंसक हमेशा टीम का समर्थन करते हैं और मुझे विश्वास है कि वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए बड़ी संख्या में आएंगे, खासकर बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान। एमसीजी 26 दिसंबर से बॉक्सिंग डे टेस्ट की मेजबानी करेगा।



## मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच दो सितंबर को लखनऊ में मुकाबला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एआईएफएफ ने मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच मैच के आयोजन का प्रस्ताव रखा और राज्य सरकार ने इसे मंजूर कर लिया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हाल ही में लगाई फ्लड लाइट का परीक्षण किया गया है।नवाबों का शहर लखनऊ पहली बार देश के नामी फुटबाल क्लबों मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच मैच की मेजबानी को तैयार है। परंपरागत प्रतिद्वंद्वियों के बीच होने वाला यह मुकाबला दो सितंबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। प्रदेश के खेल निदेशक आरपी सिंह ने बताया कि कृत्रिम रोशनी में होने वाले हाईवोल्टेज मैच के लिए तैयारियां पूरे जोरों पर हैं। प्रदेश में फुटबाल के बढ़ावे के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी मैच देखने के लिए आने की संभावना है। दस हजार से ज्यादा दर्शकों के स्टेडियम में उपस्थित होने की उम्मीद है। खेल निदेशक ने बताया कि अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की थी और उत्तर प्रदेश में फुटबाल को बढ़ावे को लेकर बातचीत हुई थी। एआईएफएफ ने मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच मैच के आयोजन का प्रस्ताव रखा और राज्य सरकार ने इसे मंजूर कर लिया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हाल ही में लगाई फ्लड लाइट का परीक्षण किया गया है और ड्रेसिंग रूम और अन्य सुविधाओं की भी व्यवस्थाओं को देखा जा रहा है। दोनों टीमें एक सितंबर को लखनऊ पहुंच जाएंगी।

## मुंबई हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखायेंगे तेंदुलकर, भाग लेंगे 20,000 प्रतिभागी



**मुंबई**-महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर रविवार को यहां होने वाली मुंबई हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर शुरू करेंगे जिसमें 6,000 से ज्यादा महिलाओं सहित करीब 20,000 प्रतिभागियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। तेंदुलकर यहां बांद्रा कुर्ला परिसर में सुबह पांच बजे मैराथन की मुख्य रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसकी 10के रेस में सबसे ज्यादा 8,000 से अधिक पंजीकरण हुए हैं जबकि 21के (21 किमी) हाफ मैराथन में 4,000 धावक उतरेंगे जिसमें महाराष्ट्र के अलावा अन्य एलीट एथलीट शिरकत करेंगे। वहीं 5के रेस में 5,000 धावक और 3के रेस में 3,000 से ज्यादा प्रतिभागी होंगे। रेस में भारतीय नौसेना के भी 1,500 धावक हिस्सा लेंगे जबकि आयोजकों ने बताया कि इस साल महिला प्रतिभागियों की संख्या में 31 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। तेंदुलकर ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'हमारा लक्ष्य दौड़ने को फिटनेस के एक साधन के रूप में बढ़ावा देना है और इस दृष्टिकोण को जीवन में लाना है। इस साल मुंबई हाफ मैराथन के लिए पंजीकरण में उल्लेखनीय वृद्धि देखना

# नीरज सर्वश्रेष्ठ 89.49 मीटर थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर

### फाइनल के लिए क्वालीफाई किया




**लुसाने, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा गुरुवार को लुसाने डायमंड लीग में अपने छठे और अंतिम थ्रो में 89.49 मीटर की दूरी तय करके दूसरे स्थान पर रहे। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने अपने 90.61 मीटर के अंतिम थ्रो के साथ और जर्मनी के जूलियन वेबर ने 88.37 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ क्रमशः पहला और तीसरा स्थान हासिल किया। यह चोपड़ा का इस सीज़न का सर्वश्रेष्ठ और अब तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। पेरिस में उन्होंने 89.45 मीटर की दूरी तय की। चोपड़ा थ्रो के चौथे राउंड के अंत तक चौथे स्थान पर थे, और वह अपने पांचवें थ्रो में 85.58 मीटर की थ्रो के साथ शीर्ष तीन में पहुंच गए और अगले महीने ब्रुसेल्स में होने वाले डायमंड लीग 2024 के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया।

चौथा स्थान यूक्रेन के अर्तुर फेलनर ने हासिल किया, जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 83.38 मीटर था। इससे पहले पेरिस ओलंपिक में, हालांकि चोपड़ा स्वर्ण नहीं जीत सके, फिर भी उन्होंने भारत के लिए इतिहास रचा, पहलवान सुशील कुमार के बाद ओलंपिक में लगातार पदक जीतने वाले दूसरे पुरुष और कुल मिलाकर तीसरे खिलाड़ी बने, सुशील ने 2008 और 2012 के ओलंपिक खेल कांस्य और रजत पदक जीता। पी.वी. सिंधु लगातार ओलंपिक में पदक जीतने वाली अन्य भारतीय हैं, 2016 में रियो में रजत और टोक्यो 2020 में कांस्य पदक। पेरिस में, चोपड़ा ने 89.45 मीटर तक भाला फेंका, जो 87.58 मीटर में स्पष्ट सुधार था जिसने उन्हें टोक्यो में स्वर्ण पदक दिलाया, लेकिन यह मौजूदा विश्व चैंपियन और डायमंड लीग फाइनल विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुआ, जो उनके अच्छे दोस्त हैं । नदीम ने 92.97 मीटर के विशाल थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतने का ओलंपिक रिकॉर्ड बनाकर उन्हें पीछे छोड़ दिया।



### अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप

## अदिति, नेहा, पुलकित और मानसी विश्व चैंपियन बनीं, जीते स्वर्ण पदक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत को इस चैंपियनशिप में और पदक मिल सकते हैं। राज बाला (40 किग्रा) कांस्य पदक के प्लेऑफ में खेलेंगे जबकि मुस्कान (53 किग्रा) और रंजिता (61 किग्रा) के पास भी रेपचेज राउंड के जरिए कांस्य पदक जीतने का मौका है। भारतीय महिला पहलवान अदिति कुमारी (43 किग्रा), नेहा (57 किग्रा), पुलकित (65 किग्रा) और मानसी लाठेर (73 किग्रा) गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित कैडेट्स टूर्नामेंट के अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अंडर-17 की विश्व चैंपियन बन गईं। इसके अलावा काजल (69 किग्रा) और श्रुतिका शिवाजी पाटिल (46 किग्रा) ने भी फाइनल में जगह बनाकर अपने पदक किए। उनके फाइनल मैच शुक्रवार को होंगे।

### अदिति और नेहा ने जीते पदक

भारत को इस चैंपियनशिप में और पदक मिल सकते हैं। राज बाला (40 किग्रा) कांस्य पदक के प्लेऑफ में खेलेंगे जबकि मुस्कान (53 किग्रा) और रंजिता (61 किग्रा) के पास भी रेपचेज राउंड के जरिए कांस्य पदक जीतने का मौका है। 49 किग्रा वर्ग में पहलवान नहीं उतारने के बावजूद भारत की महिला टीम ट्रॉफी जीतना अब तय माना जा रहा है। अदिति ने यूनान की मारिया लौइजा गिकिका को खिताबी मुकाबले में 7-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, नेहा ने फाइनल में जापान की सो सुतसुई को पछाड़ दिया। नेहा ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में अपनी प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया।

### पुलकित और मानसी ने भी जीता स्वर्ण

पुलकित ने तटस्थ एथलीट के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रही डारिया फ्रोलोवा पर 6-3 से जीत हासिल की। वह 5-0 से आगे चल रही थीं, लेकिन मुकाबले के अंत में उन्होंने 'पुशआउट प्वाइंट' और सावधानी बरती जिससे फ्रोलोवा को तीन अंक हासिल करने का मौका मिल गया। फ्रोलोवा ने जीत हासिल करने के लिए काफी प्रयास किया, लेकिन पुलकित ने अंतिम 20 सेकंड में अच्छा बचाव करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। मानसी ने फाइनल में हन्ना पिरस्काया को 5-0 से हराया। इससे पहले भारत ने ग्रीको रोमन शैली में दो कांस्य पदक भी जीते थे जिसमें रौनक दहिया और साईनाथ शामिल थे।

## शीर्ष पैदल चाल एथलीट भावना पर लगा 16 महीने का प्रतिबंध




**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल की पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी भावना को पिछले साल अगस्त में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने अस्थायी रूप से निलंबित किया था और उन्हें बुडापेस्ट से वापस बुला लिया गया था जहां वह 2023 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए पहुंची थीं।भारत की शीर्ष पैदल चाल एथलीट भावना जाट मुश्किलों में घिरती नजर आ रही हैं और उन पर नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक (एडीडीपी) पैनल ने 16 महीने का प्रतिबंध लगाया है। जानकारी के मुताबिक, भावना पर प्रतिबंध पिछले साल अगस्त में ठिकाने की जानकारी नहीं देने के लिए लगाया गया है। हालांकि उनका 16 महीने के प्रतिबंध का समय अस्थायी निलंबन की तारीख 10 अगस्त 2023 से शुरू हुआ। इस प्रकार उनका प्रतिबंध इस साल 10 दिसंबर को समाप्त हो जाएगा। महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल की पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी भावना को पिछले साल अगस्त में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने अस्थायी रूप से निलंबित किया था और उन्हें बुडापेस्ट से वापस बुला लिया गया था जहां वह 2023 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए पहुंची थीं।

## शाकिब अल हसन और शेख हसीना पर लगा मिल मजदूर की हत्या का आरोप

### भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलने पर बना सस्पेंस

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन पर एक कपड़ा फैक्ट्री कर्मचारी की हत्या में कथित रूप से शामिल होने का आरोप लगाया गया है। क्रिकेटर के खिलाफ दर्ज की गई शिकायत की जानकारी तब सामने आई है जब बांग्लादेश की टीम पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही है और इसमें शाकिब भी हिस्सा ले रहे हैं। कथित तौर पर शाकिब अल हसन के अलावा बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना पर भी हत्या का आरोप लगाया गया है जो कुछ दिनों पहले बांग्लादेश छोड़कर चली गई थीं।




**शाकिब पर लगा हत्या का आरोप** - बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ये केस पीड़ित के पिता के द्वारा दर्ज कराई गई थी। आपको बता दें कि शाकिब अल हसन आवामी लीग पार्टी के सांसद हैं। बांग्लादेश में आई राजनीतिक संकट के बाद आवामी लीग पार्टी की सरकार को भंग कर दिया गया था और इसके बाद पूर्व प्रधामंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर भारत में शरण लेना पड़ा था। इस हत्या के केस में शाकिब अल हसन, शेख हसीन के अलावा अन्य आरोपियों में ओबैदुल कादर और 154 अन्य शामिल हैं साथ ही 400-500 अज्ञात लोग भी इसमें आरोपी हैं। केस स्टेटमेंट के मुताबिक 5 अगस्त को रूबेल ने (जिसकी हत्या हुई) अडाबोर में रिंग रोड पर एक विरोध रैली में हिस्सा लिया था। रैली के दौरान किसी ने कथित तौर पर एक सुनियोजित साजिश के तहत भीड़ पर गोलियां चलाईं। इस दौरान रूबेल को सीने और पेट में गोली लगी और उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी तरफ बांग्लादेश क्रिकेट टीम को सितंबर में भारत के दौरान पर आना है, लेकिन हत्या का केस दर्ज होने के बाद शाकिब इस दौरे के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं ये बड़ा सवाल है। शाकिब अल हसन इस महीने की शुरुआत में कनाडा में जीटी20 में हिस्सा लेने के बाद सीधे पाकिस्तान में टेस्ट सीरीज खेलने चले गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक शाकिब अल हसन को अंतरिम सरकार के द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेने की अनुमति दी गई थी और वो इस वक्त 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं।

## 6 दिन का होगा न्यूजीलैंड और श्रीलंका का पहला टेस्ट मैच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टेस्ट क्रिकेट पांच दिन का होता है। सालों से यह फॉर्मेट इसी तरह खेला जाता है। हालांकि श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच होने गाले स्टेडियम होने वाला टेस्ट मैच पांच वहीं बल्कि छह दिन का होगा। इस मैच के बीच एक दिन रेस्ट डे दिया गया है। पहले भी कई बार अलग-अलग वजहों से मैच के बीच रेस्ट डे रखा गया है। श्रीलंका और न्यूजीलैंड बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जानी है। सीरीज का पहला मैच 18 सितंबर से शुरू होगा। यह मैच 18 से 22 सितंबर तक चला था। हालांकि यह मैच 23 सितंबर तक चलेगा। 21 सितंबर को रेस्ट डे रखा गया है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए इसकी वजह बताई। रिलीज में लिखा गया, 'पहले टेस्ट मैच के दौरान रेस्ट डे रखा गया है। सोशलिस्ट रिपबल्कि ऑफ श्रीलंका में राष्टपति के चुनावों के कारण यह फैसला किया गया है।'



### पैरालंपिक 2024

## बहुत मोटिवेशनल है लैंडमाइन धमाके में जिंदा बचे नारायण और ट्रेन दुर्घटना में पैर गंवाने वाली अनीता की कहानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हर पैरा-एथलीट की कहानी में शारीरिक और मानसिक चुनौतियां, सामाजिक मान्यता मिलने की लड़ाई और अविश्वसनीय बाधाओं पर विजय पाना शामिल होता है। लैंडमाइन ब्लास्ट (बारूदी सुरंग धमाके) से बचे नारायण कोंगनापल्ले और रेल दुर्घटना में पैर गंवाने वाली अनीता की कहानी भी बहुत मोटिवेशनल (प्रेरणादायी) है, खासकर उन लोगों के लिए जो शारीरिक कमी को अपनी लाचारी मान लेते हैं। नारायण कोंगनापल्ले और अनीता 2024 पेरिस पैरालंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। नारायण और अनीता पेरिस में पैरा-रोइंग में क्क्ठ मिक्स्ड डबल स्कल्स में हिस्सा लेंगे। यह पहली बार होगा जब भारत पैरालंपिक में नए बोट क्लास (रोइंग) में हिस्सा लेगा।




**दो साल पहले एक-दूसरे से मिले नारायण और अनीता** - आंध्र प्रदेश के रहने वाले नारायण 2018 से प्रतिस्पर्धी रोइंग में हैं, लेकिन अनीता के साथ उनकी साझेदारी 2022 में ही शुरू हुई, जब उन्हें 2023 एशियाई खेलों और 2024 पैरालंपिक के कार्यक्रम के कारण महिला टीममेट की तलाश करनी पड़ी, क्योंकि वहां क्क्ठ पुरुष युगल स्पर्धा को शामिल नहीं किया गया था, लेकिन क्क्ठ मिक्स्ड डबल्स को जगह दी गई थी। क्क्ठ उन रोवर्स की श्रेणी है, जो रोइंग के लिए अपने पैर, धड़ और हाथ के साथ-साथ स्लाइडिंग सीट का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कबीर फारूकी की स्पेशलटास्क फोर्स के साथ वापसी

**मुंबई, एजेंसी।** इस शो में बहादुरी, धोखा, लालच, प्यार और बदले की कहानियाँऐक्शन से भरपूर होंगी। इस बार कबीर और स्पेशलटास्क ग्रुप (एसटीजी) के सामने एक नया खतरा है, क्योंकिएआई-दमिश्क नाम का एक नौजवान बदला लेने के लिये कश्मीर आया है। क्याएसटीजीकश्मीर के आम लोगों को बचा पाएगा अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित 'तनाव' इजराइल के 'फौदा' का ऑफिशियलरिमेक है। अवि इसाचारोफ और लियोररैज़ द्वारा निर्मित और यसस्टूडियोज द्वारा वितरित इस शो का निर्देशन पुरस्कार-विजेता सुधीर मिश्रा और ई. निवास ने किया है। इस शो के बेहतरीन कलाकारों में मानव विज, गौरव अरोड़ा, अरबाज़ खान, सत्यदीपमिसरा, रजत कपूर, सुखमणिसदाना, साहिबा बाली, अर्सलानगोनी, अमित गौड़, एकता कौल और वालुस्चाडिसूजा शामिल हैं। 'तनाव 2' को देखना वाकई यादगार होगा।

### मुरली शर्मा ने अपने प्यार नंदिनी सिन्हा के लिये एक खूबसूरत कविता लिखी

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी लिव की नई पेशकश 'पहला प्यार -1 प्रतिशत चांस' के सेट पर प्यार परवान चढ़ रहा है! यह शो पहले प्यार की रोलरकोस्टर राइड है। इसमें दिखाई गई मासूमियत और जज्बातों ने दर्शकों को आहें भरने पर मजबूर कर दिया है। नये एपिसोड में टैलेंटेड एक्टर कृष राव द्वारा अभिनीत मुरली शर्मा को नंदिनी के लिये अपनी भावनाओं से जूझते और नये स्कूल के मुताबिक ढलते हुए देखा जा सकता है। नंदिनीके साथ एक नाटक में भाग लेते हुए, मुरली उसके लिये एक खूबसूरत कविता लिखता है। लेकिन इसमें एक ट्विस्ट है! स्क्रिप्ट से कुछ हटकर काम करते हुए, कृष भी भावुक हो गये और उनके भीतर का कवि जाग गया। मुरली की सोच में डूबकर उन्होंने भी एक छंद लिख डाला। दिल से लिखी उनकी पंक्तियाँ सेट पर गूंजने लगीं और उनके साथी कलाकारों तथा क्रू ने जमकर तालियाँ बजाईं। खासकर यह अरिस्ता को बहुत पसंद आया। नये एपिसोड के बारे में, कृष राव ने कहा, ''एक सीन में मुझे नंदिनी के लिये कविता लिखनी थी। चूंकि मुरली के जज्बात नंदिनी के लिये गहरे हैं, इसलिये मुझे लगा कि अगर यह कविता दिल से निकले, तो बात ही अलग होगी। मैं खुद कविता लिखने बैठ गया और जब मैंने उसे सेट पर पढ़ा, तब हर किसी को वह पसंद आई, खासकर अरिस्ता को! दर्शक हमारे जरिये अपने स्कूल के दिनों को याद कर रहे हैं और जबर्दस्त रिस्पॉन्स दे रहे हैं!

### छत्तीसगढ़ में आदिवासी युवती से हुआ गैंग रेप, फरार आरोपी की ओडिशा में लाश बरामद

**रायगढ़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले मे आदिवासी युवती का गैंग रेप करने वाले आरोपियों में से एक फरार शख्स की लाश बरामद हुई है। पुलिस को उसकी लाश पड़ोसी राज्य ओडिशा में बरामद हुई है। बताया जा रहा है कि वो अपने मामा के घर में छुपा हुआ था। करंट लगने से उसकी मौत हो गई है। रायगढ़ के पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला ने बताया कि फरार आरोपी की मौत हो गई है। वह अब तक ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में रेंगाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सराईपाली गांव स्थित अपने मामा के घर में छुपा था। उन्होंने बताया कि उसकी मौत जंगली जानवरों से फसल की सुरक्षा के लिए बिछाए गए करंट प्रवाहित बिजली के तार की चपेट में आने से हो गई है। फिलहाल रेंगाली पुलिस मौके पर पहुंच गई है और तार बिछाने वाले के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। साथ ही आरोपी की लाश को अस्पातल में पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला ने बताया कि सामूहिक बलात्कार के इस मामले में कुल आठ आरोपी थे। इसमें से 15 साल के एक नाबालिग समेत सात लोगों को पकड़ लिया गया है। आठवां फरार आरोपी संजय यादव (18) पुलिस से बचने के लिये ओडिशा चला गया था। शुक्ला ने बताया कि सामूहिक बलात्कार के इस मामले मे पीड़िता (27) के बयान के बाद आठ आरोपियों में से सात को पकड़ा जा चुका है तथा एक की मौत हो गई है। गिरफ्तार लोगों मे राहुल चौहान (19), मोनू साहू (23), राहुल खड़िया (19), उत्तम मिर्धा (20), नरेन्द्र सिदार (23)और बबलु डहरिया (19) को कल न्यायिक रिमांड मे जेल भेजा गया है।

# कांग्रेस का आरोप, भाजपा नेताओं की मिलीभगत से गुजरात में चल रहा नशीली दवाओं का कारोबार

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात में कांग्रेस विधायक दल के नेता अमित चावड़ा ने गुरुवार को आरोप लगाया कि सत्ताधारी भाजपा नेताओं की मिलीभगत से राज्य में नशीली दवाओं का कारोबार चल रहा है, और प्रतिबंध के बावजूद यहां शराब पानी से ज्यादा उपलब्ध है।



विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन गुरुवार को कांग्रेस विधायकों के निलंबन के बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए यह बात कही। विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी ने सदन से वॉकआउट करने के बाद 11 कांग्रेस विधायकों को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया। अमित चावड़ा ने आरोप लगाया कि सरकार नहीं चाहती थी कि सदन में गुजरात शराबबंदी कानून पर चर्चा हो, इसलिए स्पीकर ने कांग्रेस विधायकों निलंबित कर दिया।

उन्होंने कहा, गुरुवार को विधानसभा में शराबबंदी कानून पर चर्चा होनी थी। गुजरात में शराबबंदी के बावजूद पीने के पानी से ज्यादा शराब उपलब्ध है। हर जगह खुलेआम ड्रग्स बिक रही है। गुजरात के अंदर कई दवा कंपनियों की आड़ में ड्रग्स का निर्माण हो रहा है। ड्रग तस्कर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ देखे जा रहे हैं। भाजपा के लोगों की मिलीभगत से पूरे गुजरात में ड्रग्स का कारोबार चल रहा है। उन्होंने कहा कि ये लोग विधानसभा में इन मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं होने देते, क्योंकि इससे भाजपा सरकार की पोल खुल जाएगी। इसलिए, आज कांग्रेस विधायकों को बहुमत के बल पर विधानसभा से निलंबित किया गया है ताकि उनका भ्रष्टाचार उजागर न हो। सरकार के प्रवक्ता और गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने विपक्ष के आरोपों को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दाहोद की घटना को लेकर सदन में नियमों के खिलाफ आचरण किया और प्लेकार्ड लेकर आए। इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

गुजरात विधानसभा के स्पीकर ने आज मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के 11 विधायकों को सदन से वॉकआउट करने के बाद एक दिन के लिए निलंबित कर दिया। तीन दिवसीय मानसून सत्र के दूसरे दिन विपक्षी पार्टी के ये विधायक अल्प सूचना पर कुछ सवाल पूछना चाहते थे, लेकिन स्पीकर शंकर चौधरी ने उनकी मांग खारिज कर दी।

## एबीवीपी को पसंद नहीं आया लेफ्ट समूह पर बैन, यूनिवर्सिटी के खिलाफ खोला मोर्चा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान में अपने वैचारिक प्रतिद्वंद्वी प्रोग्रेसिव स्टूडेंट्स फोरम के पक्ष में आवाज उठाई और कहा कि वामपंथी संगठन पीएसएफ को प्रतिबंधित करने का संस्थान का फैसला तर्कहीन है। एबीवीपी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक गतिविधियों का गढ़ होना चाहिए। एबीवीपी ने गुरुवार को कहा कि छात्र समूह पीएसएफ पर अचानक और तर्कहीन प्रतिबंध लगाने से ऐसे संगठनों में काफी अशांति पैदा होने का खतरा है। एबीवीपी ने कहा कि इस तरह के कदम से भविष्य में होने वाले छात्र परिषद चुनावों की शुचिता पर गंभीर असर पड़ सकता है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला हैं। केंद्रीय शिक्षा




मंत्रालय के अधीन आने वाले प्रमुख संस्थान टीआईएसएस ने पीएसएफ पर 19 अगस्त को प्रतिबंध लगाते हुए कहा था कि यह संगठन ऐसी गतिविधियों में शामिल रहा है जो संस्थान के कामकाज में बाधा डालती हैं और इसकी छवि खराब करती हैं। एबीवीपी ने कहा कि उसका दृढ़ता से यह मानना है कि शैक्षणिक संस्थानों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक गतिविधियों का गढ़ होना चाहिए।

उसने कहा कि छात्र समुदाय के विविध विचारों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न छात्र संगठनों की उपस्थिति आवश्यक है। एबीवीपी की सचिव निधि गाला ने कहा, टीआईएसएस में छात्र संगठनों पर अचानक और अनुचित प्रतिबंध इन सिद्धांतों पर सीधा हमला है। टीआईएसएस के दक्षिणपंथी छात्र संगठन डेमोक्रेटिक सेक्युलर स्टूडेंट्स फोरम (डीएसएसएफ) ने भी कहा कि परिसर में संगठनों पर प्रतिबंध लगाना उस मूल पर प्रहार करना है जो इस प्रमुख संस्थान को अग्रणी शिक्षण संस्थान बनाता है।

## हिमंत बिस्वा सरमा मुसलमानों के खिलाफ बेतुकी बयानबाजी करते हैं : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात

**बरेली, एजेंसी।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने असम में मुस्लिम निकाह काजियों के पंजीकरण न होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा मुसलमानों के खिलाफ बेतुकी बयानबाजी करते हैं और कानून बनाने की बात करते हैं। इससे पूरे देश के मुसलमान तनाव से गुजर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री हर नए दिन मुसलमानों के खिलाफ दुष्प्रचार करते हैं। वह असम विधानसभा में एक विधेयक लाने की बात कर रहे हैं और एक नया कानून बनाने का प्रावधान किया है। इस कानून के माध्यम से वह इस्लामी रीति-रिवाजों के अनुसार निकाह की मान्यता रद्द करने और इसे सरकार द्वारा पंजीकृत करने का प्रावधान ला रहे हैं।

उन्होंने कहा, सीएम की मंशा है कि जो भी इस्लामी रीति रिवाज है उसे खत्म कर दिया जाए और इस बहाने मुसलमानों को परेशान किया जाए। इस देश में हिंदुत्ववादी दृष्टिकोण रखने वाले मुख्यमंत्री और राजनीति का दुरुपयोग करने वालों की सत्ता ज्यादा दिन नहीं चलती।

उल्लेखनीय है कि असम में मुसलमानों की शादी और तलाक को लेकर जल्द ही बहुत कुछ बदलने वाला है। असम की भाजपा सरकार विधानसभा में एक विधेयक पेश करने की तैयारी में है। इस विधेयक के आने से मुस्लिम शादियों का पंजीकरण काजी नहीं बल्कि सरकार के समक्ष होगा।

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार मुस्लिम लोगों के विवाह और तलाक के अनिवार्य सरकारी पंजीकरण के लिए विधानसभा के आगामी सत्र में यह विधेयक पेश करेगी। सरमा ने कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया को बताया कि सरकार आगामी सत्र के दौरान असम अनिवार्य मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण विधेयक, 2024 पेश करेगी। यह सत्र आज से शुरू हो गया है।

### ओपीएस पर सरकारी कर्मचारियों से बात करेंगे पीएम मोदी

**नईदिल्ली , एजेंसी।** केंद्र और राज्य सरकारों के कर्मचारी लगातार कई वर्षों से पुराने पेंशन स्कीम को फिर से बहाल करने की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर कई बार आंदोलन भी हो चुके हैं। विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने कई चुनावों में इसका वादा कर्मचारियों से किया है। इस बीच बीते 10 वर्षों में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्र सरकार के कर्मचारियों और कार्मिक मंत्रालय के राष्ट्रीय स्तर के संयुक्त परामर्श तंत्र (जेसीएम) में कर्मचारी प्रतिनिधियों से मिलेंगे। इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा करेंगे। कार्मिक मंत्रालय ने जेसीएम सचिव शिव गोपाल मिश्रा और जेसीएम के कर्मचारी पक्ष के अन्य सदस्यों को शनिवार को प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर पीएम से मिलने के लिए निमंत्रण भेजा गया है। बैठक में पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने का मुद्दा उठने की संभावना है। शिव गोपाल मिश्रा ने अंग्रेजी अखबार द हिंदू को बताया कि कर्मचारी प्रतिनिधियों ने पीएम मोदी से मुलाकात की मांग की थी।

## 2 साल में 2 लाख युवाओं को नौकरी देगी सरकार, सीएम योगी का बड़ा ऐलान

**मुजफ्फरनगर , एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस भर्ती में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नौजवानों की योग्यता और परीक्षा से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। यदि किसी ने ऐसा करने की कोशिश की तो उसकी संपत्ति कुर्क कर गरीबों में बांट दी जाएगी। ऐसे लोगों की संपत्ति पर बुलडोजर भी चलेगा। मुजफ्फरनगर में वृहद रोजगार मेले में मुख्यमंत्री ने कहा कि दो वर्षों में दो लाख युवाओं को नौकरी दी जाएगी। 60 हजार पुलिस भर्ती से इसकी शुरुआत हो रही है।



**महिला अपराधों पर लगाएं शत-प्रतिशत अंकुश :** गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने एक दिवसीय दौरे पर सहारनपुर और मुजफ्फरनगर में थे। सुबह सहारनपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले पुलिस लाइन में जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों संग बैठक की फिर सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। अफसरों को महिला अपराधों पर शत-प्रतिशत अंकुश लगाने और कठोर सजा दिलाने के आदेश दिए।

**हम कर रहे विकास, वो दे रहे नवाब ब्रांड:** मुजफ्फरनगर के जानसठ क्षेत्र स्थित बीईटी परिसर में रोजगार मेले को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग देश को तोड़ने और बांटने की साजिश रच रहे हैं, जिसे किसी कीमत पर पूरा नहीं होने दिया जाएगा। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसा कि भारत दुनिया की ताकत बन रहा है, जबकि अखिलेश यादव प्रदेश को नवाब ब्रांड दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने 157.78 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास और 158.14 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण किया।

## बोत्सवाना की खदान में मिला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 3106 कैरेट का हीरा

### 119 साल पहले दुनिया का सबसे बड़ा डायमंड खोजा गया था

**बोत्सवाना, एजेंसी।** अफ्रीकी देश बोत्सवाना में कनाडाई खनन कंपनी को बड़ी सफलता मिली है। उसने दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा डायमंड खोज निकाला है। यह हीरा 2492 कैरेट का बताया जा रहा है। बता दें कि कंपनी के अधिकारी इस खोज के बाद काफी खुश है। 119 साल पहले दुनिया का सबसे बड़ा डायमंड खोजा गया था। वह 3041 कैरेट का था। एक सदी से ज्यादा वर्षों के बाद यह सफलता मिली है। बोत्सवाना की खदानों में लुकारा डायमंड कॉर्प ने 2,492 कैरेट का हीरा खोजा है। इसे विश्व का दूसरा सबसे बड़ा हीरा बताया जा रहा है। यह दावा खनन कंपनी ने खुद किया है। लुकारा डायमंड कॉर्प ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि हीरे की खोज एक्स-रे तकनीक का उपयोग करके उत्तरपूर्वी बोत्सवाना के कारोवे डायमंड खदान में की गई। लुकारा ने इस खोज के बाद अभी हालांकि डायमंड की कीमत का खुलासा नहीं किया है और न ही डायमंड की गुणवत्ता के बारे में कोई जानकारी साझा की है। अगर दुनिया के सबसे बड़े डायमंड की बात की जाए तो 1905 में दक्षिण अफ्रीका में ही 3016 कैरेट के कलिनन हीरे की खोज की गई थी। लुकारा के अध्यक्ष विलियम लैम्ब ने बयान में कहा, हम इस असाधारण 2492 कैरेट के हीरे की बरामदगी से बहुत खुश हैं। कंपनी द्वारा जारी की गई तस्वीरों से पता चलता है कि हीरा हाथ की हथेली जितना बड़ा है। उधर, बोत्सवाना के राष्ट्रपति मोकगवीत्सी मासीसी को गुरुवार को यह विशाल हीरा दिखाया गया। उनकी सरकार ने कहा कि यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा डायमंड है। वे खुश हैं कि उनके देश में यह खोज हुई है। बता दें कि बोत्सवाना दुनिया के सबसे बड़े हीरा उत्पादकों में से एक है और यही इस देश की आय का मुख्य स्रोत है।

## ब्रिटिश यूट्यूबर को भारतीयों का मजाक उड़ाना पड़ा महंगा, परमाणु हमले की धमकी देने पर घिरे; हटानी पड़ी पोस्ट

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटिश यूट्यूबर माइल्स रूटलेज एक बार फिर चर्चाओं में है। उसने सोशल मीडिया मंच एक्स पर भारतीयों का मजाक बनाते हुए एक के बाद एक कई नस्लवादी टिप्पणियां की हैं। इतना ही नहीं भारत का मजाक बनाते हुए उसने देश पर परमाणु बम गिराने की बात तक कह दी। इससे सोशल मीडिया यूजर्स का गुस्सा भड़क गया है। लोगों ने नस्लवादी टिप्पणियों के लिए माइल्स की कड़ी आलोचना की। इस पर यूट्यूबर ने अपने पोस्ट हटा लिए।



**भारत पर गिरा दूंगा परमाणु बम:** रूटलेज ने अपने वीडियो में भारतीयों के बात करने के तरीके का भी मजाक उड़ाया। उसने एक अलग ट्वीट में भारत का मजाक बनाते हुए परमाणु हथियार लॉन्च करने की धमकी दी। उसने कहा, जब मैं इंग्लैंड का प्रधानमंत्री बनूंगा तो मैं ब्रिटिश हितों और मामलों में हस्तक्षेप करने वाली किसी भी विदेशी शक्ति को स्पष्ट चेतावनी के रूप में परमाणु साइलो खोलूंगा। मैं बड़ी घटनाओं के बारे में बात नहीं कर रहा हूं। मैं छोटे से छोटे उल्लंघन पर पूरे देश पर परमाणु हमला कर दूंगा। इसके थोड़ी देर बाद उसने इसी पोस्ट पर एक और कमेंट लिखा, अरे, मैं इसे सिर्फ भारत के लिए ही न्यूक्लियर लॉन्च कर सकता हूं।

**सोशल मीडिया पर भड़का लोगों का गुस्सा, तो यूट्यूबर ने की बदतमीजी:** इस बार ब्रिटिश यूट्यूबर ने ना सिर्फ भारतीयों पर नस्लवादी टिप्पणी की बल्कि इसके खिलाफ बोलने वाले लोगों का भी मजाक बनाया। माइल्स अपनी टिप्पणी पर खेद जताने की जगह उनसे सवाल पूछने वालों के लिए भी खराब भाषा का इस्तेमाल किया। एक यूजर ने यूट्यूबर पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया तो इस पर उसने जवाब देते हुए कहा, मानो या न मानो लेकिन मुझे भारत बिल्कुल पसंद नहीं है। मैं बिना नाम की आईडी के पीछे छुपे भारतीय को भी पहचान रहा हूं। अगर कोई ऑनलाइन आकर आपसे बदतमीजी करता है तो वह भारतीय होता है। ऐसे में मैं भारतीयों को नापसंद करता हूं।

**तुम मुझे नहीं ढूंढ पाओगे:** माइल्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान तब खींचा, जब उन्होंने एक स्क्रीनशॉट साझा करके भारतीयों के खिलाफ नस्लवादी पोस्ट करना शुरू कर दिया।

पाकिस्तान की एक और शर्मनाक हरकत

# शहबाज से मिलने पहुंचीं जर्मन मंत्री को रोका, कहा- बैग की कराएं जांच

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** आर्थिक तंगहाली से जूझ रहा पाकिस्तान अपनी नापाक हरकत दिखाने से कभी पीछे नहीं रहता है। लगातार अपनी नीतियों की वजह से वैश्विक स्तर पर तमाम आलोचनाएं झेल रहे देश को अतिथियों का सम्मान भी नहीं करना आता है। दरअसल, पाकिस्तान में गुरुवार को जर्मनी की एक मंत्री का अपमान किया गया। वह पीएम शहबाज शरीफ से मिलने के लिए उनके आवास के प्रवेश द्वार पर पहुंची थीं, तभी वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उनका हैंडबैग मांग लिया। इस पूरी घटना का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। लोग पाकिस्तान की जमकर आलोचना कर रहे हैं।

**क्या है मामला?:** जर्मनी की संघीय विकास मंत्री स्वेंजा शुल्जे गुरुवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात के लिए पहुंचीं थीं। इसी दौरान उनके साथ एक अप्रत्याशित घटना घट गई।



दरअसल, प्रधानमंत्री आवास के प्रवेश द्वार पर सुरक्षा कर्मचारियों ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए शुल्जे से उनका हैंडबैग जांच के लिए सौंपने को कहा। इतना ही नहीं उनसे कहा गया कि वह बैग छोड़कर पीएम से मिलने जाएं। इस पर शुल्जे ने बैग देने से इनकार कर दिया और पीछे मुड़कर अपनी कार की ओर जाने लगीं। हालांकि, एक बड़ी राजनयिक बैठक रद्द होते देख सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें अपना हैंडबैग साथ ले जाने की अनुमति दे दी।

**सोशल मीडिया पर सुना रहे लोग खरी-खोटी:** सोशल मीडिया पर इसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिस पर यूजर्स अलग-अलग अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। लोग पाकिस्तान के विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के प्रति मेहमाननवाजी पर सवाल उठाने लगे हैं। शुल्ज़े के साथ हुए इस व्यवहार पर लोगों ने अपनी नाराजगी जताई और आलोचना की। कई लोगों ने कहा कि अगर शुल्जे ने वापस जाने का फैसला किया होता तो इससे पाकिस्तान के चल रहे आर्थिक वार्तालापों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता था।

एक सोशल मीडिया यूजर ने इस स्थिति का मजाक उड़ाते हुए कहा कि अगर शुल्जे लौट जातीं तो पाकिस्तान का भीख का कटोरा खाली रह जाता। वहीं, एक अन्य ने कहा कि उन्होंने अपनी ताकत और अधिकार का प्रदर्शन करने की कोशिश की, लेकिन शुल्जे ने उन्हें दिखा दिया कि वे उनके लिए अप्रासंगिक हैं। एक और शख्स ने कहा कि यह घटना उस राजनयिक दौरे पर एक धब्बा लगा चुकी है, जिसका उद्देश्य जर्मनी और पाकिस्तान के बीच सहयोग को मजबूत करना था। इसने पाकिस्तानी अधिकारियों द्वारा विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के साथ व्यवहार पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129